देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025 । वर्ष –69 । अंक –163 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ पाठ्यक्रम से हटाकर...
■ व्यापार की बदहाली... 04
■ सीजफायर हो जाएगा अगर... ताबड़तोड़...
■ अमेरिका ने यमन की जेल पर बरसा दिए... 09
■ भारत की सख्ती से पाकिस्तान में दवा से लेकर...
■ निचले भाव पर खरीद बढ़ने से चने में तेजी... 11
■ डीसी का लक्ष्य...
■ केएल राहुल टी-20... 10

**आईपीएल में आज**

TATA IPL

दिल्ली विरुद्ध
कोलकाता (दिल्ली)
7.30 शाम से

## पहलगाम आतंकी करतूत के बाद भारत की समंदर में सीधी चुनौती

# 26 राफेल मरीन विमान खरीदने हुआ 63,000 करोड़ का सौदा



### अब भारत के पास होंगे 62 राफेल युद्धक विमान

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पहलगाम आतंकी हमले के कुछ दिन बाद सोमवार को भारत और फ्रांस ने 63,000 करोड़ रुपये डील की है। यह डील भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल मरीन विमान खरीदने के लिए की गई है जिसके सौदे पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया, जहां नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल के स्वामीनाथन मौजूद थे। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुए इस सौदे को इस महीने की शुरुआत में पीएम मोदी की अगुवाई वाली सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने मंजूरी दे दी थी। जेट मुख्य रूप से स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत के डेक से संचालित होंगे।

समुद्री हमले, हवाई रक्षा और टोही मिशनों के लिए डिजाइन किए गए 26 राफेल-एम लड़ाकू विमान 37 से 65 महीनों में वितरित किए जाएंगे, जिसमें भारत को सौदे की कुल लागत का प्रारंभिक 15 प्रतिशत किस्त का भुगतान करना शामिल होगा। संयोग से, ओमनी-रोल 4.5-पीढ़ी के राफेल परमाणु हथियार पहुंचाने में भी सक्षम हैं, 70 किलोमीटर रेंज की एक्सोसेट एएम39 एंटी-शिप मिसाइलों के अलावा, राफेल-एम जेट आईएएफ संस्करण की तरह लंबी दूरी के सटीक स्ट्राइक हथियारों से लैस होंगे। 2022 में नौसेना द्वारा किए गए व्यापक परीक्षणों के बाद राफेल-एम अमेरिकी एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट पर अग्रणी के रूप में उभरा था। नौसेना के पास वर्तमान में 45 मिग-29 के जेट में से केवल 40 हैं, जिन्हें 2009 से 2 बिलियन डॉलर की लागत से रूस से शामिल किया गया था, जो अपने दो 40,000 टन से अधिक वजन वाले विमान वाहकों, पुराने रूसी मूल के आईएनएस विक्रमादित्य और नए स्वदेशी आईएनएस विक्रांत के डेक से संचालित होते हैं।

## मुख्यमंत्री कल करेंगे श्रमिक परिवारों को राशि वितरित



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 अप्रैल को धार जिले के उमरबन में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 27 हजार 523 प्रकरणों में राशि रूपये 600 करोड़ सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे। कार्यक्रम में श्रम व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि, हितग्राही उपस्थित रहेंगे।

- अनुग्रह सहायता योजना के 27,523 प्रकरणों में 600 करोड़ रूपये किये जाएंगे अंतरित
- धार जिले के उमरबन में होगा कार्यक्रम

मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 01 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में जहाँ एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा में शिक्षा हेतु सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

**सार संक्षेप**

## राष्ट्रपति मुर्मु ने पद्म पुरस्कार प्रदान किए



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में 2025 के लिए पद्म अवॉर्ड्स दिए। साल की पहली पद्म सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया। जबकि बाकी हस्तियों को जल्द ही एक अलग समारोह में सम्मानित किया जाएगा। सोमवार को हुई 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए। कला के क्षेत्र में साउथ फिल्मों के एक्टर अजीत, डायरेक्टर शेखर कपूर को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। वहीं गजल गायक पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान दिया गया। अवॉर्ड उनकी पत्नी फरीदा ने लिया। केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस से पहले 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया था।

## सरकार ने लगाया 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** सरकार ने भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेन्सियों के बारे में भड़काऊ, झूठे, भ्रामक और सांप्रदायिकत सद्भावना को बिगाड़ने वाली सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण करने वाले पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि यह प्रतिबंध केन्द्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर तत्काल प्रभाव से लगाया गया है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो-** कैशलेस योजना में देरी पर सुको ने सरकार को फिर फटकार लगाई है।

**चुहिया- हां प्रिये-** यह तो चलता रहता है। अदालत अपना काम करती है और सरकार अपने हिसाब से..।

# प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री ने की बैठक

**वायुसेना को तैयार रहने के आदेश**

**नई दिल्ली/जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक प्रधानमंत्री आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई। प्रधानमंत्री मोदी और रक्षामंत्री के बीच यह बैठक करीब 40 मिनट तक चली। पीएम मोदी के पास जाने से पहले रक्षामंत्री ने सोमवार को ही आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी से रक्षा मंत्रालय में मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख से सेना की तैयारी, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उठाए गए कदम और सीमाओं की स्थिति की जानकारी ली।

उधर पाकिस्तानी सेना की सीमा पर बढ़ती हलचल के मद्देनजर दो मिनट के भीतर भारतीय वायुसेना को तैयार रहने के लिए कहा गया है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, ऐसा कदम दोनों देशों के बीच आरंभ हुए वाक्युद्ध तथा सैनिक तैयारियों के मद्देनजर उठाया गया है। इस बीच सीमा पर पाकिस्तानी तैयारियों के मद्देनजर जहां हाई अलर्ट ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## पहलगाम में हुआ हमला कश्मीरियत पर हमला : उमर

### जम्मू-कश्मीर विस ने एक स्वर में की आतंकी हमले की निंदा

**जम्मू, (देशबन्धु)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- मेजबान होने के नाते मैं सुरक्षा के लिए जिम्मेदार था। इन लोगों के परिजन से मैं कैसे माफी मांगू। मेरे पास कोई शब्द नहीं है। विधानसभा में पास प्रस्ताव में कहा गया कि पहलगाम हमला कश्मीरियत पर हमला है। उमर ने कहा- जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा लोगों की चुनी हुई हुकूमत की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री होने के नाते मैंने इन्हें बुलाया था।

## 2 मई को सभी जिलों में मनेगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत 2 मई 2025 को प्रदेश में लाडली लक्ष्मी उत्सव जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाडली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाडली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाडली लक्ष्मी योजना मध्यप्रदेश सरकार की बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

- एक पेड़ लाडली लक्ष्मी के नाम अभियान में होगा पौध-रोपण

### सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा

## डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता मामले में एक्शन ले सरकार

### केंद्र बोला- नए नियमों पर काम जारी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को ऑनलाइन अश्लील कंटेंट की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार और 9 ओटीटी-सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि याचिका एक गंभीर चिंता पैदा करती है। केंद्र को इस पर कुछ कदम उठाने की जरूरत है। यह मामला कार्यपालिका या विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे भी हम पर आरोप हैं कि हम कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल देते हैं। फिर भी हम नोटिस जारी कर रहे हैं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट को लेकर कुछ रेगुलेशन पहले से मौजूद हैं। सरकार और नए नियम लागू करने पर विचार कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट विष्णु शंकर जैन पेश हुए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार से ह्ज्ञ्ज्ञ और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील कंटेंट पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि ऐसी सामग्री युवाओं और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।



## प्रधानमंत्री का सर्वदलीय बैठक में न आना शर्म की बात : खड़गे

**जयपुर, (एजेंसियां)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह देश की बदकिस्मती है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में वह शामिल नहीं हुए।

खड़गे आज यहां 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित कर रहे थे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दिल्ली में हुई सर्वदलीय बैठक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, कि यह हमारे देश की बदकिस्मती है कि बैठक में सभी पार्टी के लोग आए लेकिन मोदी जी नहीं आए। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है। उन्होंने कहा, 'देश के स्वाभिमान को जब धक्का लगा तो आप बिहार में चुनावी भाषण करते रहे लेकिन आप दिल्ली नहीं आ सके। क्या आपके लिए दिल्ली दूर है बिहार से बात तो बड़ी बड़ी करते हैं।

## कैशलेस योजना में देरी पर सरकार को फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मोटर दुर्घटना के पीड़ितों के इलाज के लिए कैशलेस योजना में देरी पर केंद्र सरकार को फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा कि आप बड़े-बड़े राजमार्ग बना रहे हैं, लेकिन वहां सुविधाओं के अभाव में लोग मर रहे हैं। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि 8 जनवरी के आदेश के बावजूद केंद्र न तो निर्देश का पालन किया और न ही समय बढ़ाने की मांग की।









# देश-विदेश

## महाराष्ट्र के भंडारा में हादसा, चार लोगों की मौत

**भंडारा।** महाराष्ट्र के भंडारा में एक सड़क हादसा सामने आया है, जहां चार लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। यह भीषण दुर्घटना मुंबई-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भंडारा शहर के निकट बेला गांव में बीती रात हुई। बताया जा रहा है कि एक बोलेरो गाड़ी रायपुर से नागपुर की ओर जा रही थी। जब गाड़ी बेला गांव के पास पहुंची, तभी नागपुर की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के समय गाड़ी में पांच लोग सवार थे, जिनमें से चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# जबलपुर, इंदौर, भोपाल में शराब कारोबारियों पर ईडी की दबिश

**जबलपुर।** आबकारी विभाग में फर्जी चालान लगाकर करोड़ों की शराब गोदाम से दुकान में ले जाने और बेचने वाले शराब ठेकेदारों के घर और दफ्तर में ईडी ने छापा मारा। छापे की कार्रवाई सोमवार सुबह जबलपुर के साथ इंदौर और भोपाल में भी हुई। जबलपुर में शराब ठेकेदार जायसवाल और चौकसे ग्रुप के घर और दफ्तर में प्रवर्तन निदेशालय की टीम पहुंची। इनके तार इंदौर और भोपाल के शराब कारोबारियों से जुड़े हैं। जांच दल ने मौके से शराब ठेके से जुड़े दस्तावेज, बैंक डिटेल और कम्प्यूटर हार्ड डिस्क व लैपटाप जब्त किया है। हालांकि जांच दोपहर को भी जारी रही।

**ठेकेदारों में भी मचा**

- एक साथ कई ठिकानों पर छापे मारे
- कहीं फर्जी चालान पकड़े, तो कहीं दस्तावेज जब्त किए
- बड़ी गड़बड़ी का हो सकता है खुलासा

**हड़कंप**-इधर कार्रवाई की खबर जबलपुर में आग की तरह फैली और आबकारी विभाग के अधिकारी से लेकर ठेकेदारों तक हड़कंप मच गया। जिले में करीब 130 से ज्यादा शराब दुकानें हैं, जिनका मार्च में ही करीब एक हजार करोड़ से ज्यादा का नया ठेका हुआ है। सूत्रों की मानें तो डीई के अधिकारी रात में ही जबलपुर पहुंच गए थे और उन्होंने जायसवाल और चौकसे समेत कई ठेकेदारों के यहां छापेमारी की। उनके घर और ठिकानों पर सुबह जांच दल पहुंचा। जानकारी के मुताबिक आठ अगस्त 2017 में इंदौर के रावजी पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर 172/2017 दर्ज की गई थी। ईडी ने आबकारी विभाग से आंतरिक जांच के आधार पर दर्ज प्राथमिकी के संबंध में विवरण उपलब्ध कराने को कहा था। **फर्जी चालान लगाने के प्रमाण मिले**-इस संबंध में ईडी ने एक पत्र लिखा, जिसमें लिखा गया था कि शराब ठेकेदारों से वसूली गई राशि, यदि कोई हो तो उसका विवरण उपलब्ध कराएं। सूत्रों की मानें तो वर्ष 2017 में यह पूरा प्रकरण सामने आया, जिसमें फर्जी चालान लगाने के प्रमाण मिले। ठेकेदारों ने आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत से करीब 71 करोड़ रुपए तक का फर्जीवाड़ा है। इंदौर जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में वर्ष 2015 से 2018 के बीच सरकारी गोदाम से शराब लेने के लिए इस्तेमाल हुए 194 बैंक चालानों में गड़बड़ी सामने आई थी। इसमें एक हजार के चालान में दो जीरो बढ़ाकर लाख कर किया और फिर उस चालान से ठेकेदारों ने गोदामों से उतनी ही राशि की शराब ली थी।

### यहां हुई छापेमारी

ईडी ने इस ठिकानों पर मारे छापे- इंदौर और भोपाल में छापेमारी की गई है। इनमें शराब ठेकेदार एमजी रोड समूह के अविनाश और विजय श्रीवास्तव, जीपीओ चौराहा समूह के राकेश जायसवाल, तोपखाना समूह के योगेंद्र जायसवाल, बायपास चौराहा देवगुराड़िया समूह राहुल चौकसे, गवली पलासिया समूह सूर्यप्रकाश अरोरा, गोपाल शिवहरे, लवकुश और प्रदीप जायसवाल के ठिकानों पर छापे पड़े हैं।

### 194 फर्जी चालान सामने आए

वर्ष 2018 में यह घोटाला सामने आया था, लेकिन उससे पहले तीन साल तक धीरे-धीरे सरकार के खजाने में सेंध लगाई जा रही थी। तब इंदौर में सहायक आबकारी आयुक्त संजीव कुमार दुबे थे। जमा चालानों का मिलान नहीं किया गया, इस कारण घोटाला लगातार जारी रहा और 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के चालानों की फर्जी एंट्री दिखाई गई। साल भर पहले ईडी ने इस घोटाले की जांच अपने हाथ में ली थी। इसके बाद अब छापे मारे जा रहे है।

# एक तरफ परमाणु हमले की धमकी, दूसरी तरफ पाकिस्तानी सेना में इस्तीफों की झड़ी

**राजौरी।** पाकिस्तानी सेना के जवान और अधिकारी, विशेषकर अपने परिवारों के दबाव और मौत के डर से, अपनी नौकरी छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं। पिछले दो दिनों में लगभग पांच हजार पाकिस्तानी जवान और अधिकारी अपनी-अपनी पोस्ट से इस्तीफा देकर घर लौट चुके हैं, और कई अन्य ने इस्तीफा देने की योजना बनाई है। इस स्थिति ने पाकिस्तानी सेना में हड़कंप मचा दिया है।

पाकिस्तानी सेना के उच्च अधिकारी लगातार सेना प्रमुख को पत्र लिखकर इस्तीफों की बढ़ती संख्या को रोकने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह सिलसिला नहीं रुका, तो जवानों का मनोबल गिर जाएगा, जिससे सेना को गंभीर नुकसान हो सकता है।

**लेफ्टिनेंट जनरल उमर बुखारी ने सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को लिखा पत्र**-सूत्रों के मुताबिक, पेशावर में स्थित पाक सेना की 11वीं कोर के कमांडर, लेफ्टिनेंट जनरल उमर बुखारी ने सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने 12वीं कोर के अधिकारियों और जवानों के इस्तीफों पर चिंता जताई। इस पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पश्चिमी सीमा पर तैनात सैनिकों के बीच इस्तीफों का संकट गहरा हो गया है।

पिछले दो दिनों में 200 से अधिक अधिकारी और लगभग 600 जवान नौकरी छोड़ चुके हैं। इसके अलावा, उत्तरी कमांड एरिया में 100 से अधिक अधिकारी और 500 जवान भी इस्तीफा देकर घर लौट चुके हैं। एलओसी पर तैनात मंगल कोर के 75 अधिकारी और 500 जवान भी इस्तीफा दे चुके हैं, और यह सिलसिला निरंतर बढ़ता जा रहा है।

पत्र में कहा गया है कि परिवारों के दबाव के कारण अधिकांश सैनिक और अधिकारी नौकरी छोड़ने को विवश हो रहे हैं। कुछ जवान तो मृत्यु के डर से भी इस्तीफा दे रहे हैं, और यह स्थिति खासतौर पर तब और गंभीर हो गई जब से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख से अपील की गई है कि वह इस स्थिति को संभालने के लिए उचित कदम उठाएं, ताकि जवानों का मनोबल टूटने से बच सके।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### दो मई को सभी ......

को सम्मान, शिक्षा और आत्म-निर्भरता के अवसर प्राप्त हों। ला?ली लक्ष्मी उत्सव एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। उन्होंने प्रत्येक जिला और निकाय स्तर पर कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं, जिससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और सशक्तिकरण का वातावरण तैयार हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाडली लक्ष्मी उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति साझा संकल्प है। ला?ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं ला?ली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, दीप प्रज्वलन, ला?ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और %अपराजिता% कार्यक्रम अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है। इस उत्सव के जरिये जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं तथा ला?ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक पे? ला?ली लक्ष्मी के नाम अभियान में जन-प्रतिनिधियों और बालिकाओं द्वारा पौध-रोपण भी किया जाएगा। साथ ही ला?ली बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम में ला?ली क्लब की सदस्य बालिकाएं अपने अनुभव भी साझा करेंगी।

### प्रधानमंत्री व रक्षामंत्री....

जारी किया गया है वहीं दोनों पक्षों के बीच एलओसी के कई सेक्टरों में होने वाली गोलाबारी थमी नहीं है। सेनाधिकारी इस बात की पुष्टि करते हैं कि पाक सेना ने जम्मू कश्मीर की सीमाओं पर अपने फौजियों की संख्यां में बढ़ौतरी की है साथ ही में कथित युद्ध की तैयारियों में वह जुटी है। जिस कारण थल व वायुसेना को 2 मिनट के भीतर तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। सेनाधिकारियों का कहना था कि सीमा पर बढ़ते खतरे के दृष्टिगत ऐसा करना आवश्यक है क्योंकि शत्रु पर विश्वास नहीं किया जा सकता है।


# निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार प्रेमसुख चक्रवर्ती पिता स्व. श्री सुखई लाल चकवर्ती उम्र लगभग 46 वर्ष निवासी म.नं. 1810 बम्बादेवी मार्ग कुम्हार मोहल्ला शीतलामाई वार्ड, जबलपुर के द्वारा अनुबंधित संपत्ति आवासीय उपयोग का मकान मौजा सूखा, नं.बं. 455, प.ह.नं. पुराना 23 नया 76 हल्का सूखा, रा.नि.मं महाराजपुर, तहसील पनागर व जिला जबलपुर में स्थित डायवर्टेड खसरा नं. 247 का भाग पर विकसित कालोनी, न्यू डोर एवेन्यू के प्राईवेट लेआउट का प्लाट नं. 40, का कुल विक्रय प्लाट रकवा 762 वर्गफुट (70.81 वर्गमीटर) खाली प्लाट को श्रीमती विनीता चौबे पति श्री संदीप चौबे उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी 104/3, टाईप-3 इष्ट लाईन खमरिया मानेगांव जिला जबलपुर से विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 14/05/2024 को क्रय करने का सौदा कर 4,00,000/- चार लाख रूपये क्रेता प्रेमसुख चक्रवर्ती द्वारा विक्रेता विनीता चौबे को अदा कर दिये गये हैं जिसका विक्रय पत्र होना शेष है किन्तु उसके पश्चात भी विनीता चौबे के द्वारा चोरी छिपे धोखाधड़ी करने के उद्देश्य से उक्त प्लाट विक्रय करने का प्रयास कर रहे है। अतः कोई भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था उक्त प्लाट को क्रय करने, बंधक, अनुबंध पत्र करने का सौदा विनीता चौबे से न करें तथा मेरा पक्षकार शीघ्र ही विनीता चौबे के विरूद्ध न्यायालीन कार्यवाही करेगा यदि कोई भी व्यक्ति विनीता चौबे से विक्रय अनुबंध करता है तो उनके विरूद्ध भी मेरे पक्षकार के द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

जबलपुर
दिनांक 28/04/2025

दिलीप कुमार प्रजापति
अधिवक्ता, म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर
म.नं. 1288, बल्दीकोरी की दफाई आचार्य विनोभा भावे वार्ड, जबलपुर म.प्र.

र.नं. 262 मो. नं. 9926343664

## Additional Judge to Civill Judge Class-I Presiding Officer:

सुश्री निधि जैन
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
**(RCS A /0000151/2019)**
भगवान देवी...वादी
**Vs**
सांई बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स राजेश्वर केशरवानी बगैरह...प्रतिवादी
**Process Id**-/ 2025
पेशी दिनांक.:-17/05/2025

प्रेषिती-(1) साई बिल्डर्स एण्ड डेवलपसर्स द्वारा राजेश्वर केशरवानी बगैरह पति स्व. जगदीश प्रसाद केशरवानी पता- निवासी पी.पी. कालोनी अवस्थी किराना स्टोर्स के पीछे नर्मदा रोड तहसील एवं जिला जबलपुर

यह कि प्रार्थी भगवान देवी ने आपके विरूद्ध सिविल सूट के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 28 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी - उपस्थिति हेतु समंस के साथ वाद पत्र एवं आवेदन पत्र आदेश 39 नियम 1 व 2 की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

सुश्री निधि जैन (जूनि.)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
कृति पाटन जिला- जबलपुर (म.प्र.)

## न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल जबलपुर

रा.प्र.क्र. / अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 24/3/25

### आम इश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामप्रसाद, लखन, राजेन्द्र श्याम पिता राजपाल राय निवासी बाई का बगीचा के द्वारा मौजा जबलपुर नजूल ब्लॉक नंबर... प्लॉट नं. 229/1 स्थित भूमि खसरा नंबर 345 में से रकबा 1272 वर्गफुट भूमि पर काशी प्रसाद की विक्रय दिनांक 30/03/1998 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती / वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 5/5/25 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 21/4/25
पेशी दिनांक 5/5/25

तहसीलदार
र.नं. 259 आधारताल, जबलपुर

## न्यायालय श्रीमान तहसीलदार (वृत्त -1) नरसिंहपुर
(पीठासीन - श्री अंकित मौर्य)

मोहकम सिंह वगैरह ....
आवेदकगण .... बनाम ...बारेलाल वगैरह .....अनावेदकगण
रा.मा.कं.-/अ-6/2024-25, पेशी दि. - 5/5/2025

**प्रकरण में उपस्थित होने के संबंध में नोटिस (अन्तर्गत आदेश 5 नियम 20 सी.पी.सी.)**

इस नोटिस के जरिये अनावेदकगण बारेलाल मेहरा लच्छू मेहरा, जमना प्रसाद मेहरा, श्रीमति सरसुत सभी आत्मज हरजा मेहरा, निवासी ग्राम मचवारा तहसील व जिला नरसिंहपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहकम सिंह वगैरह ने इस न्यायालय में मौजा मचवारा नं.ब. 448, प.ह.नं. 27 तहसील व जिला नरसिंहपुर स्थित भूमि ख.नं. 204/2 रकवा 0.024 हे. पर बैनामा दि. 11.5.1957 के आधार पर नामांतरण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया है। आप अनावेदकगण को ग्राम मचवारा में नोटिस न्यायालय की ओर से प्रेषित किये गये थे जो आप अनावेदकगण के ग्राम में निवास न करने की टीप के साथ वापिस आ प्राप्त हुए। प्रकरण में पेशी दिनांक 5.5.2015 को 2025 को आप अनावेदकगण की उपस्थिति हेतु नियत है इसलिए आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसे उपरोक्त प्रकरण के संबंध में जानकारी हो, के माध्यम से न्यायालय में अपना पक्ष रखने बावत् उपस्थित हों, यदि पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो आगामी दिवस में प्रकरण में कार्यवाही की जावेगी। न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।..

नरसिंहपुर,दि. 17.4.2025
**नायब तहसीलदार नरसिंहपुर वृत्त 01**

## आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 के अधीन रजिस्टर्ड फर्म मेसर्स ग्लोबल बिल्डर्स एण्ड प्रमोटर्स, पता- 1588, राइट टाउन, अपोजिट एम.एच. हॉस्पिटल, जबलपुर रजिस्ट्रेशन नं. 04/14/01/00080/11 दिनांक 14/06/2011 जिसमें (1) श्री शंभूदयाल बड़ेरिया पिता बी.एन. बड़ेरिया (2) सौरभ बड़ेरिया पिता श्री शंभूदयाल बड़ेरिया, एवं (3) राजीव बड़ेरिया पिता श्री शंभूदयाल बड़ेरिया तीनों निवासी 1752, सरस्वती कालोनी, जबलपुर भागीदार हैं एवं दिनांक 02 मई 2016 को (1) श्री संदीप विजन पिता स्व. गुलशन विजन निवासी 114/2, विजन महल, मण्डला रोड, तिलहरी, जबलपुर, (2) श्री विकास जैन पिता श्री छोटे लाल जैन निवासी- 242, नेपियर टाउन, जबलपुर व (3) श्री गोपी अडनानी पिता स्व. श्री एच.डी. अडनानी निवासी- वाहे गुरू टैक्सटाइल्स, प्रथम तल, दुलारी हॉट मार्केट, जवाहरगंज, जबलपुर को उक्त भागीदार फर्म में सम्मिलित किया गया, इस प्रकार फर्म में 6 भागीदार हो गये एवं दिनांक 19 अप्रैल 2025 को (1) श्री संदीप विजन (2) श्री विकास जैन व (3) श्री गोपी अडनानी जी व श्री शंभूदयाल बड़ेरिया जी स्वेच्छा से उक्त भागीदार फर्म से पृथक हो रहे हैं एवं वर्तमान में फर्म में कुल दो भागीदार (1) श्री सौरभ बड़ेरिया एवं (2) राजीव बड़ेरिया मात्र शेष हैं। अतः किसी फर्म/संस्था/ व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 07 दिवस के अंदर फर्म के कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

जबलपुर
दिनांक 26/04/2025

सौरभ बड़ेरिया, भागीदार
मेसर्स ग्लोबल बिल्डर्स
र.नं.- 257 एण्ड प्रमोटर्स

प्रारूप छः-8

## (मध्य प्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49-ड(3) के अंतर्गत) कार्यालय-रिटर्निंग अधिकारी सरस्वती गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित दमोह जिला दमोह

पंजी. क्र. 04 दिनांक 16.03.1978

क्रमांक / दिनांक-28.04.2025

**निर्वाचन कार्यक्रम**

मध्य प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्रमांक / सह.नि.प्रा./निर्वाचन-1/2025/2115 दिनांक 24.04.2025 के द्वारा मुझे सरस्वती गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित दमोह के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है जो कि सोसाइटी के समस्त सदस्यों के सूचनार्थ प्रकाशित करती हूं।

| | |
|---|---|
| 1. सोसाइटी की पंजीकृत उपविधि क्रमांक......के.........अनुसार संचालक मण्डल के लिए निर्वाचित किये जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या-10 | विवरण निम्नांकित है- |
| (अ) समान्य वर्ग (अनारक्षित) से : 10 | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 02) |
| (ब) अनुसूचित जाति वर्ग से : 00 | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 00) |
| (स) अनुसूचित जनजाति वर्ग से : 00 | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 00) |
| योग- | योगः- |
| टीप- जिस वर्ग में महिला आरक्षण नहीं किया गया है उसे निरंक दर्शाया जावें) | |
| 2. नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान समय | दिनांक 05.05.2025 समय 11.00 एएम से 03.00 पीएम तक सोसाइटी कार्यालय दमोह |
| 3. नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन | दिनांक 07.05.2025 को समय 1.00 एएम से जांच पूर्ण होने तक। स्थान- सोसाइटी कार्यालय दमोह |
| 4 नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चिन्हों का आवंटन | दिनांक 08.05.2025 समय 12.00 पीएम से 2.00 पीएम तक स्थान- सोसाइटी कार्यालय दमोह |
| 5. विशेष साधारण सम्मिलन में चुनाव (मतदान) दिनांक एवं मतगणना | दिनांक 13.05.2025 समय 10.00 एएम से 03.00 पीएम तक स्थान- सोसाइटी कार्यालय दमोह (चुनाव समाप्त होने के पश्चात् एक घंटे बाद मतगणना प्रारंभ की जावेगी।) |
| 6. रिक्त स्थानों एवं वृत्तिक संचालकों के सहयोजन की तिथि | दिनांक 14.05.2025 समय 12.00 पी.एम.से 02.00 पीएम तक स्थान- सोसाइटी कार्यालय दमोह |
| 6. रिक्त स्थानों हेतु नामांकन की तिथि | दिनांक 15.05.2025 समय 12.00 पी.एम. से 2.00 पीएम तक स्थान- सोसाइटी कार्यालय दमोह |
| 7. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटीओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना जारी करना | दिनांक 16.05.2025 |
| 8. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटीओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन दिनांक समय एवं स्थान | दिनांक 19.05.2025 समय 11.00 ए.एम. से 03.00 पीएम तक स्थान- सोसाइटी कार्यालय दमोह |

नोट- नामांकन पत्र दिनांक 05.05.2025 समय 11.00 ए.एम. से 03.00 पी.एम.तक स्थान सोसाइटी कार्यालय दमोह में श्री वाय. के. गुर्जर के समक्ष प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

**(पूनम जैन) रिटर्निंग अधिकारी सरस्वती गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित दमोह**

## कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बी पैक्स बनसुकली

पं.क्र. 363 पंजीयन दिनांक 30/10/1976
पंक./आमसभा/2025 दिनांक- 24/04/2025

### विशेष साधारण आमसभा की सूचना

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बनसुकली के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की विशेष साधारण आमसभा दिनांक 14/05/2025 दिन बुधवार को समय 3.00 बजे समिति कार्यालय भवन बनसुकली में आयोजित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। कोरम के अभाव में बैठक आधे घंटे के लिये स्थगित की जाकर पुनः इसी स्थान पर प्रारंभ की जायेगी जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

**विषय सूची निम्नानुसार है** - 1. संस्था की पंजीकृत उपविधि कंडिका (3) में संस्था के कार्यक्षेत्र के ग्रामों में से 17 ग्राम आमडीह, पांड, पेडरा, झिरिया, गिरूईखुर्द, कल्लेह, बलौडीपूर्व, बलौडी पश्चिम, नगनौडी, पुरैना, सनौली, किरगीबहरा, ढोढा, कोईलारी, कुदरा, उमरखोही पृथक कर नवीन प्रस्तावित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित आमडीह के गठन हेतु संशोधन बावत विचार।

| क्रं. | वर्तमान उपविधि शब्दावली | संशोधितउपविधि की शब्दावली | संशोधन का कारण |
|---|---|---|---|
| 1. | वर्तमान में इस संस्था का नाम बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पैक्स बनसुकली है। इसका रजिस्ट्रीकृत पता ग्राम पोस्ट बनसुकली तहसील जैसिहनगर जिला शहडोल म.प्र. है। **कार्यक्षेत्र**- बनसुकली, कुण्डाटोला, पोड़ी, मदरियाटोला, डोम्हार, पहडिया, सिचौरा, जमुडी, खडगडी, मिठौली, कुठली, छकता, तालीकला, पिपरी,नौगांव, पलहा, बेलहा, मलौटी, आमडीह, पांड, पेडरा, झिरिया, गिरूई खुर्द, कल्लेह, बहेरहा, सनौसी, किरगीबहरा, ढोढा, कोईलारी, कुदरा उमरखोही ग्रामों तक सीमित है। | इस संस्था का नाम बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पैक्स बनसुकली है। इसका रजिस्ट्रीकृत पता ग्राम पोस्ट बनसुकली तहसील जैसिहनगर जिला शहडोल म.प्र. है। **कार्यक्षेत्र**- बनसुकली, कुण्डाटोला, पोड़ी, मुदरिया टोला, डोमर, पहडिया, सिचौरा, जमुडी, खडगडी, मिठौली, कुठली, छकता, तालीकला, पिपरी, नौगांव, पलहा, बेलहा, मलौटी ग्रामों तक सीमित होगा। शेष ग्रामों के लिये संस्था का पुनर्गठन कर निम्नानुसार संस्था बनायी जाना प्रस्तावित है। इस संस्था का नाम बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बी पैक्स आमडीह तहसील जैसिंहनगर जिला शहडोल म.प्र. रहेगा। **कार्यक्षेत्र**- आमडीह, पांड, पेडरा, गिरूईखुर्द, कल्लेह, बहेरहा बलौडीपूर्व, बलौडी पश्चिम, नगनौड़ी, पुरैना, सनौसी किरगीबहरा, ढोढा, कोईलारी, कुदरा, उमरखोही ग्रामों तक सीमित है। | प्रस्तावित नवीन प्राथमिक कृषि साख समिति मर्या. बी पैक्स आमाडीह का गठन प्रस्तावित होने के कारण |

2 संस्था के पुनर्गठन हेतु प्रस्तावित योजना के अनुमोदन बावत् विचार

प्रबंधक, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, बनसुकली

## न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 1486/ अ-6/2024-25

### इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कैलाश गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित द्वारा अकलंक जैन पिता अशोक जैन निवासी- गोरखपुर जबलपुर के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 21/01/1963 के माध्यम से मौजा गोरखपुर प.ह.नं. 29 शीट नं. 273, 274 प्लाट 434/6 रकवा 6130 व.फु. विक्रेता म.प्र. शासन, सर्वसाधारण आम जनता से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने विक्रय पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 08/05/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 25/04/2025 को जारी।

जारी दिनांक - 25/04/2025
पेशी दिनांक - 08/05/2025

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक
कृति दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

## न्यायालय सुश्री उर्वशी यादव तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 सिहोरा जिला जबलपुर म.प्र.

आर.सी.एस ए. 148/24
रूपसिंह गौंड वि0 म0प्र0 शासन
पेशी.. 17/06/2025

प्रति.
आम जनता को सूचनार्थ, जिला जबलपुर म.प्र.।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि रूप सिंह गौड विरूध म.प्र. शासन वगैरा जि. जबलपुर त. मझौली रा.नि.म. पोडा प.ह.नं. 68 /58 मौजा दिनारी खमहरिया में स्थित ख.नं. 418, 438,514,521 का सिविल प्रकरण सिविल न्यायालय सिहोरा में सुश्री उर्वशी यादव के न्यायालय में विचाराणीय जिसका आर.सी.एस.ए. 148/2024 है जिसमे पेशी 17/06/25 जो कि इस न्यायालय में दिनांक 17.06.2025 को आम जनता की उपस्थिति हेतु नियत है, इसलिए नियत पेशी दिनांक को स्वयं अथवा मार्फत अधिवक्ता के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करायें। यदि उक्त नियत पेशी दिनांक को आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं होते हैं या कोई जवाब या आपत्ति पेश नहीं करते हैं तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतः आपको सूचित किया जाता है। कि यदि आप नियत पेशी दिनांक पेशी. 17/06/25/ को न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो उक्त प्रकरण की सुनवाइ और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

न्यायालय की मुद्रा -

सुश्री उर्वशी यादव
न्यायालय तृतीय व्यवहार
वर्ग 2 सिहोरा जबलपुर म.प्र.

क्रय-विक्रय

## न्यायालय तहसीलदार महोदय, तहसील अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)

रा.प्र.क्र./3752/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक 17/4/24

### आम इश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमति कैलाशी बाई सोंधिया पति श्री कोमलचंद सोंधिया, निवासी मकान नं. 91/1, बजरंग कॉलोनी, रेल्वे क्वार्टर, जबलपुर म.प्र. के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर, नं.बं. 643. प.ह.नं. 25/31, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 194. में से रकवा 1225 वर्गफिट, जिसमें से निर्मित रकवा 100 वर्गफिट भूमि चेरीताल वार्ड में स्थित है, भूमि पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 13/05/1994 के माध्यम से विक्रेता श्री शारदा प्रसाद खरे पिता श्री जमना प्रसाद खरे, निवासी 23, जानकी नगर, जबलपुर से एवं श्री शारदा प्रसाद खरे पिता श्री जमना प्रसाद खरे, निवासी 23, जानकी नगर, जबलपुर के द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 22/06/1992 के माध्यम से लिंक विक्रेता श्रीमति सावित्री बाई गुप्ता पति स्व. श्री राजाराम गुप्ता, निवासी अखाड़े के पीछे, रानीताल, जबलपुर से क्रय किया जाना लेख किया है। वर्तमान में भूमि लिंक विक्रेता के नाम दर्ज है। उक्त भूमि के नामांतरण हेतु आवेदिका के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 17/04/2025
पेशी दिनांक 02/05/2025

तहसीलदार
र.नं. 271 अधारताल, जबलपुर

## न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र. 236/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक 28/04/25

### आम इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अबरार मो. खान पिता स्व. फजल मो. खान निवासी 1832 टीएफ 3 आदि अपार्टमेंट मेन रोड राईट टाउन डा. सीट 152डी, डा. प्लाट नं. 322 में से रकवा... वर्गफुट भूमि पर 750 की मृत्यु दिनांक.... को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को काई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 13/05/25 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 28/04/25
पेशी दिनांक- 13/05/25

तहसीलदार
र.नं. 261 आधारताल , जबलपुर

## नाम परिवर्तन

मैं, नेमा बाई (NEMA BAI) पति स्वर्गीय श्री बाबू लाल निवासी 208 शंकर शाह नगर वार्ड पोस्ट विद्युत नगर रामपुर जबलपुर (म.प्र.). मेरे सी.जी.एच.एस कार्ड में मेरा नाम नेमा बाई अंकित हैं. तथा मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आई डी, तथा अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम मेमा बाई) पति स्वर्गीय श्री बाबू लाल के नाम से अंकित है दोनों नाम नेमा बाई एवं मेमा बाई) पति स्वर्गीय श्री बाबू लाल मेरे ही नाम हैं प्रकाशन उपरांत मुझे नेमा बाई (NEMA BAI) पति स्वर्गीय श्री बाबू लाल से जाना जाए।

प्रार्थी
नेमा बाई
र.नं. 263 (NEMA BAI)

## कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ट्रांसपोर्ट नगर महाराजपुर जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक SS- 28 मोहम्मद शफीक खान पिता मोहम्मद रफीक खान के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20.04.2011 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन मोहम्मद शफीक खान पिता मोहम्मद रफीक खान ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 27.01.2025 के माध्यम से श्री रिजवान खान पिता श्री अनीस खान को विक्रय किया है। अतः श्री रिजवान खान पिता श्री अनीस खान द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तातरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
र.नं. 267 विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

## नाम सुधार सूचना

मैं नीतू सैनी उम्र 44 साल पति धर्मेन्द्र कुमार सैनी निवासी ग्राम गोसलपुर, तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर, मप्र निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि :-

1. यह कि मैं उक्त पते की स्थाई निवासी हूँ तथा मजदूरी करती हूँ।

2. यह कि मेरी पुत्री सिद्धि सैनी एवं पुत्र विनायक सैनी का जन्म दिनांक क्रमशः 25-02-2009, 23-01-2013 को हुआ था। जन्म के समय पुत्री एव पुत्र दोनों का ऑफलाइन जन्म प्रमाण पत्र जारी हुआ था।

3. यह कि उक्त दोनों जन्म प्रमाण पत्र पर माँ (शपथकर्ता) का नाम भावना सैनी दर्ज है जो कि घर का चालू नाम है माँ का सही नाम नीतू सैनी है जो आधार कार्ड आदि दस्तावेजों में दर्ज है अतः पुत्री सिद्धि सैनी एवं पुत्र विनायक सैनी के डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र पर माँ का नाम नीतू सैनी दर्ज करने वास्ते शपथ पत्र पेश है नीतू सैनी एवं भावना सैनी उक्त दोनों नाम मेरे है तथा में एक ही महिला हूँ।

सिहोरा,
दिनांक - 26/04/2025

शपथकर्ता
कृति नीतू सैनी

## In The Court Of III Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur Presiding Officer:

इरशाद अहमद
स्वयं उपसंजात होने के लिए
(आदेश 5 के नियम 3)
**(MJC/0000285/2025)**
दिनेश राय
**Vs**
आम जनता
**Process Id**-/ 237
पेशी दिनांक.:-08/07/2025

प्रेषिती-सीनियर सब रजिस्ट्रार
कार्यालय जिला पंजीयक जबलपुर 1 ई-पंजीयन कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर जबलपुर म.प्र.

दिनेश राय पिता/पति का नाम भोला राय ने आपके विरूद्ध एम जे सी सिविल याचिका अंतर्गत धारा 276 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 वास्ते बिल का प्रोबेट प्रदान किये जाने बाबत के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में तारीख 08 जुलाई 2025 को दिन में 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये सम्मन किया जाता है। आपको निदेश दिया जाता है कि आप इस समन की प्राप्ति के 30 दिवस में उन सब दस्तावेजों को पेश करें जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि ऊर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 09 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी - प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ याचिका अंतर्गत धारा 276 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 वास्ते बिल का प्रोबेट प्रदान किये जाने बाबत की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

र.नं. 268 (इरशाद अहमद)
जिला न्यायाधीश तृतीय जबलपुर (म.प्र.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

### // निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-77 Date 28/04/2025 2025_UAD_419626_1 | संभाग क्रमांक-16 संजय गांधी वार्ड अंतर्गत यूनियन बैंक ए.टी.एम. से फलक ब्यूटी पार्लर तक कवर्ड नाला निर्माण कार्य। | 08 माह 74.45 लाख | 10,000/- 55840/- | 28/05/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**

# देश-प्रदेश

उवाच

## सीडब्ल्यूसी, राहुल गांधी और अध्यक्ष का बयान ही अधिकारिक स्टैंड

**नई दिल्ली।** पूरा देश पाकिस्तान के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई चाहता है। विपक्षी दलों ने भी मोदी सरकार से कहा है कि वह कार्रवाई करे और पूरा देश सरकार के साथ है। लेकिन कुछ कांग्रेस के नेताओं ने ऐसा बयान दिया जिससे उसकी किरकिरी हो रही है। कांग्रेस महासचिव और सांसद जयराम रमेश ने कहा, कुछ कांग्रेस नेता जो पहले महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं, वरिष्ठ नेताओं ने कुछ विचार व्यक्त किए हैं। कांग्रेस पार्टी का इन विचारों से कोई लेना-देना नहीं है। हम इन विचारों से खुद को अलग करते हैं। ये व्यक्तिगत विचार हैं। कांग्रेस के विचार सीडब्ल्यूसी के प्रस्ताव में व्यक्त किए गए विचार हैं। सीडब्ल्यूसी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान ही अधिकृत माने जाएंगे।



मुख्यमंत्री ने की उद्योग एवं रोजगार वर्ष में होने वाली गतिविधियों की समीक्षा, बोले-

# प्रदेश का हर कोना औद्योगिक उन्नति की धारा से जुड़े



### कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला स्वावलम्बन पर केंद्रित गतिविधियों का भी हो आयोजन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 के संकल्प को साकार करने के लिए सभी विभागों और एजेंसियों को समन्वित प्रयास करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्ष-भर के लिए तैयार किए गए कार्यक्रम कैलेंडर के अनुसार सभी गतिविधियों का कुशलतापूर्वक संचालन सुनिश्चित कर हर माह इनकी प्रगति की गहन समीक्षा करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में उच्च-स्तरीय बैठक में उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 में प्रस्तावित कार्यक्रमों और गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक आयोजन प्रदेश के संतुलित और समावेशी औद्योगिक विकास की दिशा में ठोस कदम साबित हो, ऐसे प्रयास किये जायें। उन्होंने कहा कि सेक्टर कॉन्क्लेव जैसे प्रमुख आयोजन उन्हीं स्थलों पर आयोजित किए जाएं, जहां औद्योगिक गतिविधियां स्वाभाविक रूप से संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजन केवल जिलों के मुख्यालयों तक सीमित नहीं रहें, बल्कि सुदूर अंचलों और औद्योगिक संभावना वाले क्षेत्रों में भी उनका विस्तार किया जायें, जिससे प्रदेश का हर कोना औद्योगिक उन्नति की धारा से जुड़ें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन क्षेत्रों की ओर भी विशेष ध्यान दे, जहाँ औद्योगिक गतिविधियां अपेक्षाकृत धीमी रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों में सेक्टर-केंद्रित आयोजनों और विशेष प्रयासों के माध्यम से औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की प्रक्रिया को तीव्र गति से किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सक्रिय औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध ऊर्जा और संसाधनों का उपयोग करते हुए अन्य क्षेत्रों में भी औद्योगिक वातावरण का विस्तार किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को कृषकों के हित में डिजाइन किया जाए, ताकि सौर ऊर्जा उनकी आय में वृद्धि का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन सके। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला सशक्तिकरण के लिए भी स्व-सहायता समूह की गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रम किये जाए जिससे अधिक से अधिक महिलाएं स्व-सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बने और प्रदेश के विकास में सहयोगी बन सकें।

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र सिंह, प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति श्रीमती रश्मि अरुण शमी, प्रमुख सचिव खनिज साधन उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव, सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार रघुराज राजेंद्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रतिवर्ष होगी मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कोई भी पद खाली न रहे, इस उद्देश्य से शासकीय सेवा में समय पर भर्ती सुनिश्चित करने के लिए प्रतिवर्ष मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। इससे एक ही परीक्षा में अलग-अलग श्रेणियों के लिए अभ्यर्थियों का चयन होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन के लिए इस प्रकार के सभी प्रयास करने की दिशा में राज्य सरकार सक्रिय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की वृद्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

## चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण शुरू

**हरिद्वार, एजेंसी।** उत्तराखंड के तीर्थ स्थल हरिद्वार में चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया सोमवार सुबह 7 बजे से ऋषिकुल मैदान में शुरू हो गई है। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह से ही तीर्थयात्री लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर अपने पंजीकरण की प्रतीक्षा करते नजर आए।

# कूनो में फिर बढ़ा चीतों का कुनबा, मादा चीता निरवा ने दिया पांच शावकों को जन्म



**नई दिल्ली।** कूनो नेशनल पार्क से वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी आई है। यहां मादा चीता नीरवा ने पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इस नई वृद्धि के साथ अब पार्क में चीतों की कुल संख्या 29 हो गई है, जो भारत में चीता पुनर्वास योजना की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

कूनो नेशनल पार्क में चीता परियोजना के तहत अफ्रीकी देशों से लाए गए चीतों के प्राकृतिक वातावरण में सफल प्रजनन को वन विभाग और विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया जा रहा है। हाल ही में कूनो से दो चीते मंदसौर के गांधीसागर अभ्यारण्य में शिफ्ट किए गए थे, जिससे पार्क में चीतों की संख्या 24 रह गई थी। लेकिन अब नीरवा के पांच शावकों के आगमन से यह आंकड़ा फिर से 29 पर पहुंच गया है।

इन शावकों का स्वास्थ्य ठीक है और इन पर विशेष मेडिकल टीम लगातार नजर बनाए हुए है। बताया गया है कि ये सभी नवजात पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनके लिए विशेष देखभाल की जा रही है।

**कूनो में नए मेहमानों का स्वागत-** अत्यंत प्रसन्नता है कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों का कुनबा निरंतर बढ़ रहा है। हाल ही में 5 वर्षीय नीरवा ने 5 शावकों को जन्म दिया है। इन नन्हे शावकों का आगमन चीता प्रोजेक्ट की सफलता और भारत की समृद्ध जैव-विविधता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि पर सोशल मीडिया के माध्यम से खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि कूनो में नए मेहमानों का स्वागत है। अत्यंत प्रसन्नता है कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों का कुनबा निरंतर बढ़ रहा है। हाल ही में 5 वर्षीय मादा चीता नीरवा ने 5 शावकों को जन्म दिया है। इन नन्हे शावकों का आगमन चीता प्रोजेक्ट की सफलता और भारत की समृद्ध जैव-विविधता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के वन्यजीव संरक्षण प्रयासों की सराहना करते हुए कूनो की टीम, विशेषज्ञों और सभी सहयोगियों को बधाई दी।

# तहव्वुर राणा की हिरासत 12 दिन और बढ़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष अदालत ने 26/11 मुंबई हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत 12 दिन और बढ़ा दी है। एनआईए ने अदालत से राणा की हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया था, जिस पर सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रखते हुए सोमवार को आदेश सुनाया। राणा की 18 दिन की एनआईए हिरासत खत्म होने के बाद उसे कड़ी सुरक्षा के बीच विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह की अदालत में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान एजेंसी ने दलील दी कि 17 साल पुराने आतंकी हमलों की साजिश के जाल को समझने और उससे जुड़े अन्य साजिशकर्ताओं तक पहुंचने के लिए राणा की हिरासत आवश्यक है। उसने यह भी कहा कि जांच के लिए उसे विभिन्न स्थानों पर ले जाना जरूरी है। एनआईए की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र मान ने पैरवी की, जबकि दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता पीयूष सचदेवा ने राणा का प्रतिनिधित्व किया। पिछले रिमांड आदेश में अदालत ने एनआईए को निर्देश दिया था कि वह हर 24 घंटे में तहव्वुर राणा की मेडिकल जांच कराए और उसे हर दूसरे दिन अपने वकील से मिलने की अनुमति दे। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में तहव्वुर राणा की वह याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उसने खुद को भारत प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ अपील की थी।

# भारी वाहन से टकराई कार के परखच्चे उड़े, चार युवकों की मौत,

**धार।** एमपी के धार-अहमदाबाद फोरलेन में आज सुबह 6 बजे के लगभग एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े भारी वाहन से पीछे से टकरा गई। हादसे में कार सवार चार युवकों के शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई।

हादसा उस वक्त हुआ है जब युवक झाबुआ से कार शादी समारोह में जाने के लिए कार से निकले थे। खबर है कि प्रकाश पिता नाथू भूरिया उम्र 35 वर्ष निवासी रतलाम, राजा पिता कालू सिंह भूरिया 30 वर्ष निवासी झाबुआ, राहुल पिता दयाराम भूरिया 23 वर्ष फुलगांवडी व दिलीप पिता रमेश भूरिया 24 वर्ष कार से धार में अपने परिचित के यहां आयोजित शादी समारोह में जाने निकले थे। चारों युवक जब धार-अहमदाबाद फोरलेन में ग्राम बलगांवडी से आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े भारी वाहन से टकरा गई।

भारी वाहन से टकराई कार के परखच्चे उड़ गए। राह चलते लोगों ने देखा तो रुक गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से कार में फंसे चारों युवकों को बाहर निकाला, लेकिन उस वक्त तक चारों की मौत हो चुकी थी। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार की पिछली सीट में बैठा युवक भी कार के सामने वाले कार में जाकर फंस गया।

संविधान बचाओ रैली में बोले पूर्व मुख्यमंत्री

# दलित उत्पीड़न के खिलाफ सड़क पर उतरें

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्विजय सिंह ने गुना, मुरैना, छतरपुर और टीकमगढ़ की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में दलित उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हम इन घटनाओं को हम रैली करके नहीं रोक पाएंगे। इसके लिए सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरना होगा और शोषित समाज में विश्वास पैदा करना होगा। श्री सिंह आज ग्वालियर में आयोजित कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मध्यप्रदेश में मजबूत है, बस जरूरत है गांव-गांव में मौजूद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सक्रिय बनाने की। श्री सिंह ने कहा कि इसके लिए लोगों को जगाना होगा और लोगों के सुख दुख में शामिल होना पड़ेगा, उनसे मेल-जोल बढ़ाना होगा। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि संविधान हमें बोलने, जीने और चुनाव लड़ने का अधिकार देता है। आज हर अधिकार पर हमला हो रहा है। यह रैली केवल राजनैतिक नहीं, बल्कि सामाजिक जागरुकता की शुरूआत है।

कांग्रेस सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, सरकारी विभागों में 30 हजार से ज्यादा पद खाली है, लेकिन उन पर भर्तियां इसलिए नहीं की जा रही कि कहीं अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को आरक्षण न देना पड़ जाए। इन विभागों में ठेका पद्धति और संविदा के जरिए नियुक्तियां की गई हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर निशाना साधते हुए कहा कि जब सिंधिया विधायकों का दल बदल कराया, चुनी हुई सरकार गिराई, आपके वोट को चुनौती दी संविधान को धता बताया तो बताओ ये संविधान खतरे में नहीं है तो क्या है? श्री पटवारी ने प्रदेश में दलित अत्याचार, आदिवासी अत्याचार, महिला अत्याचार, किसान अत्याचार सहित इन सबके अधिकारों को छीनने के आरोप भाजपा पर लगाए। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में संविधान बचाने की बात हो रही है, कांग्रेस पार्टी संविधान और देश के सम्मान को बचाने की बात कर रही है, देश के संविधान की रक्षा के सिपाहियों को तैयार करने की बात कर रही है, हमारे बुजुर्ग देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ते रहे, शहादत देते रहे, हमारे महापुरुषों ने संविधान बचाया और आज उसकी हत्या हो रही है।



### पटवारी ने सिंधिया पर निशाना साधा, बोले- दलबदल कर सरकार गिराई

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा, यह संविधान बचाओ रैली नागरिक रैली है। क्योंकि संविधान ही आपको बराबरी का अधिकार देता है। युवाओं को नौकरी-रोजगार, दलित पिछड़ों को आरक्षण का अधिकार देता है, लेकिन आज सब कुछ बदल सा गया है। भाजपा की सरकारें चंद उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने आपके संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दतिया में पूर्व गृहमंत्री का इतना आतंक है कि कोई व्यक्ति कांग्रेस के कार्यक्रम में आ गया तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी जाती है। सभा को उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव और जयवर्धन सिंह ने भी संबोधित किया।

दिग्विजय हुए नाराज, बोले-

## अब मैं कभी मंच पर नहीं बैठूंगा

**ग्वालियर, देशबन्धु।** कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली के दौरान ग्वालियर में मंच पर भीड़ देखकर नाराज हुए पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि अब मैं कभी मंच पर नहीं बैठूंगा।

हाल ही में कांग्रेस संगठन द्वारा यह तय किया गया था कि आयोजनों के दौरान पदाधिकार नेता मंच पर नहीं बैठेंगे। बल्कि मंच पर सिर्फ वहीं जाएंगे जिन्हें सभा को संबोधित करना है। इन दिशा निर्देश के जारी होने के बाद ग्वालियर में रानी लक्ष्मीबाई के समाधि स्थल के पास संविधान बचाओ रैली आयोजित की गई। इस जनसभा में ज्यादातर पदाधिकारी मंच पर नजर आए, जबकि मंच के सामने लगी कुर्सियां खाली नजर आईं।

जब मंच पर दिग्विजय सिंह भाषण देने के लिए खड़े हुए तो उन्होंने सामने खाली पड़ी कुर्सियों को देखा, फिर मंच की तरफ देखा और वहां मौजूद पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को देखा। इसके बाद उन्होंने हाथ जोड़ते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों से प्रार्थना भरे लहजे में कहा कि अब मंच की लड़ाई को खत्म करो। साथ ही उन्होंने यह घोषणा भी कर दी कि मैं आगे से कांग्रेस का मंच हो या कोई भी मंच हो मैं किसी भी मंच पर नहीं बैठूंगा। अगर मुझसे कहा जाएगा तभी बोलने के लिए जाऊंगा। उन्होंने कहा कि हालांकि हमारे यहां मंच पर बैठने को लेकर कोई झगड़ा नहीं है, बल्कि हमारे यहां से ज्यादा परेशानी तो भाजपा में है।


**CHANGE OF NAME & DOB**

I, KANTABEN is legally MOTHER of Army No - JC386166F, Rank - SUB, Name - LEUA HASAMUKHKUMAR RAMANLAL, Unit - 4TTR, Home - Address Vill -BADPURA, Post- BADPURA, Teh- MANSA, Dist -GANDHINAGAR, State- GUJARAT, Pin- 382845., I, have changed my name KANTABEN to KANTABEN VANKAR and date of birth 01/07/1959 to 01/01/1955 Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME KANTABEN
INCORRECT DOB - 01/07/1959
CORRECT NAME KANTABEN VANKAR
CORRECT DOB - 01/01/1955

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, RAMANLAL is legally Father of Army No - JC386166F, Rank - SUB, Name - LEUA HASAMUKHKUMAR RAMANLAL, Unit - 4TTR, Home - Address Vill -BADPURA, Post- BADPURA, Teh- MANSA, Dist -GANDHINAGAR, State- GUJARAT, Pin- 382845., I, have changed my name RAMANLAL to RAMANBHAI VANKAR and date of birth 01/07/1957 to 01/06/1956 Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME RAMANLAL
INCORRECT DOB - 01/07/1957
CORRECT NAME RAMANBHAI VANKAR
CORRECT DOB - 01/06/1956

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, VASU is legally Father of Army No- 15705178Y Rank HAV Trade TTC Name VIGEESH PP of 4 Tech Trg Regt, 1STC Home - Address Vill -Chemanchery, Post- Thiruvangoor, Teh- koyilandy, Dist -Kozhikode, State-Kerala, Pin - 673304., I, have changed my name VASU to VASU K and date of birth 01/07/1962 to 10/05/1964 Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME VASU
INCORRECT DOB - 01/07/1962
CORRECT NAME VASU K
CORRECT DOB - 10/05/1964

**नाम सुधार सूचना**

मैं मनोज रामटेके पिता स्व. श्री पूनाराम रामटेके निवासी कछपुरा मदन महल माल गोदाम के पास गणेश नगर जबलपुर, म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि :- 1. यह कि मै उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मैं कार्यालय डायरेक्टर जनरल होमगार्ड मुख्यालय जबलपुर म.प्र. में ए.एस.आई (एम) के पद पर कार्यरत हूँ। सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम मनोज कुमार रामटेके (MANOJ KUMAR RAMTEKE) दर्ज है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड क. 8045 7451 9560 एवं पेन कार्ड क्र. AWYPR3766J में मेरा नाम (MANOJ RAMTEKE) मनोज रामटेके दर्ज है।
4. यह कि उपरोक्त दोनों नाम मनोज कुमार रामटेके (MANOJ KUMAR RAMTEKE) एवं मनोज रामटेके (MANOJ RAMTEKE) मेरे स्वयं के तथा एक ही व्यक्ति के नाम है।
5. यह कि मेरे उपरोक्त सर्विस रिकार्ड मेरा नाम मनोज कुमार रामटेके (MANOJ KUMAR RAMTEKE) की जगह मनोज रामटेके (MANOJ RAMTEKE) दर्ज किया जावे।
6. यह कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी सत्य एवं सही है।
स्थान - जबलपुर
दिनांक - 18/02/2025
र.नं. 269
शपथकर्ता
मनोज रामटेके

**नाम सुधार सूचना**

मैं संतोष गजभिये पिता स्व. श्री ढोंडू राम गजभिये निवासी आई 310 शंकर शाह नगर जबलपुर, म. प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि :- 1. यह कि मै उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मैं कार्यालय डायरेक्टर जनरल होमगार्ड मुख्यालय जबलपुर म.प्र. में सिपाही अर्डली के पद पर कार्यरत हूँ। सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम संतोष कुमार गजभिये (SANTOSH KUMAR GAJBHIYE) दर्ज है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड क. 9320 5541 0826 एवं पेन कार्ड क्र. BAZPG8580R में मेरा नाम संतोष गजभिये (SANTOSH GAJBHIYE) दर्ज है।
4. यह कि उपरोक्त दोनो नाम संतोष कुमार गजभिये (SANTOSH KUMAR GAJBHIYE) एवं (SANTOSH GAJBHIYE) संतोष गजभिये मेरे स्वयं के तथा एक ही व्यक्ति के नाम है।
5. यह कि मेरे उपरोक्त सर्विस रिकार्ड मेरा नाम संतोष कुमार गजभिय (SANTOSH KUMAR GAJBHIYE) की जगह संतोष गजभिये (SANTOSH GAJBHIYE) दर्ज किया जावे।
6. यह कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी सत्य एवं सही है।
स्थान - जबलपुर
दिनांक - 18/02/2025
र.नं. 268
शपथकर्ता
संतोष गजभिये

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 28/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विशाल बी.आर. डेनियल पिता श्री बसंत डेनियल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक फ्लेट नं.-सी-205 नवल उत्कर्ष तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46702526, 1000378699, पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा ... व.फु. जिस पर प्रथम तल 1195 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री बसंत मखीजा पिता श्री किशन लाल माखीजा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 270
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, GEETHA is legally MOTHER of Army No- 15705178Y Rank HAV Trade TTC Name VIGEESH PP of 4 Tech Trg Regt, 1STC Home - Address Vill -Chemanchery, Post- Thiruvangoor, Teh- koyilandy, Dist -Kozhikode, State-Kerala, Pin - 673304., I, have changed my name GEETHA to GEETHA PK and date of birth 01/07/1967 to 27/04/1970 Vide Affidavit No. before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME GEETHA
INCORRECT DOB - 01/07/1967
CORRECT NAME GEETHA PK
CORRECT DOB - 27/04/1970

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO 2695070L RANK- HAV, NAME- JITENDER SINGH, UNIT- GRC JABALPUR MP 482001 (15 GRENADIERS) R/O VILLAGE- NANDHA, POST- BALWARI, TEH- REWARI, DISTT- REWARI, STATE-HARYANA PIN- 123103 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम LAXMI DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम LAXMI BAI है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी के इस नाम LAXMI BAI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।
गलत नाम- LAXMI DEVI
सही नाम- LAXMI BAI कृति

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Rajesh Kumar Bathre पिता श्री चंदन लाल निवासी- एच.आई.जी.- 12, शिमला हिल्स कालोनी मदन महल जबलपुर का होकर शपथ पूर्वक कथन करता हूँ यह कि पूर्व में मेरा नाम Rajesh Kumar था परंतु अब मेरे सभी शासकीय, अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम Rajesh Kumar Bathre दर्ज करा लिया गया है। अतः अब मैं अपने पासपोर्ट का नवीनीकरण भी अपने परिवर्तित नाम Rajesh Kumar Bathre के नाम से कराना चाहता हूँ। अतः अब मुझे मेरे नये नाम Rajesh Kumar Bathre से जाना, पहचाना, पढ़ा जावें।
पुराना नाम- Rajesh Kumar
नया नाम- Rajesh Kumar Bathre

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं नंबर 15708516 डब्ल्यू हवलदार मुकेश कुमार मंडा निवासी ग्राम- पोस्ट- ढिंगसरी, तह.- लाडनूं, जिला- नागौर (राजस्थान) मेरे सेवा रिकॉर्ड में मेरे पिता का नाम हनुमान राम और उनकी जन्मतिथि 20.02.1963 तथा माता का नाम भंवरी देवी गलत दर्ज है, जबकि मेरे पिता का सही नाम हनुमान राम मंडा और जन्मतिथि 30.05.1964 तथा माता का सही नाम भंवरी है।


# जेएनयू छात्र संघ चुनाव : अध्यक्ष समेत 3 पदों पर वाम संगठनों की जीत



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में लेफ्ट समर्थित उम्मीदवारों ने अध्यक्ष समेत चार में से तीन पदों पर जीत हासिल की है। वहीं संयुक्त सचिव पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जीत दर्ज की है। चुनाव नतीजों के मुताबिक, जेएनयू छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर आईसा-डीएसएफ गठबंधन के नीतीश कुमार विजयी रहे। एबीवीपी की शिखा स्वराज यहां दूसरे नंबर पर रही हैं। उपाध्यक्ष पद पर आईसा-डीएसएफ गठबंधन की उम्मीदवार मनीषा को जीत मिली है। महासचिव के पद पर भी आईसा-डीएसएफ की ही उम्मीदवार मुंतेहा फातिमा ने जीत हासिल की। संयुक्त सचिव पद की बात करें तो इस पद पर एबीवीपी के उम्मीदवार वैभव मीणा को जीत मिली है।

### 1 सीट पर एबीवीपी ने की जीत दर्ज

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कहना है कि उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ चुनाव में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय पैनल के संयुक्त सचिव पद पर शानदार जीत हासिल की है। एबीवीपी के मुताबिक, उनके उम्मीदवार वैभव मीणा ने संयुक्त सचिव पद पर विजय प्राप्त कर वामपंथी संगठनों को चुनौती दी है। इसके साथ ही 16 स्कूलों और विभिन्न संयुक्त केंद्रों के कुल 42 काउंसलर पदों में से 24 सीटों पर विजय हासिल कर एबीवीपी ने वर्षों से कायम तथाकथित वामपंथी प्रभुत्व वाले 'लाल दुर्ग' में भगवा फहराया है।

# मणिपुर में 2 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों के दौरान एक अभियान के दौरान पूर्वी जिले इंफाल के लामलाई- थाने के अंतर्गत वन कार्यालय के पास सावोमबुंग गेट से दो कथित उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। मणिपुर पुलिस ने असामाजिक तत्वों और बदमाशों से चोरी और झपटमारी की घटनाओं को सुलझाने के उद्देश्य से चलाए गए विशेष अभियान के दौरान सात वाहनों को सफलतापूर्वक बरामद किया है। इसके अलावा, विशेष वाहन अभियान में मणिपुर पुलिस ने 207 वाहनों से काले शीशे हटाए। एक अन्य अभियान में टेंग्नौपाल जिले के मोरेह- थाने के अंतर्गत मोरेह सब-डिवीजन के टी मिनौ से छह आईईडी बरामद किए गए। सभी आईईडी को बम निरोधक दल की ओर से निष्क्रिय कर दिया गया और बचे हुए आईईडी को मोरेह-थाने को सौंप दिया गया।

देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## पाठ्यक्रम से हटाकर इतिहास बदलती सरकार

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा लिये गये एक हास्यास्पद फैसले में सातवीं कक्षा के पाठ्यक्रम से मुगलों और दिल्ली सल्तनत के अध्याय हटा दिए हैं। भारतीय राजवंशों, महाकुंभ के संदर्भ और 'मेक इन इंडिया' और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी हाल के शासकीय उपक्रमों को नए अध्यायों के रूप में शामिल किया गया है। इसी सप्ताह आई नई पाठ्यपुस्तकों में हुए ये परिवर्तन नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) और शालेय शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा (एनसीएफएसई) 2023 के अनुरूप बताये गये हैं। हालांकि एनसीईआरटी के अधिकारियों के अनुसार यह किताबों का सिर्फ पहला भाग है। दूसरा भाग जल्दी ही आने की उम्मीद है। वैसे अधिकारी यह साफ नहीं कर पाये कि हटाए गए हिस्से दूसरे भाग में शामिल रहेंगे या नहीं। वैसे कोविड-19 के प्रकोप के बाद अध्ययन सामग्री को कम करने के लिये एनसीईआरटी ने भारतीय इतिहास के मुगल काल तथा दिल्ली सल्तनत से जुड़े अध्यायों को पहले से ही संक्षिप्त कर दिया था। इसमें तुगलक, खिलजी, लोदी और मुगल राजवंश के विवरण को संक्षिप्त कर दिया गया था। अब इन्हें पूरी तरह से हटा दिया गया है।

एक और बड़े बदलाव के अंतर्गत सामाजिक विज्ञान की किताब 'समाज का अध्ययन: भारत और उसके आगे' में मगध, मौर्य, शुंग और सातवाहन जैसे प्राचीन भारतीय राजवंशों पर लिखे गये अध्याय शामिल हुए हैं। इसका उद्देश्य बच्चों को 'भारतीय लोकाचार' से परिचित कराना बतलाया गया है। इसी किताब में 'भूमि कैसे पवित्र बनती है?' शीर्षक से एक नया अध्याय जोड़ा गया है। इसमें इस्लाम, ईसाई, यहूदी, पारसी, हिंदू, बौद्ध और सिख धर्मों के लिए भारत और बाहर पवित्र माने जाने वाले स्थानों और तीर्थस्थलों की जानकारी दी गयी है। 'पवित्र भूगोल' अध्याय में 12 ज्योतिर्लिंग, चार धाम यात्रा और शक्ति पीठ जैसे स्थानों का विवरण है। इस पाठ में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का एक उद्धरण शामिल है, जिन्होंने भारत को 'तीर्थस्थलों की भूमि' बतलाया है। नयी पुस्तक के अनुसार वर्ण-जाति व्यवस्था ने प्रारम्भ में सामाजिक स्थिरता प्रदान की परन्तु वह बाद में जड़ हो गई। इसके चलते ब्रिटिश शासन के दौरान असमानताएं पैदा हुईं।

इसी वर्ष की 14 जनवरी से लेकर 26 फरवरी (महाशिवरात्रि) तक सम्पन्न हुए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ पर एक अध्याय का पुस्तक में समावेश किया गया है जिसमें बताया गया है कि आयोजन में 66 करोड़ लोगों ने भाग लिया। वैसे मेले में हुई भगदड़ का ज़िक्र नहीं है जिसमें अनेक तीर्थयात्री मारे गए थे और कई घायल हुए। नई किताब में 'मेक इन इंडिया', 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'अटल सुरंग' पर अध्याय हैं जो 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आई भारतीय जनता पार्टी सरकार के कार्य हैं। इसमें भारतीय संविधान पर भी एक पाठ है। इसमें उल्लेख किया गया है कि एक समय था जब लोगों को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अनुमति नहीं हुआ करती थी।

गौर से देखा जाये ये परिवर्तन बच्चों को भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा के अनुरूप ढालने के उद्देश्य से किये गये हैं। सम्भव है कि आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से अन्य कक्षाओं में भी ऐसे परिवर्तन देखने को मिलें जो नयी पीढ़ी को एक विशिष्ट तरीके से सोचना सिखायेंगे। एक ओर वह मुस्लिम शासकों के कालखंड को भूल जायेगी तो वहीं दूसरी ओर छात्र-छात्राओं को केवल हिन्दू शासकों के बारे में बतलाकर आधी-अधूरी जानकारी दी जायेगी। साथ ही उन्हें संकीर्णता भी सिखायेगी। जिन मेक इन इंडिया व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रमों को पाठ्यक्रम में जगह दी गयी है, वे दोनों ही नाकाम साबित हुए हैं। एक ओर तो भारत का मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर वैसा नहीं बढ़ पाया है जैसा कि दावा किया जाता है, तो वहीं दूसरी तरफ़ पिछले दशक भर में महिलाओं के खिलाफ़ अपराधों में जबर्दस्त बढ़ोतरी हुई हैं। अपराध सम्बन्धी आंकड़े जारी करने वाली सरकार की ही एजेंसी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो का तो यही कहना है। और तो और, भाजपा शासित प्रदेशों में महिलाएं सर्वाधिक असुरक्षित हैं।

पाठ्यक्रम में उपरोक्त बदलाव, खासकर उस उम्र के बच्चों की कक्षाओं का यह बतलाता है कि भाजपा सरकार अत्यंत सुनियोजित ढंग से नयी पीढ़ी को मुस्लिमों के प्रति नफ़रत की अपनी विचार पद्धति में शामिल कर रही है। उल्लेखनीय है कि मुगल और अन्य इस्लामी शासकों के प्रति घृणा करने वाले संघ-भाजपा द्वारा शाखाओं तथा सोशल मीडिया के जरिये जो कुछ फैलाया जाता है उसका परिणाम ही आज देश में बना हुआ विषाक्त वातावरण है। आने वाले समय में भाजपा को कार्यकर्ताओं की खेप बदस्तूर जारी रहे, उसके लिये ये परिवर्तन किये जा रहे हैं। यदि भावी पीढ़ी भारत को मुस्लिम शासकों के योगदान से अनभिज्ञ होकर केवल भाजपा की दी शिक्षा पर अमल करेगी तो ध्रुवीकरण का खेल उसे जारी रखने में मदद मिलेगी। भाजपा के इन 11 वर्षों के शासनकाल की सारी नाकामियां ढंककर कुछ कार्यक्रमों का महिमा मंडन उन्हें पार्टी व सरकार के प्रशस्ति गान के योग्य बनायेगा।

इस सन्दर्भ में जवाहरलाल नेहरू का यह कहना बेहद प्रासंगिक हो जाता है जो कहते थे कि इतिहास अपने हिसाब से आगे बढ़ता है फिर वह किसी को पसंद आये या न आये। बेशक, देश के इतिहास में तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार जो भी घटनाक्रम हुए वे वास्तविकताएं हैं जो भाजपा को नापसंद होने के बावजूद पलटाये नहीं जा सकते। पाठ्यक्रम से कुछ अंश हटा देने के बावजूद वे यथार्थ के रूप में मौजूद रहेंगे। अलबत्ता भारतीय उप महाद्वीप के सर्वाधिक महत्वपूर्ण कालखंड को पढ़े बिना जो विद्यार्थी शिक्षित होंगे उनका मानसिक स्तर शोचनीय होगा।

# व्यापार की बदहाली और भारत

■ अरुण कुमार डनायक

कभी राजनीति को समाजसेवा का माध्यम माना जाता था। पिछली सदी में महात्मा गांधी, मार्टिन लूथर किंग, नेल्सन मंडेला, अब्राहम लिंकन जैसी विभूतियों ने नैतिक मूल्यों पर आधारित राजनीति के जरिये सामाजिक बदलाव का कार्य किया, लेकिन अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण करने के साथ ही राजनीति की दिशा में अप्रत्याशित परिवर्तन देखने को मिला। जनकल्याण और मानवता की सेवा का माध्यम मानी जाने वाली राजनीति, अब व्यवसायिक हितों को साधने का उपकरण बनती दिखने लगी है ।

डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के तुरंत बाद कई देशों के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। जॉर्डन, इज़राइल, फ्रांस, ब्रिटेन, भारत और यूक्रेन के राष्ट्राध्यक्ष उनसे मिलने 'व्हाइट हाउस' पहुंचे। इन बैठकों का केंद्र बिंदु ट्रम्प का प्रसिद्ध नारा 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' और उनकी टैरिफ नीतियों की सख्त धमकियां रहीं। अधिकांश नेताओं ने ट्रम्प की नीतियों पर शांतिपूर्वक संवाद किया, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ बातचीत ने अप्रत्याशित रूप ले लिया। ट्रम्प, उनके उपराष्ट्रपति वेंस और ज़ेलेंस्की के बीच जिस तरह की तीखी बहस हुई, वैसी हालिया इतिहास में दुर्लभ है। इस तनावपूर्ण वार्ता ने न केवल कूटनीतिक हलकों में हलचल मचा दी, बल्कि वैश्विक राजनीति में भी नए समीकरणों के संकेत दिए।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दशकों तक एक-दूसरे के कट्टर प्रतिद्वंद्वी रहे रूस और अमेरिका के बीच नजदीकियां बढ़ती दिख रही हैं। वहीं, अनुमान के विपरीत, राष्ट्रपति ट्रम्प का चीन के प्रति रवैया भी उतना सख्त नजर नहीं आ रहा। ग्रेट ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के सदस्य देश अमेरिका से धीरे-धीरे दूरी बनाते दिखाई दे रहे हैं। 'गाजा पट्टी' से फिलिस्तीनियों को हटाए जाने की आशंका से ग्रस्त मध्य-पूर्व के देशों में भी ट्रम्प प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है।

ट्रम्प की टैरिफ नीतियों से न केवल अंतरराष्ट्रीय संबंधों, बल्कि वैश्विक व्यापार पर भी व्यापक प्रभाव पड सकता है। ऐसे में दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक और तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था भारत के लिए भी यह परिदृश्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपनी भौगोलिक स्थिति, सांस्कृतिक विविधता और आर्थिक क्षमता के कारण भारत हमेशा से वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली भूमिका निभाता रहा है। बदलते वैश्विक समीकरण भारत के कूटनीतिक और आर्थिक हितों को सीधे प्रभावित करेंगे, जिससे नई नीतियों और रणनीतियों की आवश्यकता बढ़ जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भारत की नीति संतुलन, बहुपक्षीय सहयोग और आत्मनिर्भरता पर आधारित रही है। वैश्विक व्यापार के संदर्भ में भारत अपनी उपस्थिति लगातार मजबूत कर रहा है, जहां निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है और आयात भी रणनीतिक आवश्यकताओं के अनुसार जारी है। हालांकि, व्यापार घाटे में असंतुलन एक महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है। ऐसे में, अमेरिका के द्वारा प्रस्तावित 'पारस्परिक टैरिफ' का भारत की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है, जिससे व्यापार संतुलन और आर्थिक वृद्धि पर दबाव बढ़ सकता है। इससे निपटने के लिए भारत ने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं।

भारत ने ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते, द्विपक्षीय निवेश संधि और अलग सामाजिक सुरक्षा समझौते को लेकर व्यापार वार्ताएं दोबारा शुरू की हैं। जहां ब्रिटेन ने भारत से कार, व्हिस्की और अन्य वस्तुओं पर शुल्क में कमी का अनुरोध किया है, वहीं भारत ने ब्रिटेन में अपने सेवा क्षेत्र के पेशेवरों के लिए अधिक अवसर और आसान बाजार पहुंच की मांग रखी है।

> भारत 'जी-20, ''शंघाई सहयोग संगठन' और 'ब्रिक्स' जैसे वैश्विक संगठनों में प्रभावी भागीदार है। अब समय आ गया है कि क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने भारत 'दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन' ( सार्क ) को पुनर्जीवित करने की दिशा में नेतृत्व करे। बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच, भारत को अपनी कूटनीतिक और आर्थिक नीतियों में संतुलन बनाए रखते हुए आगे बढ़ना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर के बीच बातचीत ने दोनों देशों के मध्य व्यापार, ऊर्जा और निवेश में आपसी संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। कतर, इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला मध्यस्थ और प्रमुख खिलाड़ी है। भारत में प्राकृतिक गैस की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है, जिससे आने वाले पांच वर्षों में भारत के 'तरलीकृत प्राकृतिक गैस' (एलएनजी) आयात में तेज़ी से वृद्धि होने की उम्मीद है।

भारत और 'यूरोपीय संघ' के बीच व्यापार और निवेश महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों पक्ष ने व्यापक 'मुक्त व्यापार समझौते' पर पुन: वार्ता शुरू की है। 'यूरोपीय संघ' की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के नेतृत्व में 'कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स' के प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा, भारत और यूरोप के बीच द्विपक्षीय संबंधों के एक नए महत्वपूर्ण चरण की शुरुआत को दर्शाती है। भारत और 'यूरोपीय संघ' के बीच व्यापार और निवेश, तकनीकी सहयोग, हरित ऊर्जा समाधान, जन-से-जन संपर्क, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में वार्ता जारी है। 'यूरोपीय संघ' में बढ़ता भारतीय प्रवासी समुदाय बड़ी संख्या में छात्रों, शोधकर्ताओं और कुशल पेशेवरों को शामिल करता है, जो दोनों पक्षों के संबंधों को और मजबूत बना रहा है। व्यापारिक पहलों के साथ-साथ, भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान देना होगा। भारत और चीन के संबंध ऐतिहासिक रूप से जटिल रहे हैं। व्यापार के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी है, लेकिन सीमा विवाद और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के चलते संबंधों में अक्सर तनाव भी देखने को मिलता है। भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह इस विवाद का समाधान कूटनीतिक संवाद और समझदारी भरी रणनीति के माध्यम से निकाले, ताकि क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक सहयोग को मजबूती मिल सके। भारत के कुशल, लेकिन बेरोजगार पेशेवरों के लिए 'यूरोपीय संघ' में रोजगार के नए अवसर खुल सकते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि भारत अपने 'कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों' की गुणवत्ता में सुधार करे। साथ ही, भारतीय युवाओं को अंग्रेज़ी के अलावा एक या दो यूरोपीय भाषाएं सिखाने के लिए विशेष संस्थान स्थापित किए जाएं, जिससे उनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़े।

भारत को 'यूरोपीय संघ' के साथ 'कार्बन सीमा समायोजन तंत्र' पर प्रभावी वार्ता कर कुछ रियायतें प्राप्त करनी होंगी। भारत इस्पात और एल्युमिनियम जैसे उत्पादों का प्रमुख निर्यातक है, लेकिन इन पर कार्बन टैक्स लगाए जाने से भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा, 'यूरोपीय संघ' भारतीय बाज़ार में कारों पर शुल्क रियायत की मांग कर रहा है। यह न केवल भारतीय ऑटोमोबाइल निर्माताओं के लिए प्रतिकूल सिद्ध हो सकता है, बल्कि भारतीय सड़कों पर यूरोपीय कारों की संख्या में भी वृद्धि होगी, जिससे यातायात और सुरक्षा संबंधी नई चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। भारत को इस मांग को अत्यंत सावधानीपूर्वक और रणनीतिक रूप से संभालना होगा।

भारत 'जी-20, ''शंघाई सहयोग संगठन' और 'ब्रिक्स' जैसे वैश्विक संगठनों में प्रभावी भागीदार है। अब समय आ गया है कि क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने भारत 'दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन' (सार्क) को पुनर्जीवित करने की दिशा में नेतृत्व करे। बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच, भारत को अपनी कूटनीतिक और आर्थिक नीतियों में संतुलन बनाए रखते हुए आगे बढ़ना होगा, ताकि वह अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में एक मजबूत, आत्मनिर्भर और प्रभावी भूमिका निभा सके।

**( लेखक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। )**

# भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिकी हैं सबकी निगाहें

■ सुशील कुट्टी

हमेशा तैयार, हमेशा सतर्क', 'एडीजीपीआई - भारतीय सेना' ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर यह दावा पोस्ट किया। पाकिस्तान और भारत ने एक दूसरे से निपटने की घोषणा कर दी है और संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कहते हैं कि युद्ध की स्थिति से निपटना भारत और पाकिस्तान पर निर्भर है, 'वे करीब हैं और कश्मीर 1500 वर्षों से उनके बीच है!'

भूल जाइए कि पाकिस्तान 1947 में बना था! पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कहते हैं कि इस्लामाबाद 'युद्ध' नहीं चाहता, जबकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरुआती 'पृथ्वी के छोर तक पीछा करने' की धमकी के बाद सभी को उलझन में डाल दिया है।

भारतीय इसे हिंदी में 'ऐन मौके पर धोखा' कहते हैं, जो 'पिच' के बजाय 'डिच' के लिए एक व्यंजना है। 'युद्ध' के लिए मोदी की पिच पुरानी, पुरानी, पुरानी हो गई है...

इतना ही नहीं, पाकिस्तान 'तटस्थ जांच' की मांग कर रहा है, जो पाकिस्तान के इस आरोप के साथ पूरी तरह मेल खाता है कि पहलगाम भारत का झूठा अभियान था! मरियम नवाज ऐसा कहती हैं। बिलावल भुट्टो और फवाद चौधरी भी ऐसा ही कहते हैं। शायद जेल की कोठरी में बंद इमरान खान भी ऐसा ही कहते हैं!

> आखिरकार, जिन्ना-मुनीर के बावजूद, हम दो राष्ट्र हैं लेकिन एक दिल है और भारत-पाकिस्तान 'युद्ध' बहुत पहले भी हो चुके हैं। 'कारगिल युद्ध' एक दूर की याद बन चुका है। पाकिस्तान 'युद्ध' को टालने के लिए 'भारत के घरेलू राजनीतिक उद्देश्यों में उलझे होने' का हवाला क्यों दे रहा है? पाकिस्तान का यह कहना कि नई दिल्ली 'बिना किसी सुबूत और जांच के इस्लामाबाद को दंडित करना चाहती है' ।

सिंधु नदी के प्रवाह पर खतरे की इस घड़ी में पूरा पाकिस्तान एकजुट है, 'गंगा-जमुना तहजीब' को भूल जाइए जो जिन्ना-मुनीर 'दो-राष्ट्र सिद्धांत', इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान के अस्तित्व के कारण से मेल नहीं खाती!

रिपोर्ट कहती हैं कि जनरल मुनीर ने अपने परिवार को एक चार्टर्ड विमान में बिठाया और विमान रवाना हो गया! क्या पाकिस्तान, जो बहादुरी का देश है, ने पहले पलक झपकाई है? प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एबटाबाद में एक सैन्य अकादमी में कहा, 'पाकिस्तान किसी भी तटस्थ, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच में भाग लेने के लिए तैयार है।' यह वही इलाका है जहां ओसामा बिन लादेन ने अपने निर्माता से मुलाकात की थी।

ओसामा को अमेरिकी 'सील्स' द्वारा समुद्र में एक सभ्य तरीके से दफनाया गया था- जो पाकिस्तान में घुस आये और बिन लादेन को पाकिस्तानी नाक के नीचे से छीन लिया- और अब शहबाज शरीफ कहते हैं कि 'पाकिस्तानी सेना किसी भी दुस्साहस के खिलाफ देश की संप्रभुता और इसकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है।'

शहबाज ने फरवरी 2019 में भारत के लापरवाह आक्रमण के लिए पाकिस्तान की 'दृढ़ प्रतिक्रिया' की ओर इशारा किया और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने कहा कि इस्लामाबाद 'अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों' के एक समूह द्वारा किसी भी जांच में 'सहयोग करने के लिए तैयार' है।

लेकिन इससे पहले कि कोई 'अंतरराष्ट्रीय निरीक्षक' इस आमंत्रण पर विचार कर पाता, पहलगाम की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फोर्स' ने यह कहते हुए अपना कदम पीछे खींच लिया कि वह दोषी नहीं है और उसकी वेबसाइट को 'हाईजैक' कर लिया गया है!

मौलिक प्रश्न यह है कि क्या 'युद्ध' होगा और 'युद्ध' को होने से कौन रोक रहा था? पहलगाम के बैसरन में आतंकी हमला अब लगभग एक सप्ताह पुराना हो चुका है और पाकिस्तान की जीवनरेखा 'सिंधु' में बहुत कम पानी बह पाया है!

सिंधु जल संधि 1960 से चली आ रही है और भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी युद्ध से कोई फर्क नहीं पड़ा। आज, 'नई दिल्ली' आगे बढ़ गयी है और उसने 'संधि' के साथ-साथ अन्य 'उपाय' लागू किए हैं, जो पाकिस्तान को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पाकिस्तान में मीडिया ने प्रधानमंत्री मोदी को 'गुजरात का कसाई' कहना शुरू कर दिया है!

फिर भी 'युद्ध' का कोई संकेत नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी किस बात का इंतजार कर रहे हैं और उनकी रणनीति क्या होगी? पाकिस्तानी रक्षा विशेषज्ञ तरह-तरह की बकवास फैला रहे हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि भारत ने अपने 'दूसरे हमले के परमाणु सिद्धांत' में संशोधन किया है। दूसरे शब्दों में, अब कोई 'गांधीगिरी' नहीं होगी और यह सब 'मुन्ना भाई, एमबीबीएस' की बदौलत है!

अटारी सीमा पर गंभीर स्थिति है। पाकिस्तानी उच्चायोग उदास और वीरान है। यह सब मायावी 'युद्ध' की तैयारी में है। भारत में पकड़े गये पाकिस्तानी रोते हुए चले गये हैं; कुछ भारत के अत्याचार से बचना चाहते हैं और अन्य दिल बचाने के लिए यहीं रहना चाहते हैं!

लेकिन भारतीय गृह मंत्री अमित शाह हमेशा चांद पर दूर के आदमी की तरह दिखते हैं। मई 1, 2025 अटारी सीमा के माध्यम से प्रवेश करने वाले सभी पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत छोड़ने का आखिरी दिन है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पाकिस्तान ने भी अटारी के अपने हिस्से में बदला लिया।

आखिरकार, जिन्ना-मुनीर के बावजूद, हम दो राष्ट्र हैं लेकिन एक दिल है और भारत-पाकिस्तान 'युद्ध' बहुत पहले भी हो चुके हैं। 'कारगिल युद्ध' एक दूर की याद बन चुका है। पाकिस्तान 'युद्ध' को टालने के लिए 'भारत के घरेलू राजनीतिक उद्देश्यों में उलझे होने' का हवाला क्यों दे रहा है? पाकिस्तान का यह कहना कि नई दिल्ली 'बिना किसी सुबूत और जांच के इस्लामाबाद को दंडित करना चाहती है' कितना 'कायराना' लगता है!

पाकिस्तान 'युद्ध' से बचने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है और प्रधानमंत्री मोदी अपनी धमकी पर कायम हैं। हिंदुओं को पैंट नीचे करने के लिए कहना माफ नहीं किया जा सकता। ख्वाजा आसिफ को यह कहकर नहीं छोड़ा जाना चाहिए कि 'हम नहीं चाहते कि यह युद्ध भड़के, क्योंकि इस युद्ध के भड़कने से इस क्षेत्र में तबाही मच सकती है।'

ख्वाजा आसिफ ने यह बात न्यूयॉर्क टाइम्स से कही और न्यूयॉर्क टाइम्स ने मोदी को शुरू से ही पसंद नहीं किया। मोदी ने चुनावी बिहार की धरती से 'आतंकवादियों का धरती के छोर तक पीछा करने' का वायदा किया। 'मैं पूरी दुनिया से कहता हूं। भारत हर आतंकवादी और उनके समर्थकों की पहचान करेगा, उनका पता लगायेगा और उन्हें दंडित करेगा। हम उनका धरती के छोर तक पीछा करेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवाद को दंडित किये बिना नहीं छोड़ा जायेगा,' मोदी ने कहा, और अमेरिका की शीर्ष जासूस तुलसी गबार्ड भी 'हिंदू' हैं।

मोदी अपना समय क्यों ले रहे हैं? मोदी ने कहा, 'इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सज़ा मिलेगी' और 'पहलगाम' ने 'वक़्फ लड़ाई' पर पूर्ण विराम लगा दिया और असदुद्दीन ओवैसी जैसे मुस्लिम राजनेता चुप हो गये। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड भी चुप हो गया है। क्या सुप्रीम कोर्ट को काबू में कर लिया गया है? सब कुछ इस पर आ गया है कि 'रुकिए, युद्ध कभी भी छिड़ सकता है।'

## आपके पत्र

### आतंकी घटना के बाद हजारों लोगों पर आफत के बादल

आतंकी घटना के बाद पैदा हुई परिस्थितियों से हर व्यक्ति वाकिफ है। आतंकवादियों ने 27 निर्दोष लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी। क्योंकि उनका कसूर इतना ही था कि वे हिन्दू थे। दोनों देशों में दर्द बेइंतहा बढ़ता जा रहा है। पाकिस्तान और पाकिस्तान में रह रहे उनके सम्बन्धियों को मिलना दुश्वार हो गया है। पाकिस्तान में रह रहे अपने रिश्तेदारों से फोन के जरिये बात हो पाती है। पाकिस्तान जाने के लिए अटारी बॉर्डर को बंद कर दिया है क्योंकि यह पाकिस्तान की करतूत है। उसकी सजा दोनों देशों के रहवासी भोग रहे हैं। भारत और पाकिस्तान का बॉर्डर खुला होता तो वहां से आवागमन सुगम हो जाता। भारत में रह रहे हजारों लोगों को सात दिन की मोहलत दी गई है। यह दर्द पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकियों ने दिया है। यह ज़ख्म कब भरेगा, कुछ कहा नही जा सकतौ। भारत और पाकिस्तान के रिश्ते बिगड़ने के कारण ही आतंकवाद पसरा है, जिसका रोना दोनों देश रो रहे है। 11 वर्षीय मोहमद अलियान को अपनी मां से मिलना है। मां से नहीं मिलने के दु:ख से आतंकियों मारने की गुहार लगा रहा है। डेढ़ वर्ष की बच्ची को पाकिस्तान जाना पड़ा। पहली बार ससुराल आई दुल्हनों को भारत छोड़ना पड़ा। दिल्ली में पांच हजार पाकिस्तानी रह रहे हैं। सात दिन के अंदर सरकार के आदेश का पालन करना ही पड़ेगा। अगर पाकिस्तान नहीं लौटे तो तीन वर्ष का कारावास का प्रावधान है। कहते हैं कि करता कोई है और भरना किसी को पड़ता है। आतंकियों ने हमला किया लेकिन नशे के बाद वे भूगर्भ में पहुंच कर जिन लोगों को मारा है उनका कोई ध्यान नहीं है। लेकिन उनकी करतूतों से दोनों देशों के सम्बंध खराब हो गए हैं। जयपुर में एक डेढ़ वर्ष की बच्ची और उसकी मां पर भी असर पड़ा है। उनको भारत छोड़कर पाकिस्तान जाना पड़ेगा। आतंकी घटना के बाद भारत में ही देश विरोधी टिप्पणी करने वाले 25 लोग कानून के शिकंजे में फंस गए हैं। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। चीन और पाकिस्तान दोनों गहरे दोस्त हैं। निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर चीन ने पाकिस्तान का समर्थन किया है। जो कि कोई देश पाकिस्तान को समर्थन देने के लिए राजी नहीं है। पुलिस आतंकियों के घर ढहाने के लिए कार्रवाई कर रही है। भारत हर वार का जवाब देने के लिए तैयार है। पाकिस्तान आतंकवादियों को पोषक होते हुए भारत पर इल्जाम लगाने से बाज नहीं आता। पाकिस्तान की रही सही हेकड़ी सिंधु के जलस्त्रोत को बंद किये जाने से लम्बे समय बाद पाकिस्तान में असर देखने को मिलेगा। अब पाकिस्तान के साथ कभी भी स्थायी शान्तिं की आशा ही नहीं रखनी चाहिए, क्योंकि वह जवाबदार नहीं है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### सेंसरशिप: प्लेटो से अब तक

*'नेशनल जियोग्राफिक' मासिक व 'द इकॉनामिस्ट' साप्ताहिक दो ऐसे पत्र हैं जिनमें पाठक कभी त्रुटियों की ओर इशारा करें तो संपादक की ओर से उसका बाकायदा जवाब दिया जाता है व सौ में निन्यानबे बार यह सिद्ध होता है कि संपादक की जानकारी अद्यतन है, जबकि पाठक स्वयं गलती करते हैं। ऐसे सजग संपादक भारत में दुर्लभ हैं। अखबारों के संदर्भ में ही एक व्यवस्था ओम्बुड्समैन याने लोकपाल की है। पाठक यदि संपादक के उत्तर से संतुष्ट नहीं है तो वह लोकपाल को अपील कर सकता है। भारत में एकाध ही अखबार ने इस व्यवस्था को अपनाया है। एक अन्य उदाहरण एक ऐसी संस्था के बारे में है जिसके बारे में जनसामान्य को कम जानकारी है। यदि अखबार अथवा टीवी पर प्रसारित विज्ञापन आपत्तिजनक, अविश्वसनीय, स्तरहीन या कुरुचिपूर्ण प्रतीत हो तो कोई भी व्यक्ति एडवरटाइजिंग स्टैंडर्ड्स कौंसिल ऑफ इंडिया को शिकायत कर सकता है। यह संस्था विज्ञापनदाताओं और विज्ञापन एजेंसियों ने मिलकर बनाई है। अगर शिकायत में दम है तो संस्था उस विज्ञापन को हटा लेने का निर्देश दे देती है। ऐसे कई दृष्टांत हैं जब कौंसिल ने नागरिकों की शिकायत पर अपने सदस्य विज्ञापनदाताओं के खिलाफ निर्णय दिए हैं।*

**( अक्षर पर्व अप्रैल 2015 अंक की प्रस्तावना )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/04/blog-post_7.html

## पावन प्रसंग

### भारतीय संस्कृति का जीवन संदेश

यदि मानव जीवन से एक कामना का तत्व हटा दिया जाए, उसे किसी प्रकार महत्व न दिया जाए तो जीवन के कई क्षेत्रों में संकट खड़े हो जाएंगे। लोग व्यवसाय-भत्ता छोड़ देंगे, अस्पताल बंद हो जाएंगे, शिक्षक कहेंगे हमें तो पढ़ाने की कामना ही नहीं, परिवार विघटित हो जाएंगे। ऐसे में यह सोचना अनिवार्य है कि जिस कामना को शास्त्र वर्जित कर रहे हैं वह क्या है?

निश्चित ही किसी ऊंची कामना की बात हो रही है। ऊंची कामना माने वह जो आपका कर्तव्य है, जिसे करने को आपको भेजा गया है। वह जो जीवन मूल्यों से संबंधित है. जिसका आपके जीवन में अधिकाधिक महत्व है। कामना ऐसी हो, जो अहंकार को ध्वस्त कर दे, जीवन में नव-प्राण भर दे, चेहरे पे रौनक पैदा कर दे, चित्त को शांत कर दे। ऐसी कामना एकमात्र परमात्म प्राप्ति की ही हो सकती है, फिर भी इसके साथ कर्तव्य जुड़ा हुआ है। बिना कर्तव्य के कोई कामना सार्थक नहीं, यदि उसे अपने उच्च ध्येय को प्राप्त करना है तो कर्तव्य का बोध अंगीकार करना पड़ेगा। यही साधना है।

अब इस कामना को विश्वमंगल के लिए समर्पित होने से कोई रोक नहीं सकता; क्योंकि यह कामना अपने से नहीं, अपने कर्तव्य से जुड़ी हुई है और अपना कर्तव्य हमें परमात्मा से जोड़ता है। जिस विषय में रुचि जगे, उसी को प्राप्त करने की उत्कंठा को कामना कहते हैं, क्यों न इसका स्वरूप अधिक परिष्कृत हो, चित्त को शांत कर देने वाली कामना, मन को मर्यादित चिंतन-प्रवाह में छोड़ने वाली कामना टीमंता मिटाने वाली बामना, सानी मियों वाली बामना। उसे ही कहते हैं निश्रामनवृक गीता में हुई की चर्चा करते हैं, योगियों की यही प्रिय है।

अब बात आती है कि यटिसी ही बरेषय है ती क्यों न सब त्याग दिया जाए संन्यासी बना आए, परंतु जिय कामना भगवान कृष्ण करते हैं उसमें है, निस्तेज नहीं निश्चल होना है क्य सभी प्रकार के मनभारनियम तथा एक महान जीवन की अभिलाषा। इसी के लिए गीता अवतरित हुई है, व्यसन मानव मात्र को यही संदेश दिया कि कर्म तो कर्ता पर अंतिम ध्येय को ध्यान में रखकर पीड़ा तो यहां, पर कर्तव्य की प्रकार पर जीत है उसे अपनाओं और अपने जीवन को धन्य बनाओ। संघर्षों से न घबराओ और आत्मा को अजर अमर सता की बातों से नहीं, वरन क्रिया-कृल्यों से मुखरित करो।

यही गीता है, यही निष्काम कर्मयोग तथा यही भारतीय संस्कृति का जीवन-संदेश है कि हर वह कृत्य अपनाओ, जिससे जीवन सार्थक बनता हो, जीवन में प्रज्वलित और तेज एवं बात का संचार हो, जीवन महान बने। ऐसी गीता को लोगों ने क्या कर दिया? उसका विकृत अर्थ कर उसे निष्कामना के बदले कर्म-संबंध का बिच्छेद कर देने तथा संन्यास के नाम पर सभी चीजों को छोड़ देने का स्वर प्रदान कर दिया।

**-अखंड ज्योति**

# हंगामा और नारेबाजी के बीच जबलपुर के विकास का बजट पारित

## विपक्ष ने बजट बैठक का किया बहिगर्मन, सत्ता पक्ष पर विपक्ष की आवाज दबाने के आरोप



**जबलपुर, देशबन्धु।** सोमवार को नगर निगम के पंडित भवानी प्रसाद सभाकक्ष में बजट बैठक हंगामेदार रही, इस दौरान विपक्ष ने बहिगर्मन कर दिया, और नगर विकास का बजट पारित हो गया। इसके पहले नगर निगम सदन की बैठक शुरू हुई। जिसमें सत्ता और विपक्ष के पार्षदों ने अपनी-अपनी बात रखी। जहां सत्ता पक्ष के पार्षदों ने बजट को विकास उन्मुखी कहा, वहीं विपक्ष के पार्षदों ने बजट की खामियों को विस्तार से बताया। विपक्ष के एक पार्षद ने बजट को नगर की नरक कहकर संबोधित किया, जिस पर सत्ता पक्ष ने अपनी आपत्ति व्यक्त की।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि विपक्ष जबलपुर के विकास के प्रति गंभीर नही है, इसीलिये सदन की बैठक में व्यवधान उत्पन्न कर बहिगर्मन किया है। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने कहा कि सदन में विपक्ष के सदस्यों को बोलने से रोका गया जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसके लिये नगर सरकार की विपक्ष ने आलोचना की।

भोजन अवकाश के बाद उस दौरान नगर निगम सदन का माहौल गर्मा गया जब विपक्ष के पार्षद एक पार्षद को बोलने से रोक दिया गया। इसमें उक्त पार्षद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना और राजीव गांधी आवास योजना की खामियों को बताना चाह रहे थे, सत्ता पक्ष के एक एमआईसी सदस्य और दूसरे भाजपा पार्षदों ने एतराज जताया और उक्त पार्षद को सही जानकारी लेने के बाद भी अपनी बात रखने को कहा, जिस पर विपक्ष के दूसरे पार्षदों ने विरोध करना शुरू कर दिया। इस बीच दोनो पक्षों में नारेबाजी होने लगी। जिससे सदन का माहौल गर्मा गया। निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने दोनो पक्षों को शांत करने का प्रयास किया लेकिन कोई भी शांत होने को तैयार नही था।

इधर नारेबाजी करते हुये विपक्ष के पार्षदों ने सदन बैठक का बहिगर्मन कर दिया। इसके बाद सत्ता पक्ष के बजट प्रस्ताव को पारित कर दिया गया। करीब तीन दिनों तक बजट बैठक चली। इसमें बीच में इसे स्थगित भी किया गया था।



### ताश के पत्तों के तरह उड़े टीन-शेड

नगर में बेमौसम तेज हवा और बारिश के चलते गत दिवस कठौंदा प्लांट मे टीन-शेड उड़ गये। इससे पता चलता है कि नगर निगम द्वारा संचालित इस प्लांट में कई तरह से लापरवाही की जा रही है। इनकी देखरेख बेहतर रूप में नहीं हो रही है।

**इन पार्षदों ने चर्चा में भाग लिया**-बजट बैठक के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष से जिन पार्षदों ने चर्चा में भाग लिया उनमें विवेक राम सोनकर, कमलेश अग्रवाल, महेश राजपूत, विमल राय, मोनिका सिंह, रेणु कोरी और विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा, अयोध्या तिवारी, हर्षित यादव, सतेंद्र चौबे, हीरा शफीक, संतोष दुबे पंडा इत्यादि शामिल थे।

# ई-केवाईसी नहीं तो राशन नहीं

## कल से राशन कार्ड धारकों के कट जाएंगे नाम




**जबलपुर, देशबन्धु।** कल यानि 30 अप्रैल से पहले यदि राशन कार्ड धारकों ने ई-केवायसी नहीं कराई तो राशन कार्ड धारकों के नाम राशन कार्ड से कट जाएंगे। राशन कार्ड पर मिलने वाला मुफ्त राशन केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए है। ईकेवाईसी प्रक्रिया के बाद पात्रता रखने वाले हितग्राहियों को ही मुफ्त राशन की सुविधा प्राप्त होगी। प्रदेश के राशन कार्ड धारकों के लिए शासन द्वारा 9 अप्रैल से ई-केवाईसी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि यदि 30 अप्रैल से पहले राशन कार्ड पर राशन प्राप्त करने वाले लाभार्थी ई-केवाईसी नही करा पाते तो उन्हे 1 मई के बाद राशन प्राप्त करने में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

### एप से हो सकती हैं प्रक्रिया

ज्ञात हो कि हितग्राहियों की सुविधा हेतु प्रशासन ने मेरा ई-केवाईसी नामक मोबाइल एप भी लांच किया है। इस एप के माध्यम से कोई भी लाभार्थी घर बैठे अपने और अपने परिवार के सदस्यों की ई-केवाईसी कर सकता है। उसके लिए राशन कार्ड धारक के आधार नंबर और ओटीपी की जरूरत होगी। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा हितग्राहियों की सुविधा के लिए वार्ड स्तर पर ई-केवाईसी शिविर का आयोजन गांव और वार्ड स्तर पर किया जा रहा है। इन शिविरों में पीओएस मशीन की सहायता से लाभार्थियों का अंगूठा लगाकर ई-केवाईसी की जा रही है।

### एप में आ रही है समस्या

बताया गया हैं कि यदि हितग्राहियों को एप में भी परेशानी जा रही हो तो वे नजदीकी राशन दुकान पहुंच कर समस्या का निवारण कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि हितग्राहियों को यदि किसी कारणवश मोबाइल एप के जरिए ई-केवाईसी में समस्या हो रही है तो परेशान होने की जरूरत नही है इसके लिए आप अपनी नजदीकी राशन डीलर के पास जाकर भी ई-केवाईसी करा सकते है। बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए प्रशासन की घर पहुंच सेवा चल रही हैं। उम्रदराज तथा दिव्यांग जनो के लिए, शासन के निर्देश पर अधिकारियों की टीम अब आपके घर पहुंचकर भी ई-केवाईसी सुविधा उपलब्ध करा रही है।

# डीआरएम ने गाड़ियों में चलाया चेकिंग अभियान

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर मण्डल पर यात्रियों को ट्रेनों में अधिक भीड़ के दौरान आरामदायक यात्रा के उद्देश्य से समय-समय पर यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों में टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।



इसी कडी में मंडल के मुखिया कमल कुमार तलरेजा के नेतृत्व में 27 अप्रैल 2025 को जबलपुर से मैहर स्टेशन के बीच ट्रेन नंबर 13202 जनता एक्सप्रेस में सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए ट्रेन के प्रत्येक कोच का सघन निरीक्षण करवाया एवं बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर सख्त कार्यवाही की गई।

इस सघन टिकट चेकिंग अभियान में 338 यात्रियों को पकड़कर उनसे लगभग 2 लाख 40 हजार रुपए का रेल राजस्व एकत्र किया गया।

# दीनदयाल बस स्टैंड में डॉ भीमराव अंबेडकर जी का कीर्ति स्तंभ बनवाने की मांग



**जबलपुर, देशबन्धु।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड की पार्षद मोनिका पुष्पेंद्र सिंह के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर बाबा साहब जी की कीर्ति स्तंभ बनाने के लिए जबलपुर लोकसभा के यशस्वी सांसद आशीष दुबे को पत्र के माध्यम से मांग की है कि आईएसबीटी बस स्टैंड के सामने स्थित गार्डन में संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर जी का कीर्ति स्तंभ बनाए, जाने की मांग की। मांग पत्र पर ध्यान देते हुए संसद की आशीष दुबे ने अपनी सहमति जताई एवं अच्छी पहल की सराहना की।

मांग पत्र के दौरान भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर,भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह,मंडल अध्यक्ष योगेश बिलोहा,पूर्व मंडल अध्यक्ष टिकेंद्र यादव,मौजूद रहे।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने प्रशासन सजग

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में अक्षय तृतीया तथा वर्ष भर के दौरान अन्य विवाह मुहूर्तों पर बाल विवाह की रोकथाम के लिये व्यापक रणनीति तैयार की गई है। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों के नेतृत्व में अनुभाग स्तर पर सात सदस्यों की निगरानी समितियां गठित की गई हैं, वहीं बाल विवाह की सूचना प्राप्त करने जिला स्तर से लेकर खण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किये गये हैं तथा संवेदनशील क्षेत्रों में ग्राम स्तरीय दलों का गठन भी किया गया है।

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले में बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने समाज से भी आगे आकर प्रशासन को सहयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह होने की सूचना जिला स्तरीय या खण्ड स्तरीय कंट्रोल रूम, पुलिस कंट्रोल रूम, संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, थाना प्रभारी अथवा महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों को दी जा सकती है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनीष सेठ ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिये अनुभाग स्तर पर गठित निगरानी समितियां किसी भी स्तर से कहीं से भी बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल प्रभावी कदम उठाकर ऐसे आयोजनों को रोकेंगी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह की संभावना को रोकने तथा बाल विवाह से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु जबलपुर जिले में ब्लॉक एवं परियोजना स्तर पर 13 कंट्रोल रूम स्थापित किये गये हैं।



जबलपुर, देशबन्धु। कदम संस्था कार्यक्रम सिविक सेंटर में पौधारोपण हुआ, जिसमें प्रमुख नागरिक जन शामिल रहे।

## जसवंत सिंह पसरीचा आज होंगे सेवानिवृत्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के अधीक्षण अभियंता सिविल जसवंत सिंह पसरीचा 40 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 29 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# भाजपा जबलपुर महानगर के तीन मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

**जबलपुर, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद वीडी शर्मा के निर्देश अनुसार भाजपा जबलपुर महानगर के जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के अनुमोदन के पश्चात जबलपुर महानगर की उत्तर विधानसभा अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल एवं चंद्रशेखर आजाद मंडल के मंडल अध्यक्षों ने मंडल कार्यकारिणी घोषित की है। भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, उत्तर विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल के अध्यक्ष राहुल रजक, चंद्रशेखर आजाद मंडल के अध्यक्ष पुष्पराज पांडे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अध्यक्ष सपन यादव ने मंडल के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से 02 कार्मिक आज होंगे सेवानिवृत्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से 01 अधिकारी एवं 01 कर्मचारी 29 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे है।

**चन्द्रमणी प्रसाद सिंह** - मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता (संचा./ संधा.) पन्ना चन्द्रमणी प्रसाद सिंह, दिनांक 29 अप्रैल 2025 को 36 वर्ष 08 माह की निष्ठापूर्वक सेवा के पश्चात् सेवानिवृत्त हो रहे है। वह कंपनी के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे है।



**श्रीमती प्रियंका नाईक** - प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) में कार्यालय सहायक श्रेणी - तीन के पद पर पदस्थ श्रीमती प्रियंका नाईक, दिनांक 29 अप्रैल 2025 को 32 वर्ष 08 माह की निष्ठापूर्वक सेवा के पश्चात् सेवानिवृत्त हो रही है।



J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 140
मुर्गा मीडियम - रु. 134
मुर्गा बड़ा - रु. 120
मुर्गा जम्बो - रु. 120
मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 116
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 130
छोटा ब्रॉयलर - रु. 136
मोबाइल नं. 9300692405

FOR PRIVATE SCREENING CALL
+91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM
BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888
CALL BOOKING
0761-4069888
4069889
समदड़िया सिनेमा




KESARI CHAPTER-2
10:30AM
12:30PM
03:00PM
05:45PM
08:15PM
09:30PM
10:45PM

GROUND ZERO
10:00AM
01:00PM
03:00PM
05:30PM
07:30PM
10:45PM

JAAT
10:15AM
03:30PM
06:30PM
NE ZHA-2 3D(HINDI)
12:15PM
PHULE
05:00PM
10:00PM

UNTIL DAWN
10:15AM
08:00PM
ANDAZ APNA APNA
Re-release
02:00PM

नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
• हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) • यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) • शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) • हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) • छाती रोग • नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) • स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) • नेत्र रोग • शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

# अक्षय तृतीय पर होंगे पंचमठा मंदिर में बांके बिहारी के दोनों चरणों के दर्शन



**जबलपुर, देशबन्धु।** बदरीनाथ धाम के कपाट रविवार 12 मई को खुल गए। यहां पट खुलने का सीधा संबंध जबलपुर के बांके बिहारी मंदिर से जुड़ा है। गढ़ा स्थित पंचमठा मंदिर में लघु काशी, वृंदावन के दर्शन होते हैं। कथावाचक श्रीप्रियामानसी शर्मा बताती हैं कि अक्षय तृतीया के बाद भगवान बांके बिहारी के चरणों के दर्शन को लेकर कई कथाएं हैं। एक मान्यता के अनुसार संत हरिदास भगवान बांके बिहारी के मंदिर में सेवा करते थे। संत हरिदास की बड़ी इच्छा थी कि अक्षय तृतीया के दिन वे बदरीनाथ धाम जाकर भगवान के दर्शन कर कर सकें। लेकिन वे नहीं जा सके। ऐसा कहा जाता है कि संत हरिदास ने जैसे ही बांके बिहारी के चरणों के दर्शन किए तो उन्हें चरणों में चारों धाम के दर्शन हो गए। बस इसके बाद से वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर में भगवान के चरणों के दर्शन की परंपरा शुरू हो गई। ठीक इसी तर्ज पर जबलपुर के पचमठा मंदिर में भी अक्षय तृतीय के दिन भगवान बांके बिहारी के दोनों चरणों के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। ऐसा कहा जाता है कि यहां जो मूर्ति है वह मूर्ति भी वृंदावन से ही आई थी और यहां पर वृंदावन की ही तर्ज पर पूजा अर्चना की जाती है।



# "निधि आपके निकट 2.0" के दौरान निपटाये गये 119 मामले



**जबलपुर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर के अंतर्गत व्याप्त 16 जिलों में 28 अप्रैल 2025 को "निधि आपके निकट 2.0" शिविर आयोजित किए गए क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर में आयोजित शिविर के दौरान भविष्य निधि एवं पेंशन सदस्यों की शिकायतों को राकेश सहारावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-द्वारा सुना गया एवं उनका समाधान किया गया।

शिविर में सुनवाई के दौरान 2 मृत्यु दावे प्राप्त हुए जिनपर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। श्री राकेश सहारावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। ने यह भी बताया कि विभिन्न जिलों में आयोजित शिविर के दौरान "प्रयास" योजना के तहत पीपीओ वितरित किये गये। उन्होंने आगे बताया कि 28 अप्रैल को आयोजित "निधि आपके निकट 2.0" शिविर के दौरान सभी संबंधित जिलों की कुल 119शिकायतों का निपटान किया गया।

समस्त शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया गया कि भविष्य निधि कार्यालय द्वारा उनकी शिकायतों का निपटान किये जाने हेतु हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। शिविर में करूणाकर पांडेय, सहायक आयुक्त, आशीष श्रीवास्तव, लेखाधिकारी एवं मनीष मीणा, सा.सु.सहा. तथा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारी चंद्रभान सिंह उपस्थित रहे।

# गुर्दे के कैंसर की सफल सर्जरी के उपरांत, मरीज को मिली नई जिंदगी



**जबलपुर, देशबन्धु।** सतना निवासी , 72 वर्षीय यशवेंद्र प्रसाद गौतम की एक नियमित जांच के दौरान गुर्दे में कैंसर की जानकारी मिली। उनकी सीटी स्कैन रिपोर्ट में 3 सेमी के गुर्दे के ट्यूमर की पुष्टि हुई। जिसके बाद उन्हें जबलपुर के शैल्बी मल्टीस्पेसलिटी हॉस्पिटल के मूत्र रोग विभाग में सर्जरी के लिए भर्ती किया गया जहाँ डॉ. अनूप जैन, डॉ. इशान मर्चेंट की टीम द्वारा (लैप्रोस्कोपिक असिस्टेड ओपन पार्शियल नेफ्रेक्टॉमी) नामक सफल सर्जरी की गयी । इस प्रक्रिया में ट्यूमर को हटा कर गुर्दे को सुरक्षित रखा गया, जिससे मरीज की जान बचाई गयी तथा नई जिंदगी जीने के लिए उसे प्रेरित किया गया ।

# पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को हुडको का राष्ट्रीय सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को ऊर्जा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हुडको) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया । हुडको के 55 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 25 अप्रैल को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में कंपनी को यह प्रतिष्ठित अवार्ड प्रदान किया गया ।

कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक कार्य संजय भागवतकर द्वारा अवार्ड प्राप्त किया गया तत्पश्चात यह पुरस्कार पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी को ससम्मान सौंपा गया ।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (मा.संसा. एवं प्रशा.) श्रीमती नीता राठौर, प्रमुख (कम्प्यूटर पद्धति एवं संचलन) अरविंद सक्सेना, मुख्य वित्तीय अधिकारी विक्रम भास्कर, महाप्रबंधक (स्थापना) आर.सी. साहू उपस्थित रहे।

# संपूर्ण ब्राह्मण मंच का निः शुल्क उपनयन संस्कार एवं परिचय सम्मेलन

**जबलपुर,देशबन्धु।** 30 अप्रैल दिन बुधवार सुबह 7: 30 बजे परशुराम धाम ग्वारीघाट भगवान परशुराम जी का दुग्ध अभिषेक पूजन आयोजित किया गया जिसमें 31 बटुक एवं 24 युवतियां 40 युवक का रजिस्ट्रेशन मंच द्वारा किया गया है अन्य इस जो आना चाहते हैं परशुराम धाम ग्वारीघाट में उपस्थित हो सकते हैं सर्व समाज के द्वारा भगवान परशुराम जी की आरती एवं कन्या पूजन प्रति सप्ताह के अनुसार होगा जगतगुरु राघव



देवाचार्य महाराज ने कहा सनातन संस्कृति संपूर्ण जगत के लिए एक दर्शनशास्त्र है। उपस्थिति की अपील डॉ अरुण मिश्रा, प्रशांत तिवारी, रावेंद्र तिवारी, सुधाकर मिश्र, यदुवंश मिश्रा ,सीताराम कुरचानियापुष्पा तिवारी, सुधा मिश्रा, डा. स्वागतिकापति धनंजय बाजपेई निशांत शर्मा सार्थक शर्मा आनंद मोहन शर्मा, आभा तिवारी, मधुबाला दुबे मीरा दुबे जागृति शुक्ला वनिता मालवीय मिथिलेश तिवारी अनिकेत तिवारी माधव पांडे अनिल दुबे आर,एस पांडे सुशीलात्रिवेदी अन्नपूर्णा बाजपेई आरती शुक्ला राजेंद्र प्रसाद चौबे इं रविंद्र तिवारी जगदीश बाजपेई केके दुबे अनुराग त्रिवेदी अमित बाजपेई शशांक शुक्ला आदि ने उपस्थिति की अपील की है।



## महेन्द्रानंद महाराज के सानिध्य में शिव समाराधन महायज्ञ 1 मई से

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर की पाटन तहसील के प्रसिद्ध तीर्थ पवई धाम में पवई सरकार श्री हनुमान जी की प्रेरणा एवं कृपा से उनके ही सानिध्य में श्री शिवसमारधन महायज्ञ का अनुष्ठान 1 मई से 7 मई 2025 तक किया जा रहा है महायज्ञ में वृंदावन से पधारे अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय के श्रीमुख से श्रीमद भागवत कथा का वाचन होगा। महायज्ञ का उद्देश्य माँ नर्मदा को प्रदूषण से बचाना है इसके लिए जनजागरण किया जायेगा यज्ञ शाला में प्रतिदिन सौ से अधिक यजमान वैदिक मंत्रोच्चर के बीच आहुतियां प्रदान करेंगे यज्ञ में जबलपुर जिले के साथ अन्य प्रांतों के लोग भी शामिल होंगे संतों का सानिध्य भी प्राप्त होगा महायज्ञ को लेकर अभी से ग्रामीणों में खासा उत्साह है।


## विशाल-विराट भव्य शोभायात्रा आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर ब्राम्हण एकता मंच एवं भगवान परशुराम वंशज के नेतृत्व में सकल ब्राम्हण समाज द्वार भव्य-विराट विशाल शोभा यात्रा का आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पूर्व 29 अप्रैल मालवीय चौक से किया गया है, शोभा यात्र सांय 5.00 बजे मालवीय चौक से प्रारंभ होकर सतना बिल्डिंग, सुपर मार्केट गंजीपुरा, लार्डगंज, घमण्डी चौक, बड़ा फुवारा, कमानिया गेट, सराफा होते हुए कोतवाली थाने के समाने संपन्न होगी। शोमा यात्रा में बैंड एवं विप्र समाज रत्नों के तैल चित्रों के साथ विभिन्न झांकियां सम्मिलित रहेंगी, विप्र समाज आतंकवाद का विरोध करते हुए हाथों में आतंकवाद मुर्दाबाद की तख्तियां लेकर चलेगा, शोभा यात्रा में कान्यकुब्ज ब्राम्हण सभा, मार्गव ब्राह्मण कल्याण समिति, सनाव्य ब्राह्मण सभा, सनाठ्य कल्याण परिषद, अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा, अखिल भारतीय एकीकृत परिषद, स्वंयवर संस्कार मंच, संपूर्ण ब्राम्हण कल्याण महासमा, संपूर्ण ब्राम्हण मंच, व्यह्मण मंच, विप्र सेवा मण्डल, विप्र जनेऊ मंच, महाराज परशुराम सेना। शोभा यात्रा में जगतगुरु द्वाराचार्य सुखनंदचार्य, स्वामी राघवदेवाचार्य जी महाराज, जगतगुरु स्वामी नरसिंह दास जी महाराज, स्वामी चैतन्यानंद जी, ब्रिज बिहारी सरकार डॉ0 उमेश द्विवेदी जी (खकरिया वाले) मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। विप्र बन्धुओं से सपरिवार शोभा यात्रा में उपस्थिति की अपील सकल ब्राम्हण समाज ने की है।

## नैतिक मूल्य, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित की प्रेरणा दी : आचार्यश्री

**जबलपुर,देशबन्धु।** आज जस्टिस डी.के. पालीवाल आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के चरणों में आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने आचार्य श्री के सान्निध्य में आध्यात्मिक चर्चा करते हुए सामाजिक और राष्ट्रीय विषयों पर गंभीर संवाद किया।

आचार्य श्री ने उपस्थित जनों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित में सतत सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। जस्टिस पालीवाल ने भी आचार्य श्री के सिद्धांतों की




सराहना करते हुए, धर्म और राष्ट्रनिर्माण के बीच गहरे संबंध पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बार काउंसिल के अध्यक्ष डी.के. जैन, विपुल वर्धन जैन, पवन चौधरी, नन्नू जैन, सुधीर जैन (लक्ष्मी ), जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाशचंद्र जैन और आनंद सिंघई, अमित पडरिया भी उपस्थित रहे। सभी गणमान्य जनों ने आचार्य श्री के मंगलमय आशीर्वचन प्राप्त किए और उनके आशीष से प्रेरणा ग्रहण की।

# सर्विकल कैंसर से बचाव हेतु दो टीके

**जबलपुर,देशबन्धु।** देशबंधु की चिकित्सा सलाह कार एवम जबलपुर की महिला चिकित्सकों के संगठन ओब्स्ट एंड गायनिक्स की सचिव डा कोमल जैन ने बताया कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, जिसे सर्विकल कैंसर भी कहते हैं, महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा (गर्भाशय का निचला भाग) में कोशिकाओं के असामान्य रूप से बढ़ने से होता है. यह मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमावायरस संक्रमण के कारण होता है. भारत में, हर दिन लगभग 200 महिलाएं सर्विकल कैंसर के कारण मौत के मुंह में समा जाती है सर्विकल कैंसर महिलाओं मै ब्रेस्ट कैंसर के बाद दूसरा सबसे अधिक होने वाला कैंसर है

HPV के कई प्रकारों मै HPV 16,18 है जो कैंसर का कारण है । लेकिन खुशी



की बात यह है कि इस कैंसर को HPV वैक्सीन के द्वारा रोका जा सकता है । ये वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है ।9-14 वर्ष की आयु में दो खुराक (0,6)महीने पर 15-45 वर्ष की आयु को तीन खुराक (0,2,6) महीने पर लगाई जाती है ।

### *रोग के लक्षण*

- *पेट में नीचे की तरफ दर्द होना।*
- *योनि से गंदा, दुर्गंध युक्त पानी आना।*
- *माहवारी में अत्यधिक रक्तस्त्राव होना, या माहवारी के बीच - बीच में रक्त जाना।*
- *यौन सम्बंध के बाद ब्लीडिंग होना आदि।*

सभी कैंसर रोके नही जा सकते लेकिन HPV के कारण होने वाले कैंसर रोके जा सकते है । इसलिए अपने डॉक्टर से सलाह ले ओर आज ही सर्वाइकल कैंसर के बचाव की वैक्सीन लगवाए।

(डॉ. कोमल जैन सेक्रेटरी, जबलपुर ऑब्स × गायनिक सोसाइटी)

## ममता बैनर्जी के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध और आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा मालवीय चौक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विरुद्ध में प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई जिसमें टीएमसी की नेता ममता बनर्जी की चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध के साथ-साथ तृणमूल कांग्रेस पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग की गई क्योंकि कई वर्षों से पश्चिम बंगाल में हिंदुओं का नरसंहार , मंदिरों में तोड़फोड़ लूट पात ,बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं लेकिन इन सब के बाद भी दोषियों पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के द्वारा कोई भी कठोर कार्रवाई नहीं की जा रही है और इसके विपरीत बांग्लादेशी और मुसलमानों को शरण देकर देशविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है,इसी प्रकार पहलगाम में धर्म पूछ कर गोली मारने के विरुद्ध पाकिस्तानी और बांग्लादेशियों को देश से बाहर खदेड़ने की मांग की गई।

हिन्दुओं के द्वारा अपने ऊपर हो रहे हमलों का जवाब देने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया गया अपने सुरक्षा अपने हाथ ,भ्रष्ट को बैन करो ,हिन्दू की हत्यारिन ममता बैनर्जी को चुनाव आयोग बैन करो ,भ्रष्ट को आजीवन चुनाव लड़ने प्रतिबंध लगायें,ममता बैनर्जी के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध,भ्रष्ट विधायक सांसदों को बर्खास्त करो,जागो हिन्दुओं जागो, इस्लामिक आतंकवाद मुर्दाबाद, देश



के गद्दारों को जूते मारो सालो को इत्यादि नारेबाजी की गई।

जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी,आशीष विश्वकर्मा,रोशन गौतेल,हिमांशु त्रिपाठी,सोनू सतनामी,राजकुमार चौहान,रविता विश्वकर्मा,नेहा सोंधिया,राजीव राय,नरेश मिश्रा, अभिलाष पराग,सुमित यादव, सुजीत ठाकुर,नरेश वर्मा, राजकुमार शर्मा,प्रभु कुमार, आदित्य गुप्ता,शिवांग तिवारी दीपमाला इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पहलगाम हमले के विरुद्ध हिन्दू सेवा परिषद का अर्थी जुलूस



**जबलपुर,देशबन्धु।** आज हिन्दू सेवा परिषद् महाकाली प्रखंड द्वारा पेंटिनाका चौक पर एक जोरदार विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह प्रदर्शन पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में किया गया, जिसमें निर्दोष नागरिकों के प्राणों की नृशंस हत्या की गई। विरोध प्रदर्शन के दौरान परिषद् के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के विरुद्ध नारेबाजी की और पाकिस्तान का झंडा सड़क पर फैलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इसके साथ ही पाकिस्तान के विरुद्ध अर्थी जुलूस भी निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का परिचय दिया। हिन्दू सेवा परिषद ने इस घटना की कठोर निंदा करते हुए केंद्र सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध कठोर और निर्णायक कार्रवाई की मांग की। परिषद ने स्पष्ट कहा कि जब तक आतंकवाद को पनाह देने वाले राष्ट्र को वैश्विक मंच पर सबक नहीं सिखाया जाएगा, तब तक निर्दोषों का रक्तपात बंद नहीं होगा। आज के कार्यक्रम में नितिन सोनपाली, उत्कर्ष रावत, गौरव साहू, उमेश रजक, अमन शर्मा , सनी खाटीक, विजय, मोनू पिल्लई एवं अन्य उपस्थित थे।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 29 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख शुक्ल पक्ष की द्वितीया नक्षत्र- कृतिका।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।
क-

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

## कामरेड महेन्द्र बाजपेयी स्मृति व्याख्यानमाला

**जबलपुर,देशबन्धु।** देश प्रदेश और शहर जबलपुर के मेहनतकशों के साथ संघर्ष व एकजुटता के प्रतीक कामरेड महेन्द्र बाजपेयी। विशेषकर जबलपुर में सुरक्षा संस्थानों में ट्रेड यूनियनों के संस्थापक कॉमरेड महेन्द्र बाजपेयी की 29 अप्रैल 2025 को 10वीं पुण्य तिथि है। काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स विगत 10 वर्षों से उनकी स्मृति में प्रति वर्ष व्याख्यान माला का आयोजन करती आ रही है।

इसी कड़ी में 29 अप्रैल 2025 शाम 7 बजे ओमती थाना परिसर में स्थिति इंडियन काफी हाउस में एक सभा आयोजित है जिसे प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता प्रगतिशील लेखक संघ के राष्ट्रीय सचिव साथी विनीत तिवारी सम्बोधित करेंगे। इस आयोजन में आप सदर आमंत्रित है आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस, सेंटर फॉर इन्डियन ट्रेड यूनियन, कौंसिल ऑफ़ ट्रेड यूनियन के द्वारा सभी श्रमिक संगठनों से अपील है की वे अपने साथियों के साथ अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल में उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

## कचहरी दरगाह में परचम कुशाई आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के सामने स्थित हजरत ख्वाजा



अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा रहमतुल्ला अलैह के आस्ताने पर परचम कुशाई का एहतेमाम किया गया है! सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी आयोजन की सरपरस्ती फरमायेंगे। खादिमे आला चंगेज खान अशरफी के अनुसार बाद नमाज़ मगरिब मज़ार मुबारक पर गुल पोशी कर परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। परचम कुशाई पश्चात दुआएँ खैर की जाएगी और लंगर तकसीम किया जाएगा। खादिमाने दरगाह ने तमाम अकीदत मंदो से शिरकत की गुजारिश की है।

## पेंशनर्स को कर्मचारियों के समान महंगाई राहत दी जाये

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन के जिला शाखा अध्यक्ष डॉ. अरूण पाण्डे, संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी. शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कर्मचारियों का 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा की है, किन्तु 6 लाख पेंशनर्स का किसी भी प्रकार का कोई भी जिक्र नहीं है जिससे प्रदेश के समस्त पेंशनरों में भारी रोष व्याप्त है क्योंकि पूर्व मेंप्रदेश के कर्मचारियों के साथ-साथ पेंशनर्स को भी महंगाई राहत दी जाती थी, किन्तु मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ बंटवारे के बाद धारा 49/6 की आड़ में कई महीनों के बाद महंगाई राहत दी जाती है और पेंशनर्स को एरियर्स भी नहीं दिया जाता, जिससे पेंशनर्स को आर्थिक क्षति हो रही है। प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन के शाखा अध्यक्ष डॉ. अरूण पांडे, संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी.शुक्ला, आर के प्यासी, जी डब्ल्यू रतनपारखी, के के शुक्ला, के के गर्ग, एन.पी निगम, बी.डी. शर्मा आदि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि जिस प्रकार से प्रदेश के कर्मचारियों को 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया गया ठीक उसी प्रकार प्रदेश के पेंशनर्स को भी महंगाई राहत दी जाये।

## शिक्षक संवर्ग से पक्षपात समयमान वेतनमान योजना की जगह पुरानी क्रमोन्नति

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मॉर्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की म. प्र. में वर्तमान मे समस्त केडर के अधिकारी/कर्मचारी के लिए 01-04-2006 से 10, 20 30 वर्ष की सेवा मे समयमान वेतनमान दिये जाने का प्रावधान है, परंतु शिक्षा विभाग में उदासीनता के चलते अन्य केडर की भाँति शिक्षक केडर को समयमान वेतन 10,20,30,35 वर्षों में नहीं दिया जा रहा है।

पूर्व से लागू क्रमोन्नति योजना जो 12 वर्षों की सेवा उपरांत मिलती है वही लागू है जिससे समस्त शिक्षक संवर्ग को आर्थिक नुकसान हो रहा हैद्य अतः संगठन आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय से मांग करता है की समस्त शिक्षक संवर्ग को अन्य केडर की भाँति 10-20-30 वर्षों में समयमान

**क्रमोन्नत योजना के स्थान पर समयमान योजना का लाभ दिया जाए**

वेतनमान दिए जाने के आदेश जारी किये जाए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, राकेश श्रीवास, रऊफ खान, दिनेश गोंड, गुडविन चार्ल्स, विनोद सिंह, एनोस विक्टर, राजकुमार यादव, देवेन्द्र भट, राम प्रसाद दुबे, आषाराम झारिया, मनीष मिश्रा, संतोष चौरसिया, सुधीर पावेल, सुरेन्द्र चौधरी, फिलिप अन्थोनी, गोपीषाह, मनमोहन चौधरी, दीपेष जैन, उमेष सिंह ठाकुर, सुधीर अवधिया, धनराज पिल्ले, वसुमुद्दीन, सुनील झारिया, मक़सूद अहमद कादरी, राजेन्द्र सिंह, रामदयाल उईके, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, रवि जैन, नेत राम, नीरज मरावी, वीरेन्द्र श्रीवास, विनय रामजे, आषीष कोरी, एस.बी.रजक, सुखराम विष्वकर्मा आदि ने आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय से मांग की।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती विमला द्विवेदी-** मदनमहल प्रेमनगर गंगानगर रोड निवासी श्री रघुवर शरण द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला द्विवेदी (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री हरिहर नारायण वर्मा-** फूटाताल लाल स्कूल के पास निवासी श्री हरिहर नारायण शर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक कोल-** माढ़ोताल कोल बस्ती निवासी श्री नमई कोल के पुत्र श्री दीपक कोल (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रामीला गीते-** दिव्य परिसर पाटन रोड निवासी श्री प्रभाकर गीते की धर्मपत्नी श्रीमती रामीला गीते (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जूली यादव-** छोटी ओमती उडिया मोहल्ला निवासी श्री आशीष कुमार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती जूली यादव (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अंकुश शर्मा-** गुजराती कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री अंकुश शर्मा (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री परमू पटेल-** लोधी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री परमू पटेल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मीना जाटव-** गली नं. 14, सदर निवासी श्री संजय जाटव की धर्मपत्नी श्रीमती मीना जाटव (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती वीना कोहली-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री विनोद कोहली की धर्मपत्नी श्रीमती वीना कोहली (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती चांदरानी नेब-** साउथ सिविल लाइन निवासी श्री चानन लाल नेब की धर्मपत्नी श्रीमती चांदरानी नेब (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोना बाई झारिया-** ब्यौहारबाग निवासी श्री खेमराज झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई झारिया (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अरूणा पटेल-** प्रगतिशील कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री नटवर लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती अरूणा पटेल (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन गुहा-** मानेगांव रांझी निवासी श्री मोहन गुहा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# सैकड़ों वकीलों ने किया एसपी ऑफिस का घेराव

## पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं से अभद्रता का विरोध, एफआईआर निरस्त करने की मांग

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला बार एसोसिएशन जबलपुर के तत्वावधान में सोमवार को सैकड़ों अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं से अभद्रता का विरोध किया गया। झूठी एफआईआर निरस्त करने ज्ञापन सौंपा गया। दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई पर बल दिया गया। ऐसा न किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने बताया कि 26 अप्रैल को माढ़ोताल थानांतर्गत अधिवक्ताओं पर हमले के बाद से अधिवक्ता समुदाय बेहद आक्रोशित है। दरअसल, जबलपुर को मिल रही नई चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल होने अधिवक्तागण माढ़ोताल गए थे। इसी दौरान अधिवक्ता विवेक पटेरिया को एसआई बृजेंद्र तिवारी, आरक्षम सत्यम सहित अन्य ने रोक लिया। बड़ी अभद्रता से गाड़ी की चाबी निकाल ली। जिसके बाद विवेक ने अपना परिचय दिया, साथ ही कार्यक्रम के



बारे में बताया। लेकिन पुलिस दल ने एक नहीं सुनी। गाली-गलौज करते हुए हमला बोल दिया। इससे विवेक की दाएं हाथ की उंगली कट गई। जानकारी मिलते ही जिला बार के सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। उनके साथ अधिवक्ता दशरथ अहिरवार भी थे। दोनों ने पुलिस से बातचीत प्रारंभ की। लेकिन उनकी एक न सुनते हुए उनके साथ भी गाली-गलौज की गई। यही नहीं यह तक कहा गया कि बुला लो अपने अध्यक्ष मनीष मिश्रा को, किसी से नहीं डरते।

जिला आर अध्यक्ष मिश्रा ने बताया कि एक तो वकीलों से मारपीट की गई और उसके बाद उनके ही विरुद्ध झूठी एफआईआर दर्ज कर ली गई। वकीलों ने मांग की कि दोषी एसआई बृजेंद्र तिवारी, एसएसआई महेंद्र शुक्ला, हवलदार रामेश्वर, आरक्षम सत्यम, राजकुमार, आदित्य, आरक्षक बलराम बरकड़े, महिला आरक्षक रूमिता कुसरने सहित अन्य पर कार्रवाई की जाए। साथ ही अधिवक्ताओं के विरुद्ध झूठी एफआइआर निरस्त की जाये। घटना में शामिल पुलिस वालों को तत्काल निलंबित कर, थाने हटाया जाए। ऐसा इसलिए ताकि निष्पक्ष जांच हो सके।

## नशीले इंजेक्शन का कारोबार करने वाले दो आरोपी पकड़ाएं

### क्राईम ब्रांच व अधारताल पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राईम ब्रांच की टीम ने अधारताल पुलिस के संयुक्त कार्यवाही करते हुए वृंदावन गार्डन के पास से नशीले इंजेक्शनों का कारोबार करने वाले दो आरोपियों को दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने सौ नशीले इंजेक्शन व एक मोबाइल और इंजेक्शन बिक्री के 2520 रुपये जप्त किये है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मप्र ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच के साथ मिलकर वृंदावन गार्डन के सामने वाली गली में दबिश दी गई। जहां से संजय यादव उम्र 35 वर्ष व प्रफुल्ल पटेल उम्र 31 वर्ष दोनों निवासी पटेल नगर महाराजपुर अधारताल को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपी संजय यादव के पास से 50 नग फेनिरामाईन मैलेट इंजेक्शन एवं 50 नग बुप्रेनोरफिन नामक प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किये।

जिसने पूछताछ में उक्त इंजेक्शन पनागर निवासी अभिषेक द्वारा लाकर देना बताया। अभिषेक द्वारा लाकर दिये नशीले इंजेक्शनों के अपने साथी प्रफुल पटेल के साथ चार सौ रुपये प्रति इंजेक्शन के हिसाब से बेचना स्वीकार किया। इंजेक्शन बिक्री के पैसे प्रफुल पटेल के पास होना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 100 नग नशीले इंजेक्शन एवं रेडमी कंपनी का मोबाइल एवं इंजेक्शन बिक्री के 2520 रुपये जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध म.प्र.ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी अभिषेक की तलाश शुरु कर दी है।

## पिस्टल व देशी कट्टे सहित दो गिरफ्तार

### गढ़ा व घमापुर पुलिस की कार्यवाही

**जबलपुर,देशबन्धु।** गढा व घमापुर पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो देषी कट्टे व एक पिस्टल बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की। गढा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार महेंद्र कुमार नामदेव उम्र 46 वर्ष निवासी एमएलबी स्कूल के पीछे राइट टाउन मदनमहल देसी कट्टे की सप्लाई करने देवताल तालाब आया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर उसे अभिरक्षा में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास कैरी बैग में 2 देशी कट्टा एवं 2 कारतूस जप्त किया। इसी प्रकार घमापुर पुलिस ने शैलेष उर्फ डिम्पी राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी बिछैल तिराहा रज्जन डेयरी को देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया।

# संस्कृत बोर्ड की प्रवेश देने से रोकने संबंधी आदेश पर अंतरिम रोक

### हाईकोर्ट से छात्रों को बड़ी राहत, परीक्षा फार्म स्वीकार करने के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने संस्कृत बोर्ड की उस नीति पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके जरिए कक्षा नवमी और ग्यारहवीं संस्कृत बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों से उत्तीर्ण करने वालों को ही दसवीं और बारहवीं में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने बोर्ड के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए छात्रों के परीक्षा फार्म स्वीकार कर उन्हें परीक्षा में शामिल किये जाने के निर्देश दिये है। यह मामले आधा दर्जन स्कूलों की ओर से हाईकोर्ट में दायर किये गये थे। जिनकी ओर से अधिवक्ता अमृत रूपराह ने पक्ष रखा। जिसमें संस्कृत बोर्ड जो अब महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल के नाम से जाना जाता है के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत प्रवेश नीति में संशोधन कर यह शर्त जोड़ी गई थी कि केवल वे छात्र ही कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रवेश ले सकेंगे जिन्होंने अपनी कक्षा 9 वीं अथवा 11वीं संस्कृत बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों से उत्तीर्ण की हो। आवेदकों की ओर से कहा गया कि जिन छात्रों ने पूर्व में मप्र बोर्ड या सीबीएसई से पढ़ाई की थी, उनके परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किए जा रहे है। आवेदकों की ओर से कहा गया कि कि मप्र बोर्डए सीबीएसई एवं संस्कृत बोर्ड सभी सरकारी संस्थाएँ हैं और इस प्रकार का भेदभाव पूर्णत~ अनुचित और मनमाना है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश दिये।

## कॉलोनी की खुली जमीन पर सरकारी विभागों ने किया अतिक्रमण

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड द्वारा कॉलोनी बनाते हुए सार्वजनिक उपयोग के लिए खुली जमीन खोली गयी थी। जिस पर नगर निगम, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अतिक्रमण कर कार्यालय खोलने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि नगर निगम भोपाल के द्वारा वेस्ट डम एरिया बनाने की तैयार कर रहा है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मामले की सुनवाई पश्चात् यथास्थिति के आदेश जारी करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह मामलीाा भोपाल निवासी निसार खान की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के द्वारा ऐशबाग एरिया में कॉलोनी बनाई गयी थी। जिसके बाद में नगर निगम को स्थानांतरित कर दिया गया था। हाउसिंग बोर्ड ने एमआईजी श्रेणी के मकानों वाले क्षेत्र में लगभग 12 हजार वर्ग फीट जमीन को सार्वजनिक उपयोग हेतु खुला छोड़ा गया था। सार्वजनिक उपयोग के लिए छोड़ी गई जमीन पर नगर निगम द्वारा अपना कार्यालय बना लिया गया। इसके बाद आंगनवाडी केन्द्र तथा लोक स्वास्थ्य विभाग का कार्यालय की स्थापित कर दिये गये है। नगर निगम द्वारा वेस्ट डम एरिया बनाने का प्रस्ताव बना रहा है। याचिका में कहा गया था कि आंगनवाड़ी तथा लोक स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय स्थापित करने सरकार के द्वारा जमीन आवंटित की गयी होगी। इसके बावजूद भी कॉलोनी के निवासियों के लिए नियमानुसार छोड़ी गई जमीन पर सरकारी विभाग के द्वारा अतिक्रमण कर कार्यालय स्थापित किये जा रहे है। युगलपीठ ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता केके अग्निहोत्री व अधिवक्ता अनमोल चौकसे ने पैरवी की।

## बच्चों की शिक्षा व रोजगार में आरक्षण का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

### सुको में लंबित मामले की स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** अनाथ बच्चों को शिक्षा एवं रोजगार में आरक्षण देने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ को सुनवाई दौरान बताया गया कि इस याचिका में उठाए गए मुद्दों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लंबित है। हाईकोर्ट ने सरकार को अगली सुनवाई तक सुको में




लंबित प्रकरण का स्टेटस पेश करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही युगलपीठ कहा है कि क्या इस याचिका मे उठाए गए मुद्दे सुको की याचिका के समान हैं। मामले पर अगली सुनवाई 5 मई को होगी। जबलपुर में दिशा एजुकेशन एण्ड फाउंडेशन नामक संस्था के अध्यक्ष कैलास कुमार वासनिक की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह, अखिलेश प्रजापति व जीएस उद्दे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य में अनाथ बच्चों-छात्रों को पृथक वर्ग मे रखते हुए उन्हें शिक्षा एवं रोजगार मे कम से कम 5 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए। आवेदकों की ओर से कहा गया कि अनाथ छात्रों को दिल्ली विश्वविधलाय द्वारा प्रत्येक संकाय में एडमीशन हेतु आरक्षण की व्यवस्था की गई है। महाराष्ट्र व उत्तराखंड राज्य ने ऐसे बच्चों को शिक्षा तथा रोजगार मे 5 फीसदी आरक्षण का कानून बनाया गया है। पिछले साल संसद में अनाथों को पृथक वर्ग घोषित कर आरक्षण देने का बिल प्रस्तुत किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 10 अगस्त 2022 को मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना बनाई गई है, जिसमें प्रतिमाह 4 हजार रुपए दिए जाने की व्यवस्था की गई है।

मध्य प्रदेश सरकार से सूचना के अधिकार के तहत आनाथ बच्चों की संख्या तथा उनको शासन स्तर पर दिये जाने बाली सुविधाओं की जानकारी चाही गई थी। सरकार की ओर से बताया गया कि उनके पास आनाथ बच्चों का कोई अधिकृत डाटा उपलब्ध नहीं है। मांग की गई कि सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संवैधानिक पीठ ने एक अगस्त 2024 को पंजाब राज्य के मामले में दिये फैसले के तहत मप्र में भी अनाथ बच्चों को शिक्षा तथा रोजगार मे कम से कम 5 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था दी जाये। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## उम्रकैद की सजा हाईकोर्ट ने की निरस्त

### साक्ष्यों के अभाव में दिया फैसला

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा कि चश्मदीद गवाह और पुख्ता सबूत के अभाव में हत्या का अपराध साबित नहीं होता। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस देवनाराणया मिश्रा की युगलपीठ ने कहा कि केवल बेल्ट के एक टुकड़े को परिस्थितिजन्य साक्ष्य मानते हुए सजा से दंडित नहीं किया जा सकता है। नरसिंहपुर निवासी कन्हैयालाल नौरिया की तरफ से बरमान पुलिस चौकी में 2 फरवरी को कोसाबाई के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। ढूंढने पर उसकी लाश मिली। मृतका के पति लेखराम चौधरी ने बताया कि उसकी पत्नी बकरियां चराने गई थीं। उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई और बकरियां भी चुरा ली गईं। मृतका के पास से एक बेल्ट का टुकड़ा मिला, जोकि कन्हैयालाल का बताया गया। दलील दी गई कि न तो कन्हैया के पास से गुमी हुई बकरियां मिलीं और न ही बेल्ट का दूसरा टुकड़ा मिला। मामले में कोई चश्मदीद गवाह भी नहीं है। पुलिस ने केवल परिस्थितियों के आधार पर प्रकरण दर्ज किया था। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने सजा निरस्त कर दी।

## नये कानून के तहत प्रदान नहीं कर रहे भूमि अधिग्रहण की राशि

### संबंधित पक्ष की तरफ से पेश किये गये लिखित पक्ष

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश सरकार के द्वारा नये भू-अर्जन कानून के तहत अधिग्रहित जमीन का मुआवजा नहीं दिये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में चार याचिकाएं दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान सभी संबंधित पक्षों के द्वारा लिखित में अपना पक्ष प्रस्तुत किया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने सभी याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई 23 जून को निर्धारित की गयी है।

नर्मदा बचाओ आंदोलन सहित अन्य चार की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि नए भू-अर्जन कानून 2013 के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में अधिग्रहित जमीन का मुआवजा एक से दो गुना के बीच दिया जाना है। शहरी क्षेत्र से जितनी दूरी अधिक होगी उस अनुपात से मुआवजा राशि में बढ़ोतरी होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनों की कीमतें कम होने के कारण यह प्रावधान रखा गया था। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इसका उल्लंघन करते हुए सभी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जमीन की सरकारी दर के अनुसार मुआवजा निर्धारित किया गया है। जिससे ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहित होने पर बहुत कम मुआवजा मिलता है। याचिका में सरकार के इस गैर कानूनी निर्णय को रद्द करते हुए उचित गुणांक के अनुसार मुआवजा दिये जाने की राहत चाही गयी थी।

जनहित याचिका में कहा गया था कि अनेक राज्यों जैसे महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तराखंड आदि ने यह गुणांक दो निर्धारित किया है। जिस कारण इन राज्यों में ग्रामीणों को दुगना मुआवजा मिल रहा है। कई अवसर दिये जाने के बावजूद भी सरकार के द्वारा जवाब पेष नहीं किये जाने पर हाईकोर्ट ने 30 हजार रूपये की कॉस्ट भी लगाई थी। पिछली सुनवाई के दौरान युगलपीठ ने संबंधित पक्षों को अपने तर्क लिखित में प्रस्तु करने के आदेष जारी किये थे। युगलपीठ ने सोमवार को सुनवाई के बाद उक्त आदेष जारी किये। याचिकाकर्ताओं की तरफ से अधिवक्ता श्रेयांश पंडित तथा अधिवक्ता राहुल दिवाकर ने पैरवी की।

## कॉलोनी की खुली जमीन पर सरकारी विभागों ने किया अतिक्रमण

### हाईकोर्ट ने यथास्थिति के आदेष जारी करते हुए जारी किये नोटिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड द्वारा कॉलोनी बनाते हुए सार्वजनिक उपयोग के लिए खुली जमीन खोली गयी थी। जिस पर नगर निगम,महिला एव बाल विकास विभाग,लोक स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अतिक्रमण कर कार्यालय खोलने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि नगर निगम भोपाल के द्वारा वेस्ट डम एरिया बनाने की तैयार कर रहा है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगल पीठ ने याचिका की सुनवाई के बाद यथास्थिति के आदेष जारी करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

भोपाल निवासी निसार खान की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के द्वारा ऐशबाग एरिया में कॉलोनी बनाई गयी थी। जिसके बाद में नगर निगम को स्थानांतरित कर दिया गया था। हाउसिंग बोर्ड ने एमआईजी श्रेणी के मकानों वाले क्षेत्र में लगभग 12 हजार वर्ग फीट जमीन को सार्वजनिक उपयोग हेतु खुला छोडा गया था। सार्वजनिक उपयोग के लिए छोडी गई जमीन पर नगर निगम द्वारा अपना कार्यालय बना लिया गया। इसके बाद आंगनवाडी केन्द्र तथा लोक स्वास्थ्य विभाग का कार्यालय की स्थापित कर दिये गये है। नगर निगम द्वारा वेस्ट डम एरिया बनाने का प्रस्ताव बना रहा है।

याचिका में कहा गया था कि आंगनवाड़ी तथा लोक स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय स्थापित करने सरकार के द्वारा जमीन आवंटित की गयी होगी। इसके बावजूद भी कॉलोनी के निवासियों के लिए नियमानुसार छोडी गई जमीन पर सरकारी विभाग के द्वारा अतिक्रमण कर कार्यालय स्थापित किये जा रहे है। युगलपीठ ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद उक्त आदेष जारी किये। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता के के अग्निहोत्री व अधिवक्ता अनमोल चौकसे ने पैरवी की।

## दोनों पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

### हेलमेट चेकिंग के दौरान भाजयुमो नेता से मारपीट का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** तिलवारा थानाक्षेत्र में हेलमेट चेकिंग के दौरान भाजयुमो नेता से मारपीट करने वाले दोनों पुलिस कर्मियों प्रधान आरक्षक जयशंकर और आरक्षक अभय बघेल को निलंबित कर दिया गया है।

संगम कॉलोनी निवासी पवन शर्मा के मुताबिक शनिवार की रात वे अपने दोस्त के साथ तिलवारा घाट जा रहे थे। रास्ते में पुलिस ने वाहन चेकिंग के लिए उन्हें रोका। पवन ने अपना परिचय देते हुए पुलिस को चालान बनाने को कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि परिचय देने के बाद भी पुलिस विवाद करने लगे और उन्हें थाने ले गए जहां बुरी तरह मारपीट की। मारपीट से घायल हुए पवन शर्मा किसी तरह विजयनगर थाने पहुंचे। यहां उन्होंने तिलवारा थाने के पुलिसकर्मियों की शिकायत दर्ज कराई। विजयनगर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह पंवार ने घायल पवन का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया। एएसपी सुर्यकांत शर्मा ने बताया कि तिलवारा में वाहन चेकिंग के दौरान अभद्रता करने वालों को निलंबित कर दिया गया है। उन पर विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

## आरक्षक की अटैक आने से मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** लार्डगंज थाने में पदस्थ आरक्षक की



अचानक खेल मैदान में क्रिकेट खेलते हुए अटैक आने के उपरांत मौत हो गई जानकारी के अनुसार, रविवार शाम को लगभग 28 बर्षीय सौरभ शुक्ला चरगवां के पास क्रिकेट टूर्नामेंट में स्थानीय युवकों के साथ क्रिकेट मैच खेल रहा था तभी रात 11 बजे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसने अचानक कमजोरी महसूस की, जिसके बाद साथियों ने उसे पास के पेड़ के नीचे आराम करने की सलाह दी। कुछ देर बाद वह बेहोश होने लगा जिससे घबराकर वह साथी खिलाड़ी तुरंत उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसके मुंह पर कफ आगया और रास्ते में ही उसकी मौत हो गई अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने शुरुआती जांच में आशंका जताई कि आरक्षक की मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई है। सूचना मिलते ही लार्डगंज थाने व पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम मेडिकल भेज दिया गया है पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।

## दो शराब तस्कर पुलिस गिरफ्त में, अंग्रेजी,देशी व कच्ची शराब जब्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** कटंगी एवं घमापुर पुलिस ने दो आरोपियों को 194 पाव अंग्रेजी एवं 150 पाव देशी तथा 60 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की।



कटंगी थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की शिफ्ट कार क्रमांक डीएल 6 सीएल 6606 में अवैध शराब रखकर लाई जा रही है। सूचना पर मेन रोड पर नाकाबंदी कर कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार में 7 कार्टून रखे मिले जिसमे 2 कार्टून में 8 पीएम के 96 पाव, 1 कार्टून मे बैगपाइपर के 48 पाव, 1 कार्टून मे बॉम्बे स्पेशल के 50 पाव, 3 कार्टून में 150 पाव देशी शराब कुल कीमत लगभग 45 हजार रुपये की रखी मिली। पुलिस ने आरोपी आयुष विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।घमापुर पुलिस ने हेमेन्द्र चौधरी उम्र 35 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला को 60 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

## शराब के लिये रुपये नहीं देने पर चार व्यक्ति हुए रक्तरंजित

### हनुमानताल, पनागर, कटंगी व गोरखपुर क्षेत्र में वारदात


**जबलपुर,देशबन्धु।** शराब के लिये रुपये न देने पर चार थाना क्षेत्रों में बदमाशों द्वारा मारपीट कर पत्थर व चाकू से हमले किये जाने के मामले सामने आये है। उक्त वारदात हनुमानताल, पनागर, कटंगी व गोरखपुर क्षेत्र में घटित हुई है। चारों ही मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।

हनुमानताल पुलिस ने बताया कि सिंधी केम्प निवासी 32 वर्षीय इंद्रपाल चौधरी सुबह बाबू होटल के सामने चाय पी रहा था। उसी समय टिल्लू चौधरी पहुंचा और शराब पीने के लिये पचास रुपये मांगने लगा। इंद्रपाल ने रुपये देने से मना किया तो टिल्लू ने पत्थर से हमला कर उसके सिर में चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार पनागर पुलिस ने बताया कि कटनी के माधवनगर शिवराजपुर निवासी दुर्गा पटेल परियट आंगनवाड़ी के पास तालाब गहरीकरण का कार्य कर रहा था। उसी दौरान श्रीकांत उर्फ ऋषि तिवारी पहुंचा और दुर्गा पटेल से रुपयों की मांग करने लगा। दुर्गा के रूपये देने से मना करने पर आरोपी ने डंडे से हमला कर दुर्गा को चोटे पहुंचा दी, इतना ही नहीं तालाब का काम करने पर जान से मारने की धमकी दी।

व कटंगी पुलिस ने बताया कि पौड़ी राजघाट निवासी राघवेन्द्र सिंह बीती रात आठ बजे टहलते हुए अपने घर जा रहा था। पौड़ी तिराहा पर गांव का जितेन्द्र उर्फ भल्ला लोधी पहुंचा और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रुपये मांगने लगा। राघवेन्द्र ने रुपये देने से मना किया तो भल्ला ने मारपीट करते हुए उसे चोटे पहुंचा दी। गोरखपुर पुलिस ने बताया कि शक्ति नगर बदनपुर निवासी 24 वर्षीय सोनू रजक बर्फ के गोले का ठेला ननि कार्यालय जोन-3 इंद्रानगर के सामने लगाता है। बीती रात दस बजे ठेला बंद करने के दौरान उसने एक पैग शराब पी और ग्राहकों के लिये बर्फ का गोला बनाने लगा। उसके नियमित ग्राहक अब्बू, दीपक, क्रिश व लुक्कू चक्रवती उसके ठेले के पीछे शराब पी रहे थे। क्रिश ने उसके पास पहुंचकर मिल्क शेक मांगा। जब उसने मिल्क शेक बनाकर दिया तो क्रिश कहने लगा कि मिल्क शेक अच्छा नहीं बना है। उसी दौरान क्रिश के साथी अब्बू, दीपक और लुक्कू पहुंचे और सभी शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगे। सोनू ने रुपये देने से मना किया तो क्रिश ने उसे पकड़ लिया और अब्बू ने चाकू से हमला कर उसके दाहिने पैर की जांघ में चोट पहुंचा दी। उक्त चारों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामलों को विवेचना में लिया है।

## पैर में सुसाइड नोट लिखकर फांसी में झूल गई महिला

**● देवर पर लगाये गंभीर आरोप, रखता है गंदी नजर**



**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज जिला मुख्यालय के नईगढ़ी थाना क्षेत्र के वार्ड 8 में एक महिला ने पैरों में सुसाइड नोट लिखकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना पर पहुंचे मायके वालो ने देवर सहित सास ससुर पर हत्या का आरोप लगाया है पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक 27 साल की मंजू साकेत का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटकता मिला। घटना के वक्त परिवार के अन्य सदस्य खलिहान में फसल गहाई कर रहे थे। मृतका का देवर और भतीजी घर लौटे तो फंदे पर शव देखकर उनके होश उड़ गए। आनन फानन में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतका के पैर पर सुसाइड नोट लिखा मिला है। उसमें मंजू ने अपने देवर अंकुश पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतिका ने लिखा है कि देवर उसे गंदी नजरों से देखता था और धमकी भी देता था। उसने अपने पांव में लिखा है कि जब से मेरी मम्मी दुनिया छोड़कर गई है, तब से मैं तुमको अपनी मम्मी पापा ही मानी हूं। तुम भी मुझसे बहुत प्यार करते थे। लेकिन तुम्हारा भाई बहुत गंद है। वह मुझे गंदी नजर से देखता है। जब मैं कुछ बोलती हूं तो झगड़ा करता है। मैं सोची कि तुमसे बता दूं, लेकिन मैं तुमसे नहीं बता पाती थी। मुझे लगता था कि तुम कहीं कुछ कर ना लो। मैं तो जा रही हूं इस दुनिया से मगर अंकुश को छोड़ना मत।

जांच के दौरान मृतिका के शरीर पर चोटों के निशान भी पाए गए हैं। वही घटना की सूचना पर पहुंचे मृतका के भाई गोविंद ने आरोप लगाया कि उनकी बहन की हत्या कर उसे लटकाया गया है। उसने सास, ससुर और देवर के खिलाफ गंभीर आरोप लगा निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला संदिग्ध मानते हुए गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।



## पहलगाम में शहीद हुए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**पाटन, देशबन्धु।** विगत दिवस पहलगांव में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को पाटन विधानसभा के ग्राम टिमरी में कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा युवा मोर्चा से साहिल उपाध्याय ने बताया की हमे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा भरोसा है। आतंकियों ने धर्म पूछकर सैलानियों को मारा है। श्रद्धांजलि सभा में राकेश यादव जनपद सदस्य पाटन, हर्षित पांडे, राजकिशोर पटेल, राजेश पटेल, घनश्याम दुबे, शिवराम पटेल, अनुज सोनी, अजय ठाकुर, नीरज यादव, अरविंद यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने आतंकियों का पुतला फूंका



**बरेला, देशबन्धु।** पहलगांव, पुलवामा, उरी, अक्षरधाम पठानकोट लगातार एक के बाद एक आतंकवादी हमले पाकिस्तान की शह पर हो रहे हैं हमारे देश के सैनिक, नागरिक, बच्चे मारे जा रहे हैं। प्रधानमंत्री और ग्रह मंत्री जी बड़ी बड़ी बाते करते हैं परन्तु आतंकवादी संगठन अपने काम को अंज़ाम देने में कामयाब हो रहें हैं।

पूरा देश पक्ष विपक्ष भारत की एकता और अखंडता के लिए सरकार के साथ खड़ा है।भारत का मुसलमान भी आतंकवादियों को फांसी की सजा के साथ पाकिस्तान को कुचलने कंधा से कंधा मिलाकर सरकार और देश के साथ खड़ा हैं। सरकार जल्दी उचित कदम उठाए।उक्तासय के विचार जिला महामंत्री अरविन्द तिवारी,ब्लाक अध्यक्ष सतेन्द्र गर्ग,मंडलम अध्यक्ष विपिन झारिया ने व्यक्त किए। पुतला दहन करते वक्त रामजी रैकवार, हाजी जहीर अहमद, नरेश पटेल, मुकेश पटेल, नीरज गर्ग, विजय जैन, माधव शर्मा, अनुराग पटेल, शैख सलीम, सागर गौर, नीलेश बडकडे, दीपक विश्वकर्मा, दुर्गा झारिया, एड. इंद्रकुमार श्री पाल, डुमारी झारिया, रामकुमार नामदेव, एड. शेख सफीक, कपिल पटेल, तरुण बर्मन, शहीद तोले खान, जित्तू पटेल, शेख अब्बास, अज्जू बर्मन, गोपाल पटवा, नरेश झारिया, राजू पाठक, सुनील सोनकर, आभास झारिया, सेठ जी, बबलू झारिया आदि मौजूद रहे।

### सार-समाचार

## पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को सेन समाज ने दी श्रद्धांजलि




**पनागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय सेन समाज पनागर के तत्वाधान में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए 26 लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा एवं सभी उपस्थित समाज के लोगों ने भारत सरकार से पाकिस्तान की निंदा करते हुए आतंकवादियों को गंभीर सजा दिलाने की मांग की। इस अवसर पर सर्वसेन समाज के अध्यक्ष नरेंद्र सेन, शिक्षक चौकी चोखे लाल सेन, कल्लू नंदू सेन मुन्ना सेन विनोद सेन रंजीत सेन दिलीप सेन हरि सेन मदन सेन शंकर सेन डॉ के सेन दीपक सेन आदि समाज के सैकड़ो वरिष्ठ लोग उपस्थित थे।

## सेल्समैनों को 8 माह से नहीं मिला वेतन

**बरेला, देशबन्धु।** सहकारी समिति पड़वार अंतर्गत आने वाले कई विक्रेताओं को विगत 6से 8 महीने से वेतन नहीं मिला है। इसके कारण सेल्समैनों के सामने जीवन यापन संबंधी समस्याएं खड़ी हुई हैं ।एक सेल्समैन ने बताया कि सहकारी समिति पड़ वार में उन्हें 8 महीने से समिति द्वारा सैलरी नहीं दी गई है जबकि वह है प्रतिमाह अपनी राशन दुकान नियमित खोल रहे हैं तथा ई केवाईसी का काम भी नियमित कर रहे हैं। उनकी आय का मुख्य साधन सेलरीही है किंतु इसके बावजूद भी समिति प्रबंधक और शाखा प्रबंधक द्वारा अभी तक सेल्स मेन का वेतन न करने से उनके सामने जीवन यापन के लिए मूलभूत सुविधाएं जुटाने के लिए आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। सेल्समैन ने अविलंब सैलरी देने की मांग की है ताकि उनका जीवन सुचारू चल सके।

## कन्या संकुल पनागर के प्राचार्य यादव आज होंगे सेवानिवृत्त



**पनागर, देशबन्धु।** कन्या संकुल पनागर के प्रचार्य व्हीपी यादव अपनी 39 बर्ष की निर्विघ्न शासकीय सेवा पूरी करके सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कन्या संकुल पनागर में सुबह 10 बजे से विदाई एवं सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पवन मांझी, नरेन्द्र सेन, प्रमोद मेहरा, लक्ष्मी कांत श्रीवास्तव, सुशील पांडे, मिथलेश शुक्ला, धीरेन्द्र सोनी, पवन ताम्रकार आदि ने सभी संकुल के शिक्षकों से उपस्थित की अपील की है।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत सिंह का निधन

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता किसरौद सहजपुर निवासी रणजीत सिंह का इलाज के दौरान सोमवार को निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को गृह नगर सहजपुर लाया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया है। आप ब्लॉक सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष रहे चुके थे। गहन संवेदना प्रकट करते हुए कागेस सेवादल के प्रदेश महामंत्री सतीश तिवारी, संजय सक्सेना, शिव नामदेव, राजेंद्र बन्धु, नेतराम पटेल, राकेश सिंह, सुरेश रजक, राम बाबू, प्रताप सिंह ठाकुर, राजकमल, संग्राम सिंह सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## प्रमोद गौतम आज होंगे सेवानिवृत

**पनागर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अधारताल से कार्यालय सहायक पद पर 42 वर्षों की सेवा से आज सेवानिवृत होंगे, जिसमें अधारताल कार्यालय में विदाई समारोह कार्यक्रम चार बजे से आयोजित है।

## रिंकू मलिक का निधन



**जबलपुर, देशबन्धु।** नानक नगर, खमरिया निवासी अमरनाथ मलिक के पुत्र रिंकू मलिक का 42 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। आप आनंद मालिक मनोज मलिक के भाई एवं हेमंत मलिक टिंकू के भतीजे थे! अंत्येष्टि ग्वारीघाट मुक्तिधाम में की गई।

## कॉलेज लेक्चरर डॉ. नसीम बानो गिरफ्तार, सोशल मीडिया पर पोस्ट की धर्म और राष्ट्र विरोधी सामग्री

**डिंडोरी, देशबन्धु।** जिले के आदर्श कॉलेज की लेक्चरर डॉक्टर नसीम बानो को विवादित सोशल मीडिया पोस्ट साझा करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डॉ. बानो पर हिंदू धर्म और राष्ट्र विरोधी सामग्री साझा करने का आरोप लगा है। इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (क्क्क) के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

साथ ही पुलिस प्रशासन पर त्वरित कार्रवाई का दबाव बनाया। सोमवार को क्क्क कार्यकर्ताओं ने नगर में रैली निकालकर विरोध जताया और बाद में एसपी कार्यालय पहुंचकर एसडीओपी के के त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं की मांग थी कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का समर्थन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। नगर संगठन मंत्री दीपेंद्र जोगी ने जानकारी दी कि आरोपी लेक्चरर ने माता सीता के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर साझा की थी। इसके अलावा उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के समर्थन में भी स्टेटस लगाया था, जिससे स्थानीय नागरिकों और छात्रों में आक्रोश फैल गया था। इसी के चलते एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने 24 अप्रैल को सिटी कोतवाली में धरना प्रदर्शन करते हुए आरोपी के खिलाफ एबीवीपी दर्ज करवाई थी।

विरोध प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने कलेक्ट्रेट परिसर और अन्य संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया था, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे। तीन दिन के भीतर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार दोपहर 12 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश किया। अब अदालत इस मामले में अपना निर्णय सुनाएगी। गिरफ्तारी के बाद एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कानून व्यवस्था में विश्वास जताते हुए शांतिपूर्वक लौट गए। इस घटना ने सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग और धार्मिक भावनाओं के सम्मान को लेकर एक बार फिर गंभीर बहस छेड़ दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की धार्मिक या राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस प्रकरण के बाद कॉलेज प्रशासन भी डॉ. नसीम बानो के खिलाफ आंतरिक अनुशासनात्मक कार्रवाई पर विचार कर रहा है।

## मध्यस्थता विषय पर जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

**पाटन, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्ययोजना के अनुसार अधिवक्ता संघ पाटन में ओमप्रकाश रजक,जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश और अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पाटन की अध्यक्षता में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से उपस्थित पक्षकारों,अधिवक्तागणों एवं आमजनों को मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का समाधान आपसी समझौते के आधार पर होने के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त शिविर में निधि जैन द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,विजया भारती यादव तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,मयूरी गुप्ता प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, शांभवी सिंह कोपारिहा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, अमृता मिश्रा तिवारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड पाटन, रघुवीर सिंह अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, अभिषेक अग्रवाल, विकास मिश्रा मध्यस्थ अधिवक्ता, अधिवक्तागण, पक्षकार, आमजन तथा विधिक एवं न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव बड़े हनुमान मंदिर बुढ़ानसागर में आज

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** विप्र कुल परिषद गांधीग्राम के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्री परशुराम का प्रकटोत्सव बड़े हनुमान मंदिर बुढ़ानसागर में आज 29 अप्रैल 2025 को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा।

उपरोक्त विषय में जानकारी देते हुए विप्रकुल के पण्डित राजेश त्रिपाठी, पं. ज्वाला प्रसाद दुबे एवं पौराणिक राघवेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र के विप्रजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम में क्रमशः भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव अभिषेक पूजन प्रातः 9·00 बजे। भगवान परशुराम की झांकी की शोभायात्रा का नगर भ्रमण- प्रातः 11·00 बजे से, सम्माननीय एवं बुजुर्गों का सम्मान- दोपहर 1 बजे से एवं प्रसाद, भंडारा दोपहर 2 बजे से किया जाएगा क्षेत्रीय विप्रो से उपस्थिति की अपील की गई है।

## कांग्रेस सेवा दल का ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित

**पाटन, देशबन्धु।** नगर कांग्रेस सेवादल के तत्वाधान में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को होने वाले ध्वज वंदन कार्यक्रम इस माह का पश्चिम विधानसभा कार्यालय गोरखपुर में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत गुर्जर थे।


पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण कार्यक्रम को बहुत ही सीमित रखा गया कार्यक्रम के तुरंत बाद आतंकवादी घटनाओं में शहीद हुए लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस घटना में घायल हुए लोगों को शीघ्र स्वस्थ लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई शहर कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी ने अपने भाषण में पाकिस्तान की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से



शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की गई। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान का पानी बंद करना ऐसा कोई सिस्टम नहीं है जिससे बंद किया जा सके गोदी मीडिया व्यर्थ ही लोगों को गुमराह कर रही है पुलवामा में भी आतंकवादी घटना हुई थी जिसकी आज तक पूरी जांच नहीं हो पाई है। आवश्यकता है कोई ठोस कदम उठाने की ना कि झूठा प्रचार करने की देश की 140 करोड़ जनता और पूरा विपक्ष आपके साथ है केंद्र सरकार को कोई ना कोई निर्णय लेना ही होगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलवंत गुर्जर ने अपने भाषण में सेवा दल को मजबूत करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में शहर कांग्रेस सेवादल नगर अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत गुर्जर,पार्षद दिनेश तामसेतवार,महिला नगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष मीनाक्षी स्वामी, प्रवक्ता जितेंद्र यादव, श्वेता दुबे,ओमप्रकाश मरवाहा, राकेश चक्रवर्ती, उमेश पटेल, रीना विश्वकर्मा, गीता पटेल, रिंकू कुशवाहा, श्याम सोलंकी, आलोक गुप्ता, अनिल गुप्ता, देव नारायण तिवारी, काशीराम बग्घा, प्रदीप पटेल, अशोक राय, देव दत्त,सचिन खरे, संतोष तानवेश,अमर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## शादी से लौट रहीं चार लड़कियों का पीछा कर किया गैंगरेप

**बालाघाट, देशबन्धु।** बालाघाट से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां शादी से लौट रही 4 लड़कियों से 7 लोगों ने गैंगरेप किया. पीड़िताओं में 3 नाबालिग और एक बालिग शामिल हैं।



**सात आरोपी गिरफ्तार**

घटना के बाद आदिवासी समाज के लोग थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

यह खौफनाक वारदात 23 अप्रैल की रात को हुई। हट्टा थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित एक गांव की 4 लड़कियां और एक छोटा बच्चा ठाकुर टोला (गोदरी) गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रात करीब एक बजे, वापसी के दौरान दुगलई के जंगल रास्ते में 7 युवकों ने इन 4 बालिकाओं से जबरन दुराचार किया और धमकाते हुए मौके से फरार हो गए।

**देर रात घर पहुंचीं डरी-सहमी बच्चियां**-आरोपी ग्राम भगतपुर के निवासी हैं। उन्होंने एक छोटी बच्ची को छोड़ बाकी सभी लड़कियों को निशाना बनाया। घटना से सहमी पीड़ित बच्चियां देर रात घर पहुंचीं और परिजनों को जानकारी दी। शिक्षा और संसाधनों की कमी के चलते परिजनों ने पहले 24 अप्रैल को गांव में ही बैठक की, फिर 25 अप्रैल को आदिवासी समाज के लोग पीड़ित परिवार के साथ हट्टा थाने पहुंचे।

**सभी सात आरोपी गिरफ्तार**-मामला गंभीर होने के चलते एसपी नागेंद्र सिंह सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी थाने पहुंचे और पीड़िताओं के बयान दर्ज किए। पुलिस ने सभी 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना से आदिवासी समाज में भारी आक्रोश है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## ट्रक में भर कर ले जा रहे 30 मवेशी कराए मुक्त

**शहडोल, देशबन्धु।** पशु तस्करों द्वारा मवेशियों को बर्बरता पूर्वक ट्रक में भरकर ले जाया जा रहा था, लेकिन तभी मौके पर सोहागपुर पुलिस पहुंच गई और उसने इन मवेशियों को पशु तस्करों से मुक्त करा लिया। पुलिस ने इन पशु तस्करों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने जब ट्रक की तलाशी ली तो वह भी हैरान रह गई, क्योंकि ट्रक में इतनी बेरहमी से मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर भरा गया था, कि इसमें दो मवेशी की मौत भी हो गई। सोहागपुर पुलिस को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि ग्राम जमुआ में कुंदन किंग होटल के सामने मोहित सिंह एवं पंकज मिश्रा नामक दो व्यक्ति अवैध रूप से कुछ मवेशियों को क्रूरता पूर्वक ट्रक में भर कर ले जा रहे हैं। सूचना पर सोहागपुर पुलिस के तत्काल सूचना स्थल पर पहुंचने पर दो व्यक्ति ट्रक एवं चार पहिया वाहन लेकर खड़े थे, लेकिन पुलिस को आता देख वे चार पहिया से अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। पुलिस द्वारा काफी समय तक तलाश करने पर नहीं मिले। पुलिस द्वारा ट्रक की तलाशी लेने पर पीछे की तरफ 15 नग पड़ा एवं 15 नग भैंस क्रूरतापूर्वक बांध कर भरे हुए मिले जिसमें 02 नग पड़ा मृत अवस्था में मिले।

## तीन हाथियों ने फिर की तोड़फोड़, खेत और बाड़ी की फसल को बनाया आहार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** तीन हाथियों का समूह 8 दिनों तक राजेंद्रग्राम इलाके में विचरण करते तथा दिन के समय जंगलों में आराम करने के बाद रात होते ही ग्रामीणों की घर, खेत, बांडियों में खाने की सामग्री की तलाश करते हुए तोड़फोड़ कर नुकसान करते हुए आठवें दिन सोमवार की सुबह जैतहरी के बैहार बीट के जंगल वापस पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं।




जानकारी के अनुसार एक माह से अधिक समय से तीन हाथियों का समूह अनूपपुर जिले के जैतहरी, अनूपपुर इलाके में विचरण करने बाद विगत आठ दिनों तक राजेंद्रग्राम इलाके में विचरण करते हुए रात के समय ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों की घर, खेत, बांडियों में तोड़फोड़ कर घर में रखे तथा खेतों में लगे विभिन्न प्रकार के अनाजों को अपना आहार बनाया है।

तीनों हाथियों का समूह विगत दो दिनों से वन परिक्षेत्र, थाना राजेंद्रग्राम के ग्राम पंचायत बोंदा एवं जीलंग के मध्य छींदपानी बीट के जंगल में दिन में विश्राम करने बाद शनिवार की रात छींदपानी के ददरा से सोहन सिंह पिता शंकर सिंह, गुलजार सिंह पिता शंकर सिंह के घरों में तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे गेहूं तथा धान, बांडी में लगे कटहल को अपना आहार बनाया। रविवार की सुबह छींदपानी के जंगल में ठहरे रहे।

रात जंगल से निकल कर ग्राम पंचायत जीलंग के छपानी गांव में चरका पिता मंगल यादव, सुरेश पिता हरिहर सिंह के मकान को तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे अनाज को खाते हुए छपानी के वरटोला निवासी मनोज पिता कल्लू सिंह के घर में अचानक पहुंचकर तोड़फोड़ करते हुए बांड़ी में लगे केला को खाने बाद राजेंद्रग्राम मुख्यालय के इलाके में पहुंचकर शहडोल-अमरकंटक मुख्य मार्ग को पार करते हुए जोहिला नदी के किनारे-किनारे ग्राम बघर्रा, धर्मदास, गिरवी होते हुये सोमवार की सुबह वन परिक्षेत्र जैतहरी के बैहार बीट अंतर्गत गिरवी गांव से लगे भातीकछरा जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। जानकारों ने बताया कि तीनों हाथी अब वापस आते दिख रहे हैं। सोमवार की रात हाथी किस ओर विचरण करेंगे।

## म्यांमार : शक्तिशाली भूकंप के बाद भी कांप रही धरती, एक महीने में 157 झटके किए गए महसूस

**यांगून, (आईएएनएस)।** म्यांमार में 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप के बाद देश में कुल 157 झटके (आफ्टरशॉक) महसूस किए गए। मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि भूकंप के झटकों की तीव्रता 2.8 से 7.5 के बीच थी। सरकारी दैनिक म्यांमार एलिन के हवाले से बताया कि 25 अप्रैल तक भूकंप में मरने वालों की संख्या 3,763 थी, 5,107 लोग घायल हुए और 110 लोग लापता हैं। देश की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति (एनडीएमसी) के अनुसार, 28 मार्च को मध्य म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद 2,00,000 से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं। शुक्रवार को ने प्यी ताव में आयोजित समिति की साल की तीसरी बैठक में एनडीएमसी के अध्यक्ष वाइस सीनियर जनरल सो विन ने कहा कि भूकंप ने प्यी ताव, सागांग, मांडले, बागो, मैगवे और शान समेत 10 क्षेत्रों और राज्यों में भारी नुकसान किया है।

# सीजफायर हो जाएगा अगर... ताबड़तोड़ हमलों के बीच पुतिन का यूक्रेन को बड़ा ऑफर

यूक्रेन पर ताबड़तोड़ हमलों के बीच रूस ने सोमवार को बड़ा बयान देकर सीजफायर के संकेत दिए हैं। उसने कहा कि वह यूक्रेन से सीधी बातचीत के लिए तैयार है और वह कीव से पॉजिटिव सिग्नल का इंतजार कर रहा है। हालांकि, मॉस्को ने साफ किया कि फिलहाल उसे किसी भी तरह की पहल के संकेत नहीं मिले हैं। इससे पहले क्रेमलिन ने शुक्रवार को पुष्टि की थी कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार स्टीव विटकॉफ के बीच तीन घंटे लंबी बैठक में रूस-यूक्रेन सीधी वार्ता की संभावना पर चर्चा हुई थी।

मार्च 2022 के बाद से रूस और यूक्रेन के बीच कोई प्रत्यक्ष वार्ता नहीं हुई है। उसी वर्ष यूक्रेनी राष्टपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने एक आदेश जारी कर पुतिन के साथ किसी भी तरह की बातचीत को कानूनी रूप से प्रतिबंधित कर दिया था, खासकर तब जब रूस ने यूक्रेन के चार क्षेत्रों पर अपना दावा किया था।

**ट्रंप को अपना जवाब दे चुके जेलेंस्की**

शनिवार को पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के दौरान ट्रंप से मुलाकात के बाद जेलेंस्की ने कहा कि जब युद्धविराम समझौता हो जाएगा और लड़ाई रुकेगी, तब कीव बातचीत के लिए तैयार रहेगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, कम से कम कीव को इस दिशा में कुछ कदम उठाने चाहिए। वहां अब भी बातचीत पर कानूनी रोक है। लेकिन अभी तक हम ऐसी कोई पहल नहीं देख रहे।

इस बीच अमेरिका दोनों पक्षों पर युद्ध समाप्त करने के लिए



समझौते का दबाव बढ़ा रहा है। यूक्रेन का आरोप है कि रूस केवल समय खींच रहा है ताकि और अधिक इलाकों पर कब्जा कर सके, जबकि रूस का कहना है कि यूक्रेन सिर्फ अपनी शर्तों पर युद्धविराम चाहता है। क्रेमलिन के एक सहयोगी के अनुसार, पुतिन ने विटकॉफ से कहा कि रूस बिना किसी शर्त के बातचीत के लिए तैयार है। वहीं, ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया कि दोनों पक्ष समझौते के बेहद करीब हैं। हाल के दिनों में ट्रंप ने मॉस्को की आलोचना भी बढ़ा दी है और कहा कि नागरिक इलाकों पर मिसाइल दागने का कोई औचित्य नहीं है। साथ ही उन्होंने चिंता जताई कि पुतिन कहीं उन्हें केवल बहलाने का प्रयास तो नहीं कर रहे।

## भारत-पाक तनाव के बीच दो और देश आ गए आमने-सामने

# फिलीपीन्स की हरकत से बौखलाया चीन

**जम्मू-कश्मीर।** पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। भारत ने अपनी कूटनीति के जरिए पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया तो वहीं बौखलाए पाक समर्थक परमाणु बम की धमकी तक देने लगे।

इसी बीच दो और देश भी सामने सामने आ गए हैं। दक्षिण चीन सागर को लेकर चीन और फिलीपींस में तनाव गहराता ही जा रहा है। चीन ने फिलीपीन के छह नागरिकों के दक्षिण चीन सागर में एक छोटे टीले में उतरने का दावा किया है। इस क्षेत्र पर दोनों देश अपना दावा करते हैं। इससे कुछ ही दिन पहले सामने आई तस्वीरों में चीनी तट रक्षक अधिकारी उसी रेत के टीले 'सैंडी केय' पर चीनी झंडा फहराते दिखे थे।

दक्षिण चीन सागर के क्षेत्र को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से विवाद जारी है। चीन लगभग संपूर्ण दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है। चीनी तट रक्षक बल ने एक बयान जारी कर फिलीपीन के नागरिकों के टीले पर उतरने को 'अवैध' करार देते हुए कहा कि चीनी अधिकारी ''मौके पर सत्यापन और प्रवर्तन संबंधी कदम उठाने'' के लिए तट पर गए। बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि ये क्या कदम थे।

फिलीपीन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि तटरक्षक, नौसेना और समुद्री पुलिस की एक संयुक्त टीम रबर की नावों पर सवार होकर 'सैंडी के' नामक रेत के टीलों पर उतरी, जिसे चीनी भाषा में 'टाइक्सियन रीफ' के नाम से जाना जाता है। फिलीपीन तटरक्षक के प्रवक्ता कमोडोर जे टैरिएला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक वीडियो और तस्वीर के साथ बयान 'पोस्ट' किया। इनमें से एक तस्वीर में कर्मी रेत के एक टीले पर फिलीपीन का ध्वज लहराते दिख रहे हैं। बयान में कहा गया, 'यह अभियान पश्चिमी फिलीपीन सागर में देश की संप्रभुता, संप्रभु अधिकारों और अधिकार क्षेत्र को बनाए रखने के लिए फिलीपीन सरकार की अटूट प्रतिबद्धता और समर्पण को दर्शाता है।'

इससे तीन दिन पहले, चीन के सरकारी समाचार पत्र 'ग्लोबल टाइम्स' ने अप्रैल के मध्य में टाइक्सियन रीफ पर मौजूद चीनी तट रक्षक अधिकारियों की तस्वीरें प्रकाशित की थीं। इन तस्वीरों में चीन के अधिकारी चीनी झंडा थामे और प्लास्टिक की बोतलें एवं अन्य मलबा साफ करते नजर आ रहे थे।

## आज का इतिहास

1661-चीन के मिंग वंश ने ताइवान पर कब्जा किया।
1639-दिल्ली में लाल किले की नींव रखी गई।
1813-अमेरिका में जेएफ हम्मेल ने रबर का पेटेंट कराया।
1848-सुप्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मा का जन्म।
1930-ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेलिफोन सेवा की शुरुआत।
1939-नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया।
1954-प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और चीन के झाउ एनलाई ने शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धांतों पर हस्ताक्षर किए।
1978-अफगानिस्तान के विद्रोही गुट ने सत्ता हासिल की। काबुल रेडियो पर घोषणा की गई कि उपराष्टपति, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वायुसेनाध्यक्ष लड़ाई में मारे गए ह-ै।
1991-बंगलादेश के चटगांव में आए चक्रवाती तूफान में एक लाख 38 हजार लोग मारे गए और दस लाख लोग बेघर हो गए।
1993-पहली बार बकिंघम प-लेस को आम जनता के लिए खोला गया और जिसे देखने के लिए आठ पाउंड का टिकट लगा।

## सुडोकू 6897

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | | | | 3 |
| | 4 | | 7 | | 6 | | | |
| 9 | | | 5 | | | 2 | | |
| 1 | 9 | | | | | | | 6 |
| | | 5 | | | | 1 | | |
| 7 | | | | | | | 2 | 4 |
| | | 1 | | | 9 | | | 2 |
| | | | 4 | | 3 | | 1 | |
| 2 | | | | 1 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ देना चाहिए : एकनाथ शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश और महाराष्ट्र पुलिस पर विधायक संजय गायकवाड़ के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया दी। उपमुख्यमंत्री का कहना है कि पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ देना चाहिए। यदि कोई पाक नागरिकों को पनाह देगा तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। एकनाथ शिंदे ने मीडिया से बात करते हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत देश छोड़ देना चाहिए। हमने पाकिस्तानी नागरिकों को महाराष्ट्र से देश छोड़ने का भी आदेश जारी किया है।

## बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर लड़ेंगे चुनाव : प्रशांत किशोर

**नालंदा।** बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जनसुराज पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जिला स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए बैठकें की जा रही हैं। इस बीच, पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने ऐलान किया है कि वह सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। किसी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि हमारी पार्टी का किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं होगा। हालांकि, हम उन्हीं लोगों के साथ गठबंधन कर सकते हैं, जो बिहार में परिवर्तन चाहते हैं। राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान के बारे में प्रशांत किशोर ने कहा कि तीन साल में नालंदा नहीं आया था। यहां एक छोटी बैठक कर इसकी शुरुआत कर रहा हूं।

## ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद को बनाया 'अफगानिस्तान' : सुकांत मजूमदार

**कोलकाता।** मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज के बेतबाना इलाके से बम मिलने की घटना ने एक बार फिर इस क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा दिया हैं। पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने बम बरामद होने की घटना को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद को 'अफगानिस्तान' जैसा बना दिया है। मजूमदार ने कहा कि मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बल और राज्य पुलिस की भारी मौजूदगी के बावजूद बम बरामद होना चिंता का विषय है। उन्होंने सवाल उठाया, 'इतने पुलिस और केंद्रीय बल होने के बाद भी इलाके में बम कैसे जमा हो सकते हैं? यह दिखाता है कि पुलिस अपना काम ठीक से नहीं कर रही।' उन्होंने ममता बनर्जी की सरकार से इस मामले को गंभीरता से लेने और पुलिस प्रशासन को बेहतर प्रशिक्षण देने की मांग की।

## अमेरिका ने यमन की जेल पर बरसा दिए बम, कम से कम 68 की मौत

**तेलअवीव।** यमन के हूती विद्रोहियों ने प्रवासी अफ्रीकी कैदियों वाली जेल पर कथित अमेरिकी हवाई हमले में 68 लोगों की मौत होने का दावा किया है। इससे पहले उन्होंने इन हमलों में कम से कम 30 लोगों की मौत होने का दावा किया था लेकिन मृतक संख्या को बाद में बढ़ा दिया गया। विद्रोहियों के नागरिक सुरक्षा संगठन ने अलग से बताया कि हमले में 47 अन्य लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस जगह पर करीब 115 कैदी बंद थे। अमेरिकी सेना ने हूती विद्रोहियों के इस आरोप के बारे में पूछे गए सवालों का तत्काल जवाब नहीं दिया कि सादा प्रांत में हमला उन्होंने ही किया था। हूती विद्रोहियों के 'अल-मसीरा' उपग्रह समाचार चैनल द्वारा प्रसारित ग्राफिक फुटेज में कथित रूप से मृतकों के शवों और घायलों को पड़े दिखाया गया। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमान ने रात को जारी एक बयान में कहा कि उसके 'ऑपरेशन रफराइडर' अभियान के तहत सैकड़ों हूती लड़ाकों और उनके कई नेताओं को मार गिराया गया है। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जो हूतियों के मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रम से जुड़े थे।

# दोस्ती मजबूत होगी, यूक्रेन युद्ध में सैनिकों के लड़ने पर तानाशाह किम जोंग, पुतिन बोले- हमेशा याद रखेंगे

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने यूक्रेन युद्ध में अपने सैनिकों के भाग लेने को पवित्र मिशन बताया है। उत्तर कोरिया द्वारा युद्ध में सैनिकों से रूस की मदद करने की पुष्टि के बाद रूस ने भी इसे स्वीकार किया। पुतिन ने लड़ने वाले सभी सैनिकों को धन्यवाद दिया।

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिकों ने भी अपनी भूमिका अदा की थी। शनिवार को रूस की तरफ से घोषणा की गई थी कि उसने कुर्स्क क्षेत्र पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। वहीं अब उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने यूक्रेन युद्ध में अपने सैनिकों की तैनाती को एक पवित्र मिशन करार देते हुए इसे दोनों देशों के बीच में बढ़ती दोस्ती का प्रतीक बताया। दूसरी तरफ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी यूक्रेन युद्ध में भाग लेने के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों का धन्यवाद किया। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया के मुताबिक तानाशाह किम जोंग उन का मानना है कि रूस की मदद के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों का यूक्रेन युद्ध में जाना एक पवित्र मिशन था, जिसका उद्देश्य मॉस्को और प्योंग्यांग की दोस्ती को और भी ज्यादा मजबूत करना और साथ ही दोनों देशों की विकास की गारंटी और पारंपरिक एकजुटता को बढाना और उत्तर कोरिया के सम्मान की रक्षा करना था। रिपोर्ट के मुताबिक किम जोंग उन ने कुर्स्क क्षेत्र को यूक्रेन के से अलग करने के लिए लड़ाई लड़ने वाले उत्तर कोरियाई सैनिकों की तारीफ की और उन्हें न्याय के लिए लड़ने वाला नायक बताया।

### पुतिन ने क्या कहा

कुर्स्क क्षेत्र को आजाद कराने का दावा करने वाले रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने इस युद्ध में साथ देने के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों का धन्यवाद किया। क्रेमलिन की तरफ से सोमवार को बयान जारी कर बताया गया कि पुतिन ने रूसी सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने वाले उत्तर कोरियाई सैनिकों की वीरता, उच्च स्तर के विशेष प्रशिक्षण और समर्पण की सराहना की। युद्ध की शुरुआत से लेकर कुछ समय पहले तक रूस ने इस बात को स्वीकार नहीं किया था कि इस युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिक भी हिस्सा ले रहे हैं। उत्तर कोरियाई तानाशाह द्वारा रूस की मदद के लिए सेना भेजने की बात कहे जाने के बाद ही क्रेमलिन की तरफ से यह बयान सामने आया है। रूस ने सबसे पहले शनिवार को कुर्स्क क्षेत्र में हुई लड़ाई में उत्तर कोरियाई सैनिकों के भाग लेने की पुष्टि की थी, जहां पर यूक्रेनी सैनिकों ने अगस्त 2024 में कब्जा कर लिया था।

## रूस और अमेरिकी विदेश मंत्रियों ने की यूक्रेन संकट पर चर्चा

**मॉस्को, (आईएएनएस)।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। रूसी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, बातचीत का फोकस यूक्रेन संकट पर था। दोनों विदेश मंत्रियों ने दीर्घकालिक स्थायी शांति के लिए वार्ता शुरू करने के लिए जरुरी परिस्थितियों को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। इसमें कहा गया, दोनों पक्षों ने रूस-अमेरिका राजनीतिक वार्ता के प्रमुख पहलुओं पर विचारों का सार्थक आदान-प्रदान जारी रखा, जो हाल में काफी तेज हो गया है।

इससे पहले क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन बिना किसी पूर्व शर्त के यूक्रेन के साथ वार्ता फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के बीच 25 अप्रैल को हुई मुलाकात इस साल की चौथी मुलाकात थी।

## वर्ग पहेली 6897

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. मंगलमय प्रारंभ
३. हृष्ट-पुष्ट
५. नमन
६. मूर्ति
७. शासन केंद्र
८. किसी की मृत्यु के तेरहवें दिन पर होने वाला कार्यक्रम, तेरहवीं
१३. बंदीगृह
१५. धारण कता
१६. चिढ़, घृणा
१७. कुप्रथा
१८. फूल, पुष्प
२०.. सेवा करने या किसी पद पर बने रहने का समय
२२. मुग्ध होना (मुहावरा)
२३. पहाड़ों के नीचे की जमीन

**ऊपर से नीचे:-**

१. मंगल दायक
२. थोड़ा भी, किंचित मात्र
३. साथ चलने वाला (उर्दू)
४. कराधान
५.. उन्माद
९. योगनिर्दिष्ट, बैठने की विधि
१०. कुल, वंश, भाईचारा, गोत्र (उर्दू)
११. अमृत
१२. रुकावट, बाधा
१४. बांसुरी
१७. दक्ष, निपुण
१९. भोर, प्रभात
२०. फौज
२१. बुरी आदत, व्यसन

## वर्ग पहेली-6896

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मं | त्र | २ मु | ग्ध | ■ | ■ | ३ ग | ण | ४ प | ति |
| द | ■ | गा | ■ | ५ अ | क | ड़ | ■ | थ | ■ |
| ६ हा | सि | ल | ■ | ल्ह | ■ | ७ ब | ल | रा | म |
| स | ■ | ८ ता | ९ ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | व | ■ |
| ■ | १० छा | ■ | र | ■ | ■ | ■ | ११ श | ■ | १२ प्र |
| १३ बे | न | का | ब | ■ | १४ अ | ■ | १५ नि | य | ति |
| ■ | बी | ■ | १६ स | ह | यो | गी | ■ | ■ | नि |
| १७ रौ | न | क | ■ | ■ | ग्य | ■ | १८ उ | १९ पा | धि |
| श | ■ | ■ | २० ब | र | ता | २१ व | ■ | र्थि | ■ |
| २२ न | पा | तु | ला | ■ | ■ | २३ न | व | व | धु |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

कार्रवाई — *कश्मीर में आतंकियों के घरों को ताबड़-तोड़ नेस्तनाबूद करने की मुहिम*

# आतंकियों को 'कल्पना से परे' वाला करारा जवाब

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, (देशबन्धु)। समाचार भिजवाए जाने तक करीब दर्जनभर उन एक मंजिली और बहुमंजिली घरों को विस्फोटकों की मदद से कश्मीर के विभिन्न कस्बों में ढहाया जा चुका था जो पहचाने गए स्थानीय आतंकियों के परिवारों के थे। हालांकि अधिकारी अभी भी दावा करते थे कि इन मकानों के तलाशी अभियानों के दौरान भीतर रखे गए विस्फोटक फूटे थे और इनमें सुरक्षाबलों का कोई हाथ नही था।

भीतर रखे गए विस्फोटों से घरों को नेस्तनाबूद करने का सिलसिला कहां जाकर रूकेगा कोई नहीं जानता क्योंकि चर्चा यह है कि पहचाने गए स्थानीय आतंकियों के उपरांत ओजीडब्ल्यू अर्थात ओवर ग्रांड वर्करों के घरों की बारी आने वाली है।

36 सालों के आतंकवाद के इतिहास में तब कश्मीरियों ने अपने इलाकों में मुठभेड़ों के शुरू होने के साथ ही अपने घरों के बचाव के लिए खुदा से यह दुआ मांगनी तब आरंभ की थी जब आतंकियों ने घरों पर कब्जे कर सुरक्षाबलों पर हमले करने आरंभ किए थे। दरअसल कई मुठभेड़ों के अक्सर लंबे चलने के कारण अधिकारियों ने फिर ऐसे घरों व इमारतों को मोर्टार से उड़ा देने की रणनीति



अपनानी आरंभ की तो बीसियों परिवारों को घरों से बेघर होना पड़ा था। कश्मीरी ऐसे हालात से उबर भी नहीं पाए थे कि पहलगाम नरसंहार के उपरांत सुरक्षाबलों ने जो व्याप्क तलाशी अभियान पूरी वादी में छेड़ा उसमें स्थानीय आतंकियों के घरों को विस्फोटकों से उड़ा देने की जो नई रणनीति अपनाई जानी

**घरों को उड़ा देने की जो नई रणनीति अपनाई जानी आरंभ हुई है उसने कश्मीरियों के पांव तले से जमीन खिसका दी**

आरंभ हुई है उसने कश्मीरियों के पांव तले से जमीन खिसका दी है। उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि कश्मीर में ऐसा भी हो सकता है। अभी तक वे दूसरे राज्यों में बुलडोजरों से घरों को ढहा दिए जाने की खबरें सुना करते थे लेकिन उस पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के उपरांत थोड़ी रोक तो लगी पर कश्मीर में आरंभ हुआ यह सिलसिला कहां खत्म होगा कोई नहीं जानता क्योंकि समाचार भिजवाए जाने तक सुरक्षा एजेंसियों ने जिन 14 स्थानीय आतंकियों की सूची जारी की थी उनमें से 12 के घरों को नेस्तनाबूद किया जा चुका था।

हालांकि कश्मीरियों को लगता नहीं था कि यह सिलसिला थम पाएगा क्योंकि मिलने वाली सूचनाएं कहती थीं कि इन 14 के बाद शायद उन ओजीडब्ल्यू के घरों की बारी आएगी जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर आतंकियों को समर्थन देते रहे हैं और दे रहे हैं। याद रहे पहलगाम हमले के बाद पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए 1500 के करीब लोगों में से 22 ओजीडब्ल्यू भी थे।

# खेल जगत

## भारत एएफसी महिला एशियाई कप क्वालिफायर में म्यांमार, इंडोनेशिया, तुर्कमेनिस्तान से भिड़ेगा

**कुआलालंपुर।** भारत की अंडर-20 महिला टीम एएफसी महिला एशियाई कप क्वालिफायर में म्यांमार, इंडोनेशिया और तुर्कमेनिस्तान से भिड़ेगी। कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में सोमवार को निकाले गये ड्रा में भारतीय महिला टीम को म्यांमार, इंडोनेशिया और तुर्कमेनिस्तान के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। ड्रा के अनुसार ग्रुप ए में पिछली बार की विजेता दक्षिण कोरिया, नेपाल, मेजबान भूटान, मंगोलिया और सऊदी अरब की टीमें आपस में भिड़ेंगी। ग्रुप बी में वियतनाम के साथ किर्गिस्तान, हॉन्गकॉन्ग, चीन और सिंगापुर की टीमें शामिल हैं। ग्रुप सी में ऑस्ट्रेलिया, चीनी ताइपे, फिलिस्तीन और ताजिकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी। ग्रुप डी के मुकाबले म्यांमार में छह से 10 अगस्त के बीच एक ही स्थान पर राउंड-रॉबिन प्रारुप में कराया जायेगा।



# डीसी का लक्ष्य केकेआर के खिलाफ जोरदार वापसी करना

- दिल्ली की उम्मीदें केएल राहुल, केकेआर की रहाणे पर
- केकेआर को दिल्ली के कुलदीप और स्टार्क से चौकस रहना होगा

■सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कप्तान अक्षर पटेल की मैच का अंतिम पूर्व 19 वां ओवर अपने शीर्ष गेंदबाज मिचेल स्टार्क की बजाय से फिंकवाने और दिल्ली कैपिटल्स की 2025 आईपीएल के रिटर्न मैच में आरसीबी के हाथों रविवार रात छह विकेट से हार को लेकर खासी आलोचना हो रही है। बावजूद इसके अक्षर पटेल की कप्तानी मौजूदा आईपीएल में अच्छी रही है।

आरसीबी के हाथों अपने घर में हार से 9 मैचों से 12 अंकों के साथ दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में अभी शीर्ष चार में बनी हुई। दिल्ली कैपिटल्स के सामने मंगलवार को यहा मौजूदा चैंपियन केकेआर के पर जीत के साथ अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का मौका होगा। केकेआर ने अपने घर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने घर में मैच बारिश से धुलने के कारण एक अंक बांटा और उससे पहले वह अपने घर ईडन में ही गुजरात टाइटंस से 39 रन से हार चुकी है और नौ मैचों में मात्र तीन जीत, पांच हार और एक मैच बेनतीजा रहने के कारण सात अंकों के साथ सातवें स्थान पर है।

दिल्ली कैपिटल्स ने केकेआर से पिछले मैच से अंतिम दो हारे और तीन जीत जीते हैं। दिल्ली कैपिटल्स की कोशिश केकेआर को लगातार तीसरी जीत से रोकने की होगी। दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाज तीन अर्द्धशतक जड़ चुके केएल राहुल और केकेआर की बल्लेबाज तीन अर्द्धशतक जड़ चुके अपने कप्तान अजिंक्य रहाणे पर निर्भर है। सच तो यह एक दो मैच को छोड़ कर इन दोनों टीमों का शीर्ष और मध्यक्रम लड़खड़ाता है। दिल्ली कैपिटल्स की खुशकिस्मती यह रही है कि उसके बीच बीच में एक दो मैचों में उसके तुरुप के लेग स्पिनर कुलदीप यादव और तेज गेदबाज अपनी करिश्माई गेंदबाजी से अपने दम मैच जिताने में कामयाब रहे हैं और उसका पलड़ा केकेआर के खिलाफ भारी नजर आता है। विराट कोहली ने अपने घरेलू मैदान पर रविववार को अर्द्धशतक जड़ आरसीबी को छह विकेट से जीत दिला कर अपने घर बेंगलुरू में दिल्ली कैपिटल्स से मिली छह विकेट की हार के साथ केएल राहुल(93*) से हिसाब चुकता कर लिया है। इन दोनों के बीच मैच के दौरान रविवार को हुई झड़प भी सुर्खियों में रही। दिल्ली कैपिटल्स को जीत की राह पर लौटना है तो उसके लिए आठ मैचों में तीन अर्द्धशतकों सहित कुल 364 रन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले केएल राहुल को यहां मंगलवार को केकेआर के खिलाफ बड़ी पारी खेलने की जरूरत होगी। दिल्ली को अब आगे प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए बल्लेबाजों में केएल राहुल के साथ अभिषेक पोरेल (9 मैच, एक अर्द्धशतक 253 रन), ट्रस्टन स्टब्ज (9 मैच, 217 रन) खुद कप्तान अक्षर पटेल (9 मैच,189 रन), करुण नायर (5 मैच, एक अर्द्धशतक सहित 89 रन), आशुतोष शर्मा (8 मैच, एक अर्द्धशतक 138 रन), चोट के बाद पिछले मैच से वापसी करने वाले फाफ डू प्लेसी (4 मैच, एक अर्द्धशतक 103 रन) को एक इकाई के रूप में अच्छी पारियां खेलनी होंगी।

## दोहरे उछाल के कारण इस पर शुरू में रन बनाना आसान नहीं था : अक्षर पटेल



'मुझे लगता है हमने 10-15 रन कम बनाए। हमने रन बनाने का माद्दा दिखाया लेकिन पिच के दोहरे उछाल के कारण इस पर शुरू में रन बनाना आसान नहीं था। ओस गिरने के बाद यह बल्लेबाजी के लिए बेहतर हो गइ। हमने अपनी पारी के अंत में तेजी से रन बनाने की कोशिश की लेकिन विकेट चले गए। यदि पारी के आखिर में एक बल्लेबाज आखिर तक तेज खेलता तो बेहतर होता। मेरा मानना है चौथे नंबर पर केएल राहुल बढ़िया बल्लेबाजी कर रहे हैं और वह मैच को फिनिश कर सकते हैं।

# केएल राहुल टी-20 में वापसी करेंगे : पीटरसन



**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। इंग्लैंड के महान खिलाड़ी केविन पीटरसन का मानना है कि भारतीय अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने पिछले कुछ वर्षों में सफेद गेंद से अपने खेल में काफी सुधार किया है और उन्हें भारत की टी-20 आई टीम में वापसी के लिए विचार किया जाना चाहिए। हाल के दिनों में 50 ओवर के क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से राहुल एक रहे हैं, दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2023 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में अपनी टीम की मदद करने और इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम को सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीटरसन ने कहा कि लेकिन 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 2022 में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में एडिलेड में इंग्लैंड से सेमीफाइनल में भारत की हार के बाद से अपने देश के लिए टी20आई स्तर पर हालांकि सबसे छोटे प्रारूप में कुछ बेहतरीन घरेलू फॉर्म के बावजूद अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। राहुल पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संस्करण में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 520 रन बनाकर सातवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे और इस साल वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए कुछ बेहतरीन पारियों के बाद रन चार्ट में शीर्ष पर बने हुए हैं। दिल्ली में ही राहुल ने पीटरसन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है, इंग्लैंड के दिग्गज पीटरसन टीम मेंटर की भूमिका में भारतीय स्टार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

- राहुल पिछले साल आईपीएल के संस्करण में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 520 रन बनाकर सातवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे



# आईपीएल में इतिहास रचने से सिर्फ एक जीत दूर आरसीबी, 9 मई को होगा बड़ा मुकाबला

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम ने रविवार रात को हुए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हरा दिया। इस सीजन में आरसीबी शुरू से ही अच्छी फॉर्म में नजर आ रही है। टीम के अहम खिलाड़ियों के योगदान ने आरसीबी के प्रदर्शन में निरंतरता भी प्रदान की है। इन सबका नतीजा है कि आरसीबी 10 मैचों में 7 मुकाबले जीत चुकी है और सीजन की बहुत मजबूत टीम के तौर पर उभरी है। आरसीबी एक बार भी आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है। लेकिन इस सीजन में उनका प्रदर्शन ऐसा है कि अब तक सभी मुख्य स्थानों पर उनका कब्जा है। अंक तालिका में आरसीबी 14 अंकों के साथ टॉप पर है। ऑरेंज कैप के मामले में भी आरसीबी के बल्लेबाज विराट कोहली टॉप पर हैं, जिन्होंने इस सीजन में लगातार शानदार बल्लेबाजी करते हुए अब तक 443 रन बना लिए हैं। वहीं, पर्पल कैप की रेस में भी आरसीबी ही सबसे आगे है क्योंकि उनके पेसर जोश हेजलवुड ने 18 विकेट लिए हैं। यह दिखाता है कि आरसीबी का आईपीएल 2025 में अब तक कितना बोलबाला रहा है। रविवार को हुए मुकाबले में उनकी जीत के हीरो रहे क्रुणाल पांड्या, जिन्होंने 47 गेंदों पर नाबाद 73 रनों की पारी खेली। विराट कोहली ने भी इतनी ही गेंदों पर 51 रनों की ठोस पारी खेली और एक छोर संभाले रखा। गेंदबाजी में भुवनेश्वर और हेजलवुड जैसे अनुभवी पेसर्स ने क्रमशः तीन और दो विकेट लिए। आरसीबी के प्रदर्शन में अब तक की सबसे बेजोड़ बात घरेलू मैदान से बाहर किए गए प्रदर्शन हैं। उन्होंने जहां अपने होम ग्राउंड एम चिन्नास्वामी में इस बार सिर्फ एक जीत हासिल की, वहीं बाकी टीमों को छह बार उनके ही मैदानों पर मात दी।



## कुणाल की पारी रही यादगार, आरसीबी अंक तालिका में टॉप पर पहुंची



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए 46वें मैच में क्रुणाल पांड्या ने शानदार बल्लेबाजी की। पांड्या ने 73 रनों की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम आरसीबी को एक शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पांड्या गेंदबाजी से अहम योगदान देते रहे हैं, इस बार उन्होंने बल्ले से भी एक यादगार पारी खेलते हुए लंबे समय बाद आईपीएल में अर्धशतक लगाया। पावरप्ले में तीन विकेट खोने के बाद आरसीबी संघर्ष कर रही थी। एक छोड़ पर पूर्व कप्तान विराट कोहली मौजूद थे। उनका साथ देने के लिए क्रुणाल पांड्या मैदान पर आए। दोनों बल्लेबाजों ने संभलते हुए डीसी के गेंदबाजों का सामना किया। दोनों के बल्ले से हाफ सेंचुरी आई और एक महत्वपूर्ण मैच में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को उनके घर पर हराया। पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी डीसी को आरसीबी के गेंदबाजों से चुनौती मिली। डीसी का कोई भी खिलाड़ी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाया। क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा की कसी हुई गेंदबाजी और तेज गेंदबाजों के लगातार योगदान ने डीसी को 162 रनों पर रोक दिया।

## आरसीबी के खिलाड़ियों के सिर पर सजी ऑरेंज, पर्पल कैप

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के संस्करण आगे बढ़ने के साथ-साथ ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ भी बेहद दिलचस्प होती जा रही है अभी आरसीबी के खिलाड़ियों के सिर पद यह दोनों कैप सजी हुई है। खेले गये डबल हेडर मुकाबले के बाद लिस्ट पूरी तरह से बदल चुकी है। जहां मुंबई और लखनऊ के मैच के दौरान पहले ऑरेंज कैप सूर्यकुमार के सिर पर सजी थी। वहीं, दिल्ली और बेंगलुरु का मैच खत्म होने के साथ ऑरेंज कैप पर विराट कोहली के पास पहुंच गई। वहीं पर्पल कैप की बात की जाये तो इस पर भी आरसीबी के खिलाड़ी का ही कब्जा बरकरार है। आरसीबी के जोश हेजलवुड अभी तक सबसे अधिक 18 विकेटों के साथ इस सूची पर शीर्ष पर बने हुए हैं। आरसीबी के खिलाड़ी विराट कोहली दस मैचों में 443 रन बनाकर ऑरेंज कैप उनकी सिर पर सजी हुई है। जबकि मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव 10 मैचों में 427 रन के साथ दूसरे पर, गुजरात जॉइंटस के बी साई सुदर्शन आठ मैचों में 417 बनाकर तीसरे स्थान पर, दस मैचों में लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 404 के साथ चौथे और लखनऊ सुपर जायंट्स के मिचेल मार्श नौ मैचों में 378 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं। पर्पल कैप पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के गेंदबाज का दबदबा है। जोश हेजलवुड ने 10 मैचों में 18 विकेट हासिल किए हैं।

# मुंबई इंडियंस के पास 17 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़कर फिर से वर्चस्व कायम करने का मौका



- मुंबई इंडियंस अगर एक और मैच जीत लेती है तो यह एक ही सीजन में लगातार जीत के मामले में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी होगी

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में मुंबई इंडियंस की दमदार वापसी एक बड़ी हाइलाइट है। इस सीजन में एमआई की शुरुआत लगातार दो हार के साथ हुई थी। इसके बाद उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 8 विकेट से बड़ी जीत दर्ज करके अपना खाता खोला। इसके बाद उन्हें फिर से लगातार दो हार का सामना करना पड़ा। पांच मैच में सिर्फ एक जीत के बाद एमआई के प्रदर्शन को लेकर तमाम तरह की आशंकाएं थीं। लेकिन अब लगातार पांच मैच जीतकर पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस फिर से दहाड़ रहे हैं। हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली टीम ने शुरुआती पांच मैचों के बाद जिस तरह से वापसी की है, वह काबिले तारीफ है। मुंबई इंडियंस को हालिया जीत रविवार को मिली, जब उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रनों से हरा दिया। मुंबई इंडियंस अगर एक और मैच जीत लेती है तो यह एक ही सीजन में लगातार जीत के मामले में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी होगी। एमआई की लगातार पांच जीत के बाद जो आंकड़े निकलकर आते हैं, वे बड़े ही दिलचस्प हैं। एमआई का एक ही सीजन में लगातार छह जीत का रिकॉर्ड सीजन 2008 में आया था। लेकिन तब यह टीम न तो खिताब जीत पाई थी और न ही प्लेऑफ में ही पहुंच पाई थी। लेकिन, इसके बाद एमआई ने पांच ऐसे सीजन खेले हैं जहां उन्होंने लगातार पांच जीत दर्ज की और हर बार फाइनल में एंट्री दर्ज की। इन पांचों सीजन में उन्होंने कमाल किया और चार बार खिताब जीतकर अपना वर्चस्व कायम किया।

## आईपीएल 2025 में निराशाजनक रहा है आरआर का प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में राजस्थान रॉयल्स का अब तक का प्रदर्शन काफी कमतर रहा है। आरआर ने अभी तक सिर्फ दो मैच में जीत हासिल की है और सात मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। आरआर को प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए अब सभी मैचों में जीत की जरूरत होगी और इसकी शुरुआत उसे गुजरात टाइटंस के खिलाफ करनी होगी। सोमवार को राजस्थान अपने घर पर गुजरात टाइटंस के साथ दो अंकों की लड़ाई के लिए मैदान पर उतरेगी। वहीं, दूसरी ओर जीटी आरआर को हराकर अंक तालिका में टेबल टॉप बनना चाहेगी। गुजरात टाइटंस ने इस सीजन में धाकड़ शुरुआत की है।

## भारत ने दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप में रिकार्ड 83 स्वर्ण पदक जीते

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने दूसरी एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए रिकार्ड 83 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल 84 पदकों के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल किया। 25 अप्रैल से इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव परिसर में आयोजित इस चैंपियनशिप में जापान, मंगोलिया, नेपाल, श्रीलंका, उज्बेकिस्तान और अन्य सहित 21 से अधिक देशों ने भाग लिया। भारत ने अभूतपूर्व 83 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष स्थान, जबकि जापान ने तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि मंगोलिया, ओमान और नेपाल शीर्ष पांच में रहे। उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, थाईलैंड, कजाकिस्तान और भूटान जैसे देशों ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

**दूसरी योगासन खेल चैंपियनशिप की पदक तालिका इस प्रकार है:**

- **भारत - 83 स्वर्ण, तीन रजत, एक कांस्य**
- **जापान - तीन स्वर्ण, तीन रजत, चार कांस्य**
- **मंगोलिया - एक स्वर्ण, 11 रजत, छह कांस्य**
- **ओमान - एक स्वर्ण, तीन रजत, सात कांस्य**
- **नेपाल - 27 रजत, 12 कांस्य**

आज यहां आयोजित चैंपियनशिप का समापन भव्य समापन समारोह कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ??और दिल्ली के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अजय चौधरी के साथ-साथ एशियाई और विश्व योगासन महासंघों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर एशियाई योगासन के अध्यक्ष डॉ. संजय मालपानी ने कहा कि योगासन न केवल शरीर को मजबूत बनाता है। इस तरह के आयोजन इस महत्वपूर्ण संदेश को दूर-दूर तक फैलाते हैं।

## सार संक्षेप

### खालसा कॉलेज ने जीता पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी का खिताब

**नई दिल्ली।** मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने श्याम लाल कॉलेज को कांटे की टक्कर में पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से पराजित कर पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग खिताब जीत लिया है। महिला वर्ग का खिताब दिल्ली यूनिवर्सिटी एल्युमिना ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज को 4-3 से हरा कर अपने नाम किया। फाइनल मैच में निर्धारित समय तक श्याम लाल कॉलेज और खालसा कॉलेज के बीच मुकाबला रोमांचक संघर्ष में 2-2 की बराबरी पर रहा। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट हुआ, जिसमे खालसा कॉलेज 3-2 से जीत गया। खालसा कॉलेज की ओर से मोहित, पवन, अंकित ने गोल किए और श्याम लाल कॉलेज से जितेश और नवीन ने गोल किए। इस मैच का प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड खालसा के खिलाड़ी दानिश अंसारी को मिला। टूर्नामेंट का बेस्ट गोलकीपर का अवॉर्ड खालसा कॉलेज के ऋषभ को मिला, बेस्ट फुल बैक का अवॉर्ड खालसा कॉलेज के हर्ष तेवतिया, बेस्ट मिड फील्डर का अवॉर्ड श्याम लाल कॉलेज के नवीन बिधूड़ी, बेस्ट फॉरवर्ड का अवार्ड हंसराज कॉलेज के सागर और मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का अवॉर्ड श्याम लाल कॉलेज के प्रियांशु को मिला।

### लंदन मैराथन ने सबसे अधिक फिनिशरों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**लंदन।** लंदन मैराथन 2025 ने अपने 45वें संस्करण के दौरान मौसम गर्म रहने के बावजूद फिनिशरों की संख्या के लिए एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। रविवार शाम को 26.2 मील की दूरी तय करने वाले धावकों की संख्या ने गत नवंबर में न्यूयॉर्क मैराथन द्वारा स्थापित 55,646 के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। रात को यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। लंदन मैराथन इवेंट्स के मुख्य कार्यकारी ह्यूग ब्रेशर ने कहा कि टीसीएस लंदन मैराथन दुनिया की सबसे बड़ी मैराथन है, और अब यह आधिकारिक तौर पर दुनिया की सबसे बड़ी मैराथन है। आज की भावनाओं को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। सड़कों पर खड़े लाखों लोगों का समर्थन अभूतपूर्व रहा है और यह उन प्रतिभागियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जो इतने सारे अच्छे उद्देश्यों के लिए दौड़ रहे हैं।

# अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट की आज से शुरुआत

- टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर पर एयर मार्शल बीके गर्ग शामिल होंगे



**चंडीगढ़,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। मार्शल ऑफ द एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट-2025 के छठे संस्करण की शुरुआत मंगलवार यानि आज से होगी। डीजी एडमिन वीएसएम, एयर मार्शल एस शिवकुमार ने चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर पर एयर मार्शल बीके गर्ग शामिल होंगे, जबकि समापन पर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के शिरकत करने की उम्मीद है। डीजी एडमिन वीएसएम, एयर मार्शल एस शिवकुमार ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि हॉकी टूर्नामेंट कल (मंगलवार) से शुरू होगा, जो 6 मई तक चलेगा। एओसीएनसी, मेंटेनेंस कमांड, एयर मार्शल वी.के. गर्ग टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। यह टूर्नामेंट लीग स्टेज में राउंड-रॉबिन प्रारूप में होगा, उसके बाद नॉकआउट राउंड भी होंगे। फाइनल मैच 6 मई को होगा। उम्मीद है कि टूर्नामेंट के समापन समारोह में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह शिरकत करेंगे। इस अवसर पर वह फाइनल जीतने वाली टीम और रनर अप टीम को पुरस्कार भी देंगे। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि मार्शल ऑफ द एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट-2025 सफल साबित होगा और साथ ही सभी टीमें अच्छा खेल दिखाएंगी। इस बार बांग्लादेश एयरफोर्स की टीम भी इसमें हिस्सा लेगी, बाकी तीनों सेनाओं से भी टीमें टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। बता दें कि 1965 के भारत-पाक युद्ध के नायक के रूप में प्रसिद्ध अर्जन सिंह, केवल एक सैनिक नहीं, बल्कि सच्चे राष्ट्रभक्त थे, जिन्होंने अपनी अंतिम सांस तक अनुशासन और समर्पण की मिसाल कायम की थी। 1938 में, अर्जन सिंह ने 19 साल की उम्र में रॉयल एयर फोर्स क्रैनवेल में ट्रेनिंग के दौरान भारतीय कैडेट्स के बैच में टॉप किया था।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.521 |
| 2- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | +1.104 |
| 3- | मुंबई इंडियंस | 10 | 6 | 4 | 10 | +0. 889 |
| 4- | दिल्ली कैपिटल | 9 | 6 | 3 | 12 | +0. 482 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 9 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.325 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 9 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 4 | -1.103 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.625 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -1.302 |

| SENSEX | BSE | 80218.37 ▲ 1005.84 | NSE | 24328.50 ▼ 289.15 | MCX | Gold 94937 ▼ 55 | silver 95958 ▼ 483 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|



**एक्सिस बैंक में बड़ी छंटनी, नौकरी से निकाले जाएंगे 100 सीनियर स्टाफ**

**नई दिल्ली।** देश में प्राइवेट सेक्टर के तीसरे सबसे बड़े बैंक एक्सिस बैंक में कर्मचारियों की छंटनी होने वाली है. इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बैंक ने अपने कई कर्मचारियों को जॉब छोड़ने की बात कही है. यह छंटनी बैंक के रेगुलर अप्रेजल प्रॉसेस का हिस्सा है, जिसमें परफॉर्मेंस के आधार पर स्टाफ को रिवॉर्ड दिया जा रहा है या उनका प्रोमोशन कराया जा रहा है या छंटनी की जा रही है. रिपोर्ट के मुताबिक, बैंक ने अपने 100 से ज्यादा सीनियर स्टाफ को नौकरी छोड़ने की बात कही है.



# भारत की सख्ती से पाक में दवा से लेकर खाद की भारी किल्लत

***नई दिल्ली।*** *कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 निर्दोष और निहत्थे सैलानियों का धर्म पूछकर उन्हें गोली मार दी थी। इस आतंकी हमले में सीधे तौर पर पाकिस्तान का हाथ है, जिसके बाद भारत सरकार ने पड़ोसी देश की इस हरकत के खिलाफ अभी तक कई कड़े फैसले ले चुका है। भारत के फैसलों से झल्लाया पाकिस्तान भी अपनी क्षमता के हिसाब से भारत के खिलाफ एक्शन ले रहा है। भारत ने पाकिस्तान के अटारी बॉर्डर को बंद कर दिया है। देश के इस फैसले से भारत और पाकिस्तान के बीच 3886.53 करोड़ रुपये का सीमा पार व्यापार रुक जाएगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के अनुमान के अनुसार, भारत और पाकिस्तान के बीच प्रत्यक्ष व्यापार बहुत कम है, लेकिन अप्रत्यक्ष माध्यमों से हर साल भारत का 10 अरब डॉलर का सामान पाकिस्तान पहुंचता है।*

**अमृतसर में स्थित है अटारी बॉर्डर**– पंजाब के अमृतसर में स्थित अटारी बॉर्डर के जरिए ही भारत और पाकिस्तान के बीच ज्यादातार व्यापार होता है। भारत द्वारा अटारी बॉर्डर बंद किए जाने के बाद पाकिस्तान ने भी हमारे साथ व्यापार को बंद कर दिया है। बताते चलें कि साल 2024 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला व्यापार 127 प्रतिशत की बंपर बढ़ोतरी के साथ 1.2 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया था। बाकी देशों की तुलना में ये आंकड़े बहुत कम हैं, लेकिन साल 2023 की तुलना में ये काफी ज्यादा है, क्योंकि 2023 में दोनों देशों के बीच सिर्फ 0.53 बिलियन डॉलर का ही व्यापार हुआ था।



**3 बिलियन डॉलर तक का होता था व्यापार** – 2019 में हुए पुलवामा आतंकी हमले से पहले दोनों देशों के बीच 3 बिलियन डॉलर तक का व्यापार होता था। भारत मुख्य रूप से पाकिस्तान को दवाइयां, दवा की सामग्रियां, चीनी, चाय, कॉफी, कपास, लोहा, स्टील, टमाटर, नमक, ऑटोमोटिव कॉम्पोनेंट्स और खाद भेजता है। वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान से भारत में मसाले, खजूर, बादाम, अंजीर, बेसिल और रोजमेरी हर्ब्स आदि आयात करता है। दोनों देशों के बीच व्यापार बंद होने से पाकिस्तान अन्य पड़ोसी देशों जैसे– यूएई, सिंगापुर और श्रीलंका के जरिए भारतीय सामान आयात करेगा।

**गरीबों पर बढ़ेगी महंगाई की मार**– दूसरे देशों के जरिए भारतीय सामान आयात करने से इनका ढुलाई खर्च बढ़ जाएगा, जिसका सीधा असर इस सामानों की कीमतों पर पड़ेगा और पाकिस्तान में मूलभूत चीजें महंगी हो जाएंगी। जिसका सीधा असर पाकिस्तान की गरीब जनता पर पड़ेगा। एक्सपर्ट्स का कहना है कि पाकिस्तान के फार्मा सेक्टर को झटका लग सकता है।

## बढ़ने लगे ड्राई फ्रूट्स के दाम

कारोबारियों के मुताबिक, ड्राई फ्रूट्स की आपूर्ति ठप होने के चलते बाजार में 10 से 15 फीसदी तक दाम बढ़ गए हैं। अगर स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो आने वाले एक महीने में ड्राई फ्रूट्स की कीमतें आसमान छू सकती हैं। दिल्ली के खारी बावली सहित देश की प्रमुख मंडियों में ड्राई फरूट्स की आपूर्ति अफगानिस्तान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ईरान और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से होती है। एक स्थानीय कारोबारी ने बताया कि अफगानिस्तान से सप्लाई पूरी तरह रुकने से मंडियों में हलचल मच गई है। इंटरनेशनल फ्रूट्स एंड नट्स ऑर्गनाइजेशन के डायरेक्टर रविंद्र मेहता ने कहा कि अटारी-वाघा बॉर्डर बंद होने से अफगानिस्तान से आने वाला करीब 90 प्रतिशत माल रुक गया है, जिसमें अंजीर, हींग, पिस्ता, किशमिश, जीरा और मुनक्का जैसे प्रमुख उत्पाद शामिल हैं। बीते कुछ दिनों में थोक बाजारों में अंजीर के दाम 200 रुपए प्रति किलो, पिस्ता के दाम 400-500 रुपए प्रति किलो, किशमिश और मुनक्का के दाम 100 रुपए प्रति किलो तक बढ़ चुके हैं। अनुमान है कि हालात बने रहे तो इनकी कीमतों में और तेजी आ सकती है। चूंकि फिलहाल सप्लाई अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, टर्की और ईरान से आ रही है, ऐसे में मांग बढ़ने से काजू, बादाम और अखरोट जैसे अन्य ड्राई फ्रूट्स की कीमतों में भी उछाल आने की संभावना जताई जा रही है। साथ ही, मिठाइयों में उपयोग होने वाले पिस्ते की कमी से मिठाइयों के दाम पर भी सीधा असर पड़ सकता है।

# पाकिस्तान से तनाव के बीच शेयर बाजार का जोश हाई

## सेंसेक्स 1006 अंक उछलकर 80 हजार के पार



**मुंबई।** पहलगाम अटैक के बाद पाकिस्तान से जारी टेंशन के बीच भारतीय शेयर बाजार ने सोमवार को जोरदार छलांग लगाई। बीएसई सेंसेक्स कारोबार के आखिर में 1005.84 अंक या 1.27 प्रतिशत की जोरदार उछाल के बाद 80,218.37 के लेवल पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई निफ्टी भी 289.15 अंक या 1.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 24328.50 के लेवल पर बंद हुआ। बाजार में आज जोरदार बढ़त से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल मार्केट कैप पिछले सत्र के मुकाबले लगभग 422 लाख करोड़ से बढ़कर लगभग ?426 लाख करोड़ हो गया। यानी निवेशक आज एक दिन के कारोबार में लगभग ?4 लाख करोड़ की बढ़ोतरी हो गई।

**क्यों उछला बाजार**– जानकारों का कहना है कि पिछले आठ दिनों में एफआईआई द्वारा की गई निरंतर खरीदारी है। एफआईआई ने अपनी निरंतर बिक्री रणनीति में नाटकीय बदलाव करते हुए निरंतर खरीदार की भूमिका निभाई है। इसके पीछे अमेरिकी शेयरों, अमेरिकी बॉन्ड और डॉलर का अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 2,952. 33 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। विदेशी निवेशकों ने पिछले सप्ताह देश के शेयर बाजारों में

## कौन से स्टॉक में रही ज्यादा हलचल

रिलायंस इंडस्ट्रीज 5.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ सेंसेक्स शेयरों में सबसे अधिक लाभ में रही। तेल से लेकर खुदरा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ में 2. 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो बाजार अनुमानों से अधिक है। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2. 29 प्रतिशत की तेजी आई, जब ऑटो प्रमुख ने एसएमएल इसुजु के 555 करोड़ रुपये के अधिग्रहण की घोषणा की। दूसरी तरफ, एसएमएल इसुजु लिमिटेड के शेयरों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई। सन फार्मा, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो और आईसीआईसीआई बैंक भी सेंसेक्स के लाभ में रहे। एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले और हिंदुस्तान यूनिलीवर पिछड़ गए।

# 95000 रुपए से नीचे लुढ़का सोने का भाव

## चांदी में भी गिरावट

***नई दिल्ली।*** *सप्ताह के पहले दिन सोने चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। खबर लिखे जाने के समय स्ब्ङ्ग पर आज (28 अप्रैल) सोने का भाव 94,910 रुपए, जबकि चांदी के भाव में 0.44 फीसदी की गिरावट आई है, ये 96,017 रुपए के करीब कारोबार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखी जा रही है।*

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना-चांदी के भाव**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव के भाव में नरमी देखने को मिल रही है। कॉमैक्स पर सोना 3,336.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 3,298.40 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 7.50 डॉलर की गिरावट के साथ 3,290.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव पिछले सप्ताह 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे। चांदी के वायदा भाव 33.02 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 33.01 डॉलर था। हालांकि खबर लिखे जाने के समय यह 0.28 डॉलर की गिरावट के साथ 32.73 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# निचले भाव पर खरीद बढ़ने से चने में तेजी, भाव एमएसपी से ऊपर पहुंचे

***नई दिल्ली।*** *चना की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है और इसके भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के ऊपर कारोबार कर रहे हैं। चना के भाव बढ़ने की वजह निचले भाव पर इसकी खरीद बढ़ना है। सीजन की शुरुआत में चना का उत्पादन बढ़ने के अनुमान से इसके भाव तेजी से गिरकर एमएसपी से नीचे चले गए थे। बाजार जानकारों के अनुसार चना के भाव में आगे तेजी की संभावना है।*

**कितना महंगा हुआ चना?**

इस समय दिल्ली में चना के भाव 5,750 से 5,800 रुपये चल रहे हैं। महीने भर में इसके भाव में 150 रुपये की तेजी आ चुकी है। पिछले महीने इसके भाव गिरकर एमएसपी से नीचे 5,450-5,500 रुपये तक चले गए थे। चना का एमएसपी 5,650 रुपये प्रति क्विंटल है। महाराष्ट्र की अकोला मंडी चना की अहम मंडी है। इस मंडी में



चना 6,025-6,050 रुपये बिक रहा है। महीने भर पहले यह 5,800-5,825 रुपये क्विंटल रहा था। इस तरह इस मंडी में चना के भाव 225 रुपये क्विंटल चढ़ चुके हैं।

**चना क्यों हो रहा है महंगा?**

कमोडिटी एक्सपर्ट और एग्रोकॉर्प इंटरनेशनल में रिसर्च हेड इंद्रजीत पॉल ने कहा कि नई फसल की आवक के समय चना के दाम काफी गिर गए थे। भाव एमएसपी से नीचे जाने के बाद इसकी मांग बढ़ने लगी। जिससे अब चना के भाव बढ़कर एमएसपी से ऊपर चल रहे हैं। सरकारी नीतियों से भी चना की कीमतों में तेजी को समर्थन मिला। केंद्र सरकार ने पिछले महीने चना के आयात पर 10 फीसदी शुल्क लगा दिया था। साथ ही शुल्क मुक्त पीली मटर के आयात की अवधि में समाप्त हो चुकी है। इन कारणों से भी चना की कीमतों में तेजी को बल मिला।

**आगे क्या रहने वाले हैं चना के भाव?**

बाजार जानकारों के अनुसार आगे चना की कीमतों में तेजी का रुख देखने को मिल सकता है। पॉल ने कहा कि अगले महीने तक चना के भाव 200 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ सकते हैं क्योंकि चना का स्टॉक कम है। इसलिए स्टॉकिस्ट इसकी खरीद बढ़ा सकते हैं।

## मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 03 |
| एक यूरो | 96. 62 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 113. 37 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 41 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 118 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 132 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-140 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97600 चांदी -99800

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97600 चांदी -99800

## दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एक्स्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।


## लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# चीन की इस कंपनी को खरीदने की रेस में अंबानी-मित्तल आमने-सामने

***नई दिल्ली।*** *एशिया के दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी एक बार फिर बड़ी डील की तैयारी में हैं। चीन के फास्ट फैशन ब्रांड के साथ करार के बाद अब अंबानी की नजर चाइनीज इलेक्ट्रॉनिक दिग्गज हायर पर है। जानकारी के मुताबिक, मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड भारत में हायर की हिस्सेदारी खरीदने की दौड़ में शामिल हो गई है। भारत में कारोबार विस्तार की योजना बना रही हायर, किसी भारतीय कंपनी के साथ साझेदारी करना चाहती है, जिसमें अब तक सुनील भारती मित्तल का नाम सबसे आगे था लेकिन अब इस रेस में अंबानी भी उतर आए हैं।*

**हायर इंडिया हिस्सेदारी बेचने की तैयारी में, रिलायंस की नजर**– हायर अप्लायंसेज इंडिया, जो एलजी और सैमसंग के बाद भारतीय बाजार में तीसरे स्थान पर है, अपनी 25 प्रतिशत से 51 प्रतिशततक हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। कंपनी का लक्ष्य एलजी मोटर्स की तरह एक ऐसा ढांचा बनाना है, जिसमें कोई भारतीय कंपनी सबसे बड़ी शेयरधारक हो। सूत्रों के मुताबिक हायर इंडिया का वैल्यूएशन 2 से



2.3 बिलियन डॉलर के बीच आंका गया है, जिसमें कंट्रोलिंग प्रीमियम भी शामिल है। पिछले साल के अंत से ही हायर, सिटी के साथ मिलकर बड़े फैमिली ऑफिस और प्राइवेट इक्विटी फंड्स से हिस्सेदारी बिक्री को लेकर बातचीत कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के बाद से चीनी कंपनियों का रुख बदल रहा है। अमेरिकी बाजार में बढ़ी लागत के चलते अब ये कंपनियां भारत में अपनी हिस्सेदारी बेचने और कारोबार बढ़ाने की रणनीति अपना रही हैं।

# भू-राजनीतिक तनाव रुपये ने दिखाया दम, 2 साल में सबसे मजबूत

***नई दिल्ली।*** *विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा और पूंजी प्रवाह जैसे मजबूत घरेलू बुनियादी कारकों के समर्थन से रुपया के मूल्य में वृद्धि हुई. विदेशी बैंकों की तरफ से सोमवार को अमेरिकी डॉलर की बिकवाली के चलते रुपये में जबरदस्त मजबूती देखी गई. भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद रुपये पिछले दो वर्षों में डॉलर के मुकाबले सबसे मजबूत हो गया. सुबह करीब 11 बजे 85.26 रुपये प्रति डॉलर पहुंच गया. पिछले कारोबारी सत्र में रुपये 85.45 पर बंद हुआ था.*

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार वृद्धि रुपये को स्थिरता देती है. हालांकि, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से रुपये पर दबाव पड़ सकता है क्योंकि इस तरह की भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं निवेशकों में डर पैदा करती है. इससे उभरते बाजारों से निकासी शुरू जो जाती है और रुपये जैसी स्थानीय मुद्राएं कमजोर होने लगती हैं. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.29 पर



खुला, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की बढ़त दर्शाता है. शुरुआती सौदों के बाद यह डॉलर के मुकाबले 85.42 के निचले स्तर पर आ गया. रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.41 पर बंद हुआ था. इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.63 पर रहा.अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत चढ़कर 67.02 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा. घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 426.00 अंक चढ़कर 79,638.53 अंक पर जबकि निफ्टी 144.55 अंक या 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,183.90 अंक पर रहा.

# वक्त पर पूरे करने हैं ऑर्डर, टैरिफ की चपेट में आई चीनी कंपनियां




अमेरिकी टैरिफ से कुछ चीनी कंपनियां इतनी बुरी तरीके से प्रभावित हुई हैं कि उन्हें अब भारत के एक्सपोटर्स से संपर्क करना पड़ रहा है ताकि वक्त पर उनका ऑर्डर पूरा हो सके और अपने अमेरिकी कस्टमर्स को वक्त पर सामानों की सप्लाई कर सके.

**कैंटन फेयर में भारतीय फर्मों से संपर्क कर रहीं चीनी कंपनियां**– 5 मई तक गुआंगजौ में चलने वाले कैंटन फेयर में कई भारतीय फर्मों से चीनी कंपनियों ने अपने अमेरिकी कस्टमर्स को सामानों की सप्लाई करने के लिए संपर्क किया. कैंटन फेयर दुनिया का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर है.

ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक, फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन के महानिदेशक अजय सहाय ने एक इंटरव्यू में कहा, ट्रेड फेयर में सामानों की बिक्री के बदले में भारतीय कंपनियां चीनी फर्मों को कमीशन देगी.

## इसलिए भारतीय निर्याताकों को मिल सकते हैं ज्यादा ऑर्डर

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगाए 145 परसेंट टैरिफ से अमेरिका में चीनी आयात प्रभावित हुई है. इसके विपरीत, भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामान पर फिलहाल 10 परसेंट टैक्स लगता है, जिसे जुलाई में बढ़ाकर 26 परसेंट कर दिया जाएगा क्योंकि ट्रंप के लगाए रेसिप्रोकल टैरिफ पर 90 दिनों की रोक की समयसीमा जुलाई में ही खत्म हो रही है. ट्रंप के पहले कार्यकाल में टैरिफ के निशाने पर आए कई चीनी एक्सपोटर्स ने दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का रूख किया था. इसके तहत वियतनाम में कारखाने बनाए गए थे या थाइलैंड जैसे देशों में शिपिंग की गई थी और फिर वहां से अमेरिका में सामान एक्सपोर्ट किया गया था. लेकिन अब वियतनाम जैसे देशों पर ही 46 परसेंट टैरिफ लगाए जाने के बाद भारतीय एक्सपोटर्स को ज्यादा ऑर्डर मिलने की संभावना है.

## कर रहीं भारतीय निर्यातकों से संपर्क

**देशबन्धु**
**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
**बिना ऑपरेशन**
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
**9827087838**

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com


छिन्दवाड़ा-पाढुर्णा के विकास को रफ्तार प्रदान करने वाले
लोकप्रिय युवा सांसद
श्री विवेक बंटी साहू
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्यः समस्त भाजपा कार्यकर्ता छिन्दवाड़ा एवं पाढ़ुर्णा संसदीय क्षेत्र


देशबन्धु 68 वर्ष
हर सुबह आपका दोस्त अखबार
देशबन्धु संस्करण को
68 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
॥ संस्कृति ॥ TM
traditional wear


KRISHNA AVTAR
MALL
Opening
THIS
30 APRIL 2025
IN THE HEART OF
SANSKARDHANI
ENTER THE CITY'S NEWEST HUB FOR
FASHION, FOOD, AND FUN!
LASER PROJECTION CINEMA
PVR
A PVR INOX EXPERIENCE
INDIA'S LEADING MULTI BRAND STORE
LIFESTYLE
PRIME BRANDS COLLECTIVE
AVAILABLE BRANDS
FOOD BRANDS
UPCOMING BRANDS
ADDRESS/ KRISHNA AVTAR MALL, NAUDRA BRIDGE, JABALPUR


देशबन्धु 68 वर्ष
हर सुबह आपका दोस्त अखबार
देशबन्धु संस्करण को
68 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अभिजीत कुमार रंजन
पुलिस अधीक्षक, कटनी